* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

* पटना संस्करण

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 36 * अंक : 184 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, सोमवार, 1 दिसम्बर 2025 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के पुत्र ने 22 जोड़ों के साथ सांवराखेड़ी में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में लिए सात फेरे

## संक्षिप्त समाचार

### थानाध्यक्ष निलंबित

**छपरा(नबिटा ब्यूरो)।** सारण जिले के बनियापुर थाना में पदस्थापित थाना प्रभारी दिनेश कुमार यादव को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने थाना प्रभारी विनोद कुमार यादव को निलंबित करने के साथ ही लाइन हाजिर कर उनसे 07 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### हर्ष फायरिंग में दूल्हे की मौत

**खगड़िया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कुतुबपुर गांव में उस समय कोहराम मच गया जब बारात में निकाह की रस्म चल रही थी और हर्ष फायरिंग के दौरान दूल्हे को गले में गोली लग गई। गंभीर रूप से घायल दूल्हे को तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। यह हादसा गांव में ही आयोजित शादी समारोह में हुआ जहां दूल्हा और दुल्हन दोनों कुतुबपुर के रहने वाले थे। मृतक दूल्हे का नाम मोहम्मद इरशाद था जो कुतुबपुर निवासी मोहम्मद इबरान का पुत्र था।

### महिला ने फोटोग्राफर पर पेट्रोल छिड़क लगाई आग

**लखीसराय(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के कबैया थाना क्षेत्र के नया बाजार स्थित डॉ. सुरेश शरण गली में रविवार को एक दर्दनाक घटना में मानसिक रूप से बीमार एक महिला ने स्टूडियो में बैठे फोटोग्राफर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। इससे संसार पोखर निवासी रामावतार राम के फोटोग्राफर पुत्र छोटू कुमार गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद उन्हें आसपास के लोगों की सहायता से तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

### सड़क हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** मनुआपुल थाना क्षेत्र के पतरखा-नौरंगिया रोड पर ब्रह्म स्थान के पास सड़क हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शनिवार को दोनों योगापट्टी के हरपुर गांव एक दोस्त की शादी में गए थे और वहां से लौट रहे थे। इसी दौरान ब्रह्म स्थान के पास बाइक बेकाबू होकर पेड़ से टक्करा गई, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बैरिया थाना क्षेत्र के गजरवा बाजार वार्ड संख्या-1 निवासी शंभू धागड़ के पुत्र संदीप कुमार और संजय धागड़ के पुत्र रामबाबू कुमार के रूप में हुई है। दोनों चचेरे भाई थे।

### मनचलों से तंग आकर छात्रा ने की आत्महत्या

**समस्तीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र के मदुदाबाद बाजार मे मनचलों से तंग आकर इंटर की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कुछ मनचले युवक हमेशा इस छात्रा को तंग किया करता था। इस घटना से तंग आकर छात्रा अपने कमरे में गई और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

20 वर्षों बाद मुख्यमंत्री ने किया बिहार के मशहूर हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला का निरीक्षण

# सोनपुर मेला छोटे व्यापारियों व कारीगरों के लिए रोजगार का बड़ा मौका : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 20 वर्षों बाद रविवार को बिहार के मशहूर हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला का निरीक्षण किया। उन्होंने मेले के मैदान, प्रदर्शनी, स्टॉलों और सफाई-सुरक्षा की व्यवस्था को देखा और अधिकारियों को सभी सुविधाएं बेहतर करने के निर्देश दिए। सीएम ने आपदा प्रबंधन विभाग, आर्ट एंड क्राफ्ट ग्राम, महिला एवं बाल विकास निगम, जीविका आदि के स्टॉलों पर जाकर वहां रखे उत्पादों और स्थानीय कारीगरों से बात की। स्टॉलों के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न उत्पादों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने जीविका दीदियों एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के



लाभार्थियों को सहायता राशि का चेक प्रदान किया। कई विक्रेताओं और निर्माताओं ने बताया कि सरकार की योजनाओं से उन्हें व्यवसाय बढ़ाने में काफी मदद मिल रही है। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से मिल रहे सहयोग के लिए सीएम को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की मदद से महिलाएं आज आत्मनिर्भर बन रही हैं। इसी दौरान सीएम ने जीविका दीदियों और अन्य लाभार्थियों को सहायता राशि के चेक भी दिए। निरीक्षण के समय सीएम ने कहा कि सोनपुर मेला सिर्फ परंपरा नहीं बल्कि हजारों छोटे व्यापारियों और कारीगरों के लिए रोजगार का बड़ा मौका है। यह मेला स्थानीय उत्पादों को पूरे देश तक पहुंचाने का माध्यम बन गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मेले में आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। बता दें कि गंगा और गंडक नदी के किनारे लगने वाला यह मेला धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से बेहद खास माना जाता है। लोग यहां पहुंचकर हरिहरनाथ मंदिर में पूजा करते हैं। यह देश का सबसे बड़ा पशु मेला भी है जहां घोड़े, ऊंट, गाय, भैंस, कुत्ते, तोते और कई अन्य पशु-पक्षियों की खरीद-बिक्री होती है। मेले में रोज घुड़दौड़, कुश्ती जैसे कार्यक्रम और शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं।

# पांच आइएएस अधिकारियों का तबादला मिहिर कुमार सिंह बने विकास आयुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने रविवार शाम प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फैसला लेते हुए पांच वरिष्ठ आइएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। साथ ही दो अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। जारी आदेश के अनुसार मिहिर कुमार सिंह (1993 बैच), अपर मुख्य सचिव, उद्योग विभाग अब विकास आयुक्त बनाए गए हैं। एस सिद्धार्थ हाल ही में रिटायर हुए हैं, जिसके बाद इन्हें जिम्मा सौंपा गया है। सीके अनिल (1991 बैच) को बिहार राज्य योजना परिषद से स्थानांतरित करते हुए प्रमुख सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बनाया गया है। वहीं दीपक कुमार सिंह (1992 बैच), जो ग्रामीण कार्य विभाग में अपर मुख्य सचिव थे, उन्हें स्थानांतरित कर महानिदेशक-जांच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग का जिम्मा सौंपा गया है। कुन्दन कुमार (2004 बैच) को नई दिल्ली स्थित



बिहार भवन से स्थानांतरित कर सचिव, उद्योग विभाग बनाया गया है। आदेश के मुताबिक वे अपने पूर्व पदों का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। इधर दूसरी अधिसूचना में संजय कुमार सिंह (2007 बैच) को वाणिज्य-कर विभाग का सचिव बनाया गया है। कौशल किशोर (2010 बैच) को दरभंगा प्रमंडल का प्रमंडलीय आयुक्त नियुक्त किया गया है। वहीं राज कुमार (2010 बैच) को मुजफ्फरपुर से स्थानांतरित कर परिवहन विभाग में सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

# एक्सपायर वीजा से गया में दाखिल हुई सात विदेशी महिलाएं, एयरपोर्ट पर सख्ती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार में सात विदेशी महिला एक्सपायर वीजा लेकर दाखिल हुई है। सभी को गया एयरपोर्ट पर रोक लिया गया है। एयरपोर्ट प्रभारी निदेशक के अनुसार मलेशिया के 5, सिंगापुर और थाईलैंड के दो यात्री हैं। सभी थाई एयर एशिया और थाई एयरवेज विमान से गया पहुंचे थे। इनके पास एक्सपायर वीजा है। सभी महिला यात्री को एयरपोर्ट में रोका गया है। इमिग्रेशन डिपार्टमेंट के द्वारा इन सभी यात्रियों को एक्सपायर वीजा के साथ पाए जाने के बाद गया एयरपोर्ट से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी गई। इमिग्रेशन काउंटर पर छानबीन के दौरान यह मामला सामने आते ही कार्रवाई की गई। माना जा रहा है कि इन सभी को वापस थाईलैंड भेजा जाएगा या फिर वैकल्पिक कार्रवाई की जाएगी। पिछले तीन दिनों में 19 विदेशी यात्रियों को रोका जा चुका है। ये सभी या तो बिना वीजा या फिर एक्सपायर वीजा के साथ पहुंचे थे। 12 कंबोडियाई यात्रियों को बीते गुरुवार को रोक दिया गया था। ये सभी विशेष चार्टड विमान से कंबोडिया से गया एयरपोर्ट पहुंचे थे। उस चार्टर्ड विमान से डेढ़ सौ यात्री आए थे जिसमें 12 के पास वैध वीजा नहीं था। इन कंबोडियाई यात्रियों में सात महिलाएं और पांच बौद्ध भिक्षु थे। चार्टड विमान के उसी दिन वापसी को प्रस्थान कर जाने के बाद गया एयरपोर्ट प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर कार्रवाई के तहत इन सभी को टीएलपी प्रदान किया है। टेंपरेरी लिविंग परमिट के तहत इन्हें सात दिनों के भीतर वापस कंबोडिया लौटना होगा। लगातार इस तरह के मामले आने के बाद गया एयरपोर्ट पर चौकसी बढ़ा दी गई है। जानकारी के अनुसार इन सभी के खिलाफ कम से कम दो-दो लाख का जुर्माना वसूली की कार्रवाई की जा सकती है।

### बिहार विधानसभा चुनाव के बाद आज से पहला शीतकालीन सत्र

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के बाद पहला शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। सत्र शुरू होने से पहले विधानसभा भवन को फूलों से सजाया गया है। इस सत्र को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। चुनाव के बाद पहली बार नए सदस्य विधानसभा भवन पहुंचेंगे। ऐसे में नवनिर्वाचित विधायकों और मंत्रियों के स्वागत की भी तैयारी है। सोमवार को सभी नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ ग्रहण भी कराया जाएगा। पहले दिन ही दोपहर में नये विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन होगा। भाजपा के डॉ. प्रेम कुमार विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन के अगले दिन दो दिसंबर को एक से अधिक नामांकन होने की स्थिति में अध्यक्ष पद का चुनाव होगा।

# बेलगाम ट्रक ने ली पांच लोगों की जान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जिले के केवटी प्रखंड अंतर्गत दीपउ मोड़ के पास रविवार की दोपहर बेलगाम ट्रक ने कई लोगों को कुचल दिया। इस घटना में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि मोड़ के पास एक दर्जन बाइक सवार सड़क पार करने के लिए इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर तोड़ते हुए लोगों को रौंद दिया। टक्कर लगते ही लोग इधर-उधर बिखड़ गए। करीब आठ बाइक सवार को टक्कर लगी जिनमें पांच लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। गंभीर रूप से घायल संजय कुमार को स्थानीय लोगों



की मदद से इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। संजय कुमार पिताजी राजा तिवारी, सीतामढ़ी के निवासी हैं और अरेराज में अपने रिश्तेदारों के यहां से बाइक पर सीतामढ़ी लौट रहे थे। हादसे के बाद आसपास के स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने घटनास्थल पर जमा होकर राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया। मामला गंभीर होने से ट्रैफिक प्रभारी और पुलिस प्रशासन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। मृतकों की पहचान गढ़वा खजुरिया निवासी आतिफ, कैफ, पांडेय टोला करारिया में सिलाई का कार्य करने वाले अशोक कुमार, केसरिया थाना के बेतिया वंसत निवासी नितेश पटेल के अलावा एक अन्य शामिल है। एक मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने ट्रक चालकों की लापरवाही और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के खिलाफ आवाज उठाई। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### सीएम नीतीश ने जताया शोक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्वी चम्पारण जिले के एनएच-27 पर दिपउ मोड़ के पास सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने इस घटना को काफी दुखद बताया है। सीएम ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# दो आइएएस अधिकारियों की बढेंगी मुश्किलें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के दो आइएएस अधिकारियों 2014 बैच की अभिलाषा शर्मा और 2017 बैच के योगेश कुमार सागर की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। स्पेशल विजिलेंस यूनिट ने राज्य सरकार से इन दोनों अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी है। सरकार से अनुमति मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू होगी। प्रवर्तन निदेशालय ने एसवीयू को ठेकेदार रिशुश्री के आवास पर मिले डिवाइस से आयी जानकारी के आधार पर अभिलाषा शर्मा और योगेश कुमार सागर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया है। इस संबंध में एसवीयू के एडीजी पंकज कुमार दराद ने कहा कि कि सरकार को इडी से आयी पूरी जानकारी भेजी गयी है। उम्मीद है कि जल्द ही सरकार का जवाब आ जायेगा। सरकार से अनुमति मिलने के बाद अगली कार्रवाई की जायेगी। जानकारों के मुताबिक इडी की रडार पर आये इन दोनों अधिकारियों को सरकार पहले नोटिस जारी कर जवाब मांग सकती है। जवाब से संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकेगी। अभिलाषा शर्मा फिलहाल ग्रामीण विकास विभाग में जीविका की सीइओ और मनरेगा आयुक्त के पद पर हैं। इनके आवास पर करीब दस लाख रुपये का बागवानी का भुगतान रिशुश्री और उसकी कंपनी के द्वारा किया गया है। इसके साथ ही इडी को इनके रिश्तेदारों को गोवा, दिल्ली और हैदराबाद घुमाने तथा इस पर आने वाले खर्च को रिशुश्री के द्वारा भुगतान करने की डिजिटल साक्ष्य मिला है। अभिलाशा शर्मा को रिशुश्री की ओर से महंगे उपहार जिनमें आइफोन दिये जाने के भी सबूत मिले हैं जबकि समाज कल्याण विभाग में कार्यरत आइएएस अधिकारी योगेश कुमार सागर के आठ रिश्तेदारों को ऑस्ट्रिया ट्रिप पर ले जाने तथा वहां उनकी आवभगत पर आये खर्च को भी रिशुश्री की कंपनी द्वारा भुगतान करने के डिजिटल साक्ष्य मिले हैं। दोनों अधिकारियों के ऊपर रिशुश्री द्वारा चालीस लाख से अधिक का खर्च किया गया है। आइजी पंकज दराद ने कहा कि रिशुश्री का कनेक्शन आइएएस अधिकारी संजीव हंस मामले से जुड़ा है। इसी मामले में एसवीयू और इडी को रिशुश्री की तलाश है। इडी ने पिछले दिनों रिशु श्री के आवास पर जब्त डिवाइस की जांच शरू की थी। जांच में यह सब तथ्य सामने आये हैं। इसी आधार पर इडी ने राज्य सरकार की एसवीयू को पीएमएलए के तहत दोनों अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज कराने को कहा है।

# अनियंत्रित ट्रक ने दो भाइयों को रौंदा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अरवल।** जिले के मेहंदिया थाना अंतर्गत बेलसार-सोहसा पथ पर मैनपुरा मोड़ के पास रविवार सुबह को सड़क दुर्घटना में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। एक अनियंत्रित ट्रक ने उनकी स्कूटी को रौंद दिया जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान सोहसा गांव निवासी गफ्फार मियां के पुत्र कलाम अंसारी और कयूम अंसारी के रूप में हुई है। कलाम अंसारी कलेर में दर्जी का काम करते थे जबकि उनके भाई कयूम अंसारी बेलसार में घर बनाकर रहते थे और लुधियाना में कार्यरत थे। दोनों भाई सोहसा में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद लूना पर सवार होकर घर लौट रहे थे। मैनपुरा मोड़ पर बालू लोड करने बालाघाट जा रहे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और आक्रोशित होकर सड़क जाम कर दिया। मेहंदिया और कलेर थाना की पुलिस टीमें तत्काल घटनास्थल पर पहुंचीं। मेहंदिया थाना प्रभारी चंदन कुमार झा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौत हुई है और मामले की जांच की जा रही है। बीडीओ मनोज कुमार, प्रखंड प्रमुख सिराज आलम और थाना प्रभारी चंदन कुमार झा ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर लगभग चार घंटे बाद जाम खुलवाया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। परिजनों को सरकारी प्रावधानों के अनुसार हर संभव मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

# रालोमो की प्रदेश से जिला तक सभी इकाइयों को किया भंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) में बड़े संगठनात्मक बदलाव किए गए हैं। पार्टी की प्रदेश इकाई, सभी जिला इकाइयों और प्रकोष्ठों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। यह निर्णय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता में यहां हुई कोर कमेटी की बैठक में लिया गया। संगठन में नई ऊर्जा और नई संरचना को आकार देने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता फजल इमाम मल्लिक ने बताया कि फिलहाल संगठन को सुचारू रूप से चलाने के लिए पांच सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया गया है। समिति की जिम्मेदारी पार्टी के सभी कार्यक्रमों और गतिविधियों के संचालन से लेकर अंतरिम संगठनात्मक प्रबंधन तक रहेगी। समिति का संयोजक मदन चौधरी को बनाया गया है। सुभाष चंद्रवंशी, प्रशांत पंकज, हिमांशु पटेल और आरके सिन्हा को सदस्य नामित किया गया है। संचालन समिति नई संगठनात्मक संरचना के गठन तक पार्टी की कमान संभालेगी और प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक नई टीम के गठन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी। उपेन्द्र कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई बैठक में माधव आनंद, आलोक सिंह, रामपुकार सिन्हा, जंगबहादुर सिंह, अंगद कुशवाहा और स्मृति कुमुद सहित अन्य नेता उपस्थित रहे।

# भारत ने खाद्यान्न उत्पादन में बनाया ऐतिहासिक रिकॉर्ड : पीएम मोदी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत ने 2025 में 357 मिलियन टन अनाज पैदा करके एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। ये देश की खेती के विकास में एक अहम मील का पत्थर होगा। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 128वें एपिसोड में देश को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पिछले दस सालों में भारत का खाद्यान्न उत्पादन 100 मिलियन टन बढ़ा है। ये खेती में आत्मनिर्भरता की तरफ देश की लगातार बढ़ती रफ्तार को दिखाता है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने कृषि क्षेत्र में बड़ी कामयाबी हासिल की है। भारत ने 357 मिलियन टन अनाज पैदा करके एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। 10 साल पहले के मुकाबले भारत का अनाज प्रोडक्शन 100 मिलियन टन बढ़ गया है। तमिलनाडु के कोयंबटूर में प्राकृतिक खेती प्रदर्शनी को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक खेती अपनाने वाले युवाओं की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैं प्राकृतिक खेती पर एक बड़ी कॉन्फ्रेंस में शामिल होने



के लिए कोयंबटूर गया था। मैं साउथ इंडिया में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की कोशिशों से बहुत प्रभावित हुआ। बहुत सारे युवा, अत्यधिक योग्य पेशेवर अब प्राकृतिक खेती को अपना रहे हैं। इससे पहले 19 नवंबर को पीएम मोदी ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में पीएम-किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त लाभार्थियों को जारी की। साथ ही प्राकृतिक खेती प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने कोयंबटूर में दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने स्थानीय किसानों से मुलाकात की। उनसे बातचीत की और प्रदर्शनी देखी। इसमें अलग-अलग खेती के उत्पाद दिखाए गए थे। साथ ही एक कोने में पौधों और फसलों के विकास को भी दिखाई गई थी। तमिलनाडु के गवर्नर आर एन रवि भी प्रधानमंत्री के साथ थे। दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती शिखर सम्मेलन 2025, 19-21 नवंबर तक हुआ। इसका आयोजन तमिलनाडु प्राकृतिक खेती के हितधारकों की ओर से किया गया था। सम्मेलन का मकसद टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल, रसायन मुक्त कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना था। इसके साथ ही पर्यावरण के अनुकूल और रसायन मुक्त कृषि पद्धतियों के तरीकों को बढ़ावा और आर्थिक रूप से टिकाऊ मॉडल को अपनाने पर जोर देना था। एक व्यवहार्य के रूप में प्राकृतिक और खेत की खोई उर्वरता को फिर से प्राप्त करने ओर बदलाव को तेज करने पर भी जोर दिया गया।

### बिहार के पांच जिलों में होगी बालू घाटों की नीलामी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के प्रत्येक जिलों में निर्माण कार्यो में बालू की पर्याप्त उपलब्धता रहे और बालू का संकट न हो, सरकार इसके लिए प्रयासरत है। सरकार की तमाम कोशिशों के बाद भी प्रदेश के पांच जिले ऐसे हैं जहां बड़ी संख्या में बालू घाटों का बंदोबस्त नहीं हुआ है। अब सरकार ने सख्ती बरतते हुए वैसे जिले जहां घाटों का बंदोबस्त नहीं हुआ है उन जिलों में प्राथमिकता के आधार पर बंदोबस्त की पहल की है। खान एवं भू-तत्व विभाग के अनुसार प्रदेश के पांच जिले पूर्णिया, वैशाली, सारण, गोपालगंज के साथ ही सुपौल में बालू घाटों की बंदोबस्त की गति काफी धीमी है। सरकार के स्तर पर बालू घाटों का प्रबंधन न होने की वजह से ऐसे घाटों पर बालू माफिया सक्रिय हो जाते हैं और अवैध तरीके से नदियों से बालू का व्यापक खनन करते हैं। माफिया की ऐसी गतिविधियों से सरकार को काफी राजस्व का नुकसान उठाना होता है।

### कृषि मंत्री ने पटना सिटी जल्ला के बाहरी धवलपुरा में किसान चौपाल में की सहभागिता

# किसी भी कीमत पर किसानों को परेशान नहीं होने दूंगा : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने आज पटना सिटी के जल्ला क्षेत्र के बाहरी धवलपुरा में आयोजित किसान परिचर्चा-किसान चौपाल में सहभागिता की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने उपस्थित होकर मंत्री का स्वागत किया और अपनी समस्याएं सीधे उनके समक्ष रखीं।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में कृषि विकास, किसान सुरक्षा और किसान सम्मान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 'किसानों को किसी भी कीमत पर परेशान नहीं होने दिया जाएगा। किसानों की पीड़ा मेरी अपनी पीड़ा है और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।' उन्होंने बताया कि प्याज उत्पादन में बिहार देश में चौथे स्थान पर है तथा प्याज, आलू एवं सब्जी जल्ला क्षेत्र के मुख्य कृषि उत्पाद हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की चुनौतियों से वे पहले से परिचित हैं और इनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। किसान चौपाल के दौरान किसानों ने सामूहिक रूप से कृषि मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें मुख्य रूप से नहर का पक्कीकरण, नेशनल हाईवे के नीचे अंडरपास निर्माण, जलजमाव की समस्या के स्थाई समाधान, समय पर बीज-उर्वरक-कीटनाशक उपलब्धता, सब्जी विक्रय केंद्र की स्थापना और सिंचाई हेतु नियमित बिजली आपूर्ति जैसी महत्वपूर्ण मांगें शामिल थीं। मंत्री ने ज्ञापन में उठाए गए सभी बिंदुओं को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि जल्ला क्षेत्र की इन समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों से जुड़े हर मुद्दे पर सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर किसान आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण मेहता, स्थानीय विधायक रत्नेश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में किसान और कृषि अधिकारी उपस्थित थे।

# बिहार में सड़क किनारे खड़े वाहनों को जब्त करेगी सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रदेश में सड़क प्रतिदिन कहीं न कहीं दुर्घटनाएं होती रहती हैं। सिर्फ वर्ष 2024 में राज्य में प्रत्येक दिन 32 सड़क दुर्घटनाएं हुई। बावजूद लोग वाहन चलाने में अतिरिक्त सावधानी नहीं रखते। सरकार के स्तर पर दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में नवनियुक्त परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए बड़ी पहल की है। परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने चार पहिया वाहनों को सड़क किनारे लापरवाही से खड़े करके छोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। मंत्री ने रविवार को कहा कि कोई भी चार पहिया या इससे अधिक पहिये वाले वाहन चाहे वह कार, ट्रक, ट्रैक्टर या बस कुछ भी हो, यदि सड़क किनारे दो दिन या उससे अधिक समय तक खड़ा पाया गया, तो चालक और वाहन मालिक दोनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को ऐसे वाहन चालकों और वाहन मालिकों पर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। इसमें भारी जुर्माना, वाहन जब्ती और लाइसेंस निलंबन जैसी सजाएं शामिल हैं। ठंड के मौसम में घना कोहरा छाया रहता है जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भारी इजाफा होता है। सड़क किनारे खड़े लावारिस वाहन दृश्यता कम होने के कारण हादसों का प्रमुख कारण बन जाते हैं। कई बार तेज रफ्तार वाहन इन खड़े ट्रकों से टकरा जाते हैं, जिससे जान जाने का खतरा रहता है। इन दुर्घटनाओं से बचने के लिए विभाग तैयारी कर रहा है।

# हार की हताशा से बाहर निकल कर सकारात्मक भूमिका निभाए विपक्ष : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि हार की हताशा से बाहर निकल कर बिहार के विपक्ष को विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में सकारात्मक भूमिका का निर्वाह करना चाहिए। विपक्ष हार के बाद भी पुरानी मानसिकता से बाहर नहीं निकल रहा है। एनडीए सरकार की प्राथमिकता बिहार का चतुर्दिक विकास है। विगत जनादेश का स्पष्ट संकेत भी यही है। श्री पाण्डेय ने कहा कि हाल में ही सम्पन्न हुए बिहार विधान सभा के चुनाव में बिहार की जनता ने एनडीए को अपार समर्थन देकर एक मजबूत और स्थिर सरकार के गठन का सुअवसर दिया है। एनडीए को मिली शानदार सफलता एक तरह से बिहार के 14 करोड़ लोगों की अपेक्षा और आकांक्षा की जीत है। बिहार के लोगों ने केंद्र और राज्य सरकार की विकासात्मक नीतियों और सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र पर अपना भरोसा जताया है। जनाकांक्षा को सम्मान देना विपक्ष का भी दायित्व है। विपक्ष को आत्मावलोकन जरूर करना चाहिए कि जनता ने उसपर भरोसा क्यों नहीं किया। श्री पाण्डेय ने कहा कि विगत के चुनाव परिणामों से विपक्ष को सबक लेने की भी जरूरत है। केवल नकारात्मक व अनर्गल आरोपों से जनता को भ्रमित करने की उसकी कोशिश सफल नहीं हो सकती है।

# डॉ. दिलीप जायसवाल ने नेताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री की 'मन की बात'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश अध्यक्ष सह उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल समेत कई नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के अलावा बिहार के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री सम्राट चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, प्रदेश संगठन महामंत्री भिखू भाई दालसानिया, विधायक विनोद नारायण झा भी भाजपा कार्यालय पहुंचे और 'मन की बात' को तन्मयता से सुना। रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 128वें एपिसोड को सुनने के बाद भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि उनके मन की बात से बहुत कुछ समझने, सीखने और जानने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने आज अपने 'मन की बात' में भारतीय नौसेना पर चर्चा की कि भारतीय नौसेना किस बहादुरी के साथ चर्चा में लगी हुई है। उन्होंने भूटान की भी चर्चा की। उन्होंने कहा 'वोकल फॉर लोकल' प्रधानमंत्री का सदैव स्लोगन रहा है कि भारत में बनी वस्तुओं का ही भारतवासी उपयोग करें। भारतीय खिलाड़ियों के बारे में भी उन्होंने विशेष चर्चा की। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से प्रेरणा मिलती है और देश के सुदूरवर्ती इलाकों की भी जब वे चर्चा करते हैं तो पूरे देश को एक साथ देखने की दिलचस्पी बढ़ती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 357 मिलियन टन के खाद्यान्न उत्पादन के साथ एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाने की भी जानकारी दी और कहा कि 10 साल पहले की तुलना में भारत का खाद्यान्न उत्पादन 100 मिलियन टन और बढ़ गया है। प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात में सर्दियों के दौरान 'वेड इन इंडिया' अभियान की बढ़ती लोकप्रियता की भी बात करते हुए कहा कि सर्दियों की सुनहरी धूप हो, पहाड़ से उतरते कोहरे की चादर हो, डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए पहाड़ भी अब खूब लोकप्रिय हो रहे हैं। कई शादियां अब खास तौर पर गंगा जी के किनारे हो रही हैं। उन्होंने इसके जरिए पर्यटन को बढ़ावा देने की भी बात की। उद्योग मंत्री डॉ. जायसवाल ने कहा कि पीएम मोदी ने आज के संस्करण में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के कार्यक्रम, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए डेस्टिनेशन वेडिंग, राम मंदिर पर धर्मध्वजा, रामबन सुलाई शहद और देश के अलग-अलग हिस्सों में बनने वाले शहद को लेकर बात की है। इतना ही नहीं उन्होंने इसे मधु क्रांति कहकर संबोधित किया।

# इन्दिरा आईवीएफ का बिहार के हाजीपुर में नया फर्टिलिटी क्लिनिक शुरू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** इन्दिरा आईवीएफ हॉस्पिटल लिमिटेड ने हाजीपुर में अपने नए फर्टिलिटी क्लिनिक का शुभारंभ किया है। यह कदम देशभर में रिप्रोडक्टिव हेल्थकेयर सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण प्रयास है। नया सेंटर सेकेण्ड फ्लोर, मंजू कॉम्प्लेक्स, विशाल मेगा मार्ट के पास, नवीन सिनेमा रोड, हाजीपुर (वैशाली) में आरम्भ किया गया है। यह क्लिनिक उन लोगों और दंपतियों को परामर्श, डायग्नोस्टिक और उपचार सेवाएं प्रदान करेगा जो अपने घर के नज़दीक ही फर्टिलिटी समाधान चाहते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हाजीपुर अवधेश सिंह और विधायक रोसरा बिरेंद्र कुमार तथां वैंटेज हुंडई हाजीपुर के मैनेजिंग डायरेक्टर अभिजीत कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इनके साथ ही कार्यक्रम मे इन्दिरा आईवीएफ बिहार हेड, पटना मेन ब्रांच सेंटर हेड डॉ. दयानिधि कुमार तथा इन्दिरा आईवीएफ हाजीपुर की सेंटर हेड डॉ. अनामिका भी मौजूद रही।

# वैशाली के प्राचीन जैन मंदिर में स्वर्ण कलश एवं ध्वज की भव्य स्थापना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**वैशाली।** बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के अंतर्गत वैशाली के ऐतिहासिक एवं प्राचीन जैन मंदिर में अत्यंत मंगलमय वातावरण के बीच स्वर्ण कलश एवं स्वर्ण ध्वज की स्थापना बड़े धूमधाम एवं श्रद्धा भाव से सम्पन्न हुई। यह आध्यात्मिक अनुष्ठान जैन मुनि सराककेशरी विशल्य सागर जी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित किया गया। मौके पर अलका दीदी एवं भारती दीदी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में देश के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मौके पर पटना, आरा, छपरा, मुजफ्फरपुर, मुंबई, मुरैना व वाराणसी सहित अनेक स्थानों से आए जैन समाज के श्रद्धालुओं ने इस पावन क्षण का साक्षात्कार किया और धर्मलाभ पाया। इस शुभ अवसर पर पटना के सुबोध जैन को स्वर्ण कलश चढ़ाने का तथा पटना के अजय जैन एवं एम.पी. जैन, डॉ गीता जैन तथा छपरा के राजेश जैन को स्वर्ण ध्वज स्थापित करने का विशिष्ट सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूरे धार्मिक अनुष्ठान का संचालन एवं विधि-विधान मुरैना के प्रतिष्ठाचार्य पंडित मुकेश जैन द्वारा सम्पन्न कराया गया जिन्होंने अत्यंत श्रद्धापूर्ण ढंग से पूजा-अर्चना एवं अभिषेक एवं यागमण्डल विधान करवाए। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय क्षण बताया। स्वर्ण कलश एवं ध्वज स्थापना को समुदाय ने जैन धर्म के उत्थान और मंदिर की गौरवशाली परंपरा के पुनरोद्धार का महत्वपूर्ण कदम बताया।

# चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों को सम्मानित करेंगे डॉ. दिलीप जायसवाल

### समारोह में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी रहेंगे मौजूद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा, एनडीए के उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद प्रदेश भाजपा ने चुनाव प्रबंधन समिति के सभी पदाधिकारियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने बताया कि पार्टी प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें चुनाव प्रबंधन समिति के सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समिति के पदाधिकारियों को सम्मानित करेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में चुनाव प्रबंधन समिति ने बेहतर कार्य कौशल का प्रदर्शन करते हुए पूरे चुनाव के दौरान बेहतर प्रबंधन किया है जिसके कारण एनडीए ने चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 202 सीटों पर जीत हासिल किया।

# जन-सामान्य में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा पटना स्थित एक विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में एक स्टॉल के माध्यम से जन-सामान्य में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता अभिवर्धित करने का प्रयास किया गया। नोट्रेडेम एकेडमी, पटना में 29-30 नवम्बर, 2025 तक आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राएं, शिक्षकगण, अभिभावकगण के अतिरिक्त दर्शकों के लिए यह स्टॉल आकर्षण का एक केन्द्र बना रहा। पर्षद् के वैज्ञानिकों द्वारा आगन्तुकों को स्टॉल पर प्रदर्शित परिवेशीय वायु की गुणवत्ता ज्ञात करने में प्रयुक्त पीएम10 एवं पीएम 2.5 तथा ध्वनि मापक यंत्रों के परिचालन के बारे में बताया गया। राज्य पर्षद् द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रकाशित 8 प्रकार के रंगीन फोल्डरों को जन-सामान्य के सूचनार्थ रखा गया था। स्टॉल में प्रदर्शित फ्लैक्स तथा परिसर में लगाये गये विभिन्न विषयों के स्टैंडी के माध्यम से जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अतिरिक्त राज्य पर्षद् की अपील का पुनः स्मरण कराया गया। हर रविवार को नो हार्न डे मनाएं एवं सप्ताह के अन्य दिनों बेवजह हार्न न बजाएं।

# संस्कृत विद्यालयों में आज मनायी जायेगी गीता जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अधीन संचालित सभी संस्कृत विद्यालयों में एक दिसंबर को गीता जयंती मनायी जायेगी। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों की सहभागिता के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने इस संबंध में सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि गीता जयंती भारतीय ज्ञान-परंपरा, अध्यात्म और नैतिक मूल्यों का महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे संस्कृत संस्थानों में विशेष रूप से मनाया जाना चाहिए। निर्देशानुसार सभी विद्यालयों में इस दिन भगवद्गीता के चयनित श्लोकों का सामूहिक पारायण कराया जायेगा। छात्र–छात्राएं, आचार्य और कर्मचारी मिलकर गीता अध्यायों का पाठ करेंगे। इसके साथ ही गीता के दार्शनिक, नैतिक और जीवनोपयोगी संदेशों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान भी आयोजित किया जायेगा, जिसमें कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग जैसे सिद्धांतों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला जायेगा। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक जीवन-दर्शन और मार्गदर्शन देने वाला अद्वितीय ग्रंथ है। विद्यालयों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने से विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा, भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्यों के प्रति रुचि बढ़ती है। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि कार्यक्रम शालीन, शैक्षणिक और प्रेरणादायक हो तथा अधिक से अधिक छात्रों की सहभागिता सुनिश्चित की जाये। कार्यक्रम के प्रतिवेदन एवं फोटो बोर्ड को भेजने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही गीता पारायण कार्यक्रम को विभिन्न सोशल मीडिया साइड पर भी प्रसारित करना होगा। बोर्ड ने विद्यालयों को कार्यक्रम आयोजन के लिए रूपरेखा भी भेजी है, जिसमें गीता श्लोक-पारायण, गीता महिमा पर व्याख्यान, छात्र भाषण प्रतियोगिता व गीता आधारित प्रश्नोत्तरी शामिल करने को कहा गया है।

# मनोज भावुक की पुस्तक 'भोजपुरी सिनेमा के इतिहास' को चौधरी कन्हैया सिंह सम्मान'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**छपरा (अमनौर)।** बिहार में सारण जिले के अमनौर में आयोजित 'अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन' में साहित्यकार और गीतकार मनोज भावुक की पुस्तक 'भोजपुरी सिनेमा के संसार' को 'चौधरी कन्हैया सिंह पुरस्कार' से नवाजा गया है। 28 से 30 नवंबर तक आयोजित तीन दिवसीय इस सम्मेलन में श्री भावुक को यह पुरस्कार बिहार के पर्यटन एवं कला-संस्कृति मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने प्रदान किया। इस सम्मेलन में बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पथ निर्माण नगर विकास मंत्री नितीन नवीन, सांसद मनोज तिवारी, फिल्म अभिनेत्री अक्षरा सिंह, कल्पना पटवारी, श्रम संसाधन मंत्री संजय सिंह टाइगर समेत देश-विदेश के लेखक, कवि, कलाकारों ने हिस्सा लिया। मनोज भावुक कृत 'भोजपुरी सिनेमा के संसार' भोजपुरी सिनेमा के इतिहास पर भोजपुरी भाषा में लिखी गई पहली किताब है। इस पुस्तक का प्रकाशन मैथिली-भोजपुरी अकादमी, दिल्ली ने किया है। इस पुस्तक में वर्ष 1931 से लेकर अब तक के भोजपुरी सिनेमा के सफर पर विहंगम दृष्टिपात है। इस पुस्तक के लेखक श्री भावुक वर्तमान में भोजपुरी साहित्य और सिनेमा की अभूतपूर्व सेवा कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि श्री भावुक सिर्फ भोजपुरी सिनेमा के इतिहासकार के साथ एक प्रतिष्ठित गीतकार भी हैं जिनके कई गाने लोकप्रिय काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। उनका एक गाना 'तोर बउरहवा रे माई' पिछले दिनों सोशल मीडिया पर काफी ट्रेंड हो रहा था। दरअसल भोजपुरी के संस्कार का ख्याल और सुसंस्कृत शब्दावली श्री भावुक को अन्य गीतकारों और लेखकों से अलग करती है।

# ट्रैक्टर पलटा, किसान की मौके पर मौत, गांव में कोहराम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारी शरीफ।** पटना जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र अंतर्गत अलबकसपुर गांव में एक दुखद हादसा हुआ। 60 वर्षीय रामप्रवेश सिंह, अपने निजी खेत में जुताई कर रहे थे तभी उनका ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और पलटने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। परिवार के लोग विलाप करते हुए पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से किसी तरह ट्रैक्टर को खड़ा किया गया। काफी मशक्कत के बाद मृतक की लाश ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाली गई। इस दौरान प्रशासनिक मदद नहीं मिली। गांव वालों के अनुसार रामप्रवेश सिंह अपने खेत में स्वयं जुताई कर रहे थे और खेत जुताई का काम उन्होंने पूरा कर लिया था तब खेत से ट्रैक्टर को बाहर निकालने के समय अचानक उनका संतुलन बिगड़ा और ट्रैक्टर पलट गया जिसके नीचे वह दब गए। ग्रामीणों ने तुरंत परिवार को सूचना दी और मिलकर शव को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला। अचानक हुए हादसे से परिवार और गांव में कोहराम मच गया।

# 'नई धारा' का उदयराज सिंह स्मारक व्याख्यान एवं साहित्यकार सम्मान समारोह संपन्न

### समय की चुनौतियों और संक्रमणों से ही साहित्य के सरोकार तय होते हैं : जयनंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कथा साहित्य के सरोकार समय की चुनौतियों और संक्रमणों से ही तय होते हैं। देश का जीडीपी ज्यों-ज्यों बढ़ रहा है, गरीब और गरीब हो रहे हैं। आदमी जितना बौद्धिक हो रहा है, उतना ही अमानवीय भी। समकालीन कथा साहित्य का सरोकार इन्हीं तथ्यों के उद्घाटन से विश्वसनीय बनता है। यह कहना है प्रसिद्ध कथाकार जयनंदन का। वे रविवार की शाम चर्चित साहित्यिक पत्रिका 'नई धारा' द्वारा आयोजित 21वें उदयराज सिंह स्मृति व्याख्यान में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। व्याख्यान का विषय था- हिन्दी कथा साहित्य के बदलते सरोकार। समारोह की अध्यक्षता बिहार के पूर्व मुख्य सचिव एवं बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने की जबकि संचालन 'नई धारा' के संपादक डॉ- शिवनारायण ने किया। कथाकार जयनंदन ने अपने व्याख्यान में कहा कि प्रेमचंद को जो स्थितियां विचलित करके कहानी में ढल जाती थीं, अब वो स्थितियां समकालीन लेखकों के मर्म को विचलित नहीं कर पातीं। बीते कई वर्षों से खालिस गरीबी, बेरोजगारी और गांव पर केन्द्रित कोई कहानी नहीं आई जबकि यही सारी पहलू भी सभी समस्याओं की जड़ में हैं। उन्होंने कहा कि आज समय यह है कि अपने पड़ोसियों से भी हमारा परिचय जमीन पर नहीं, हवाओं में बनता है। उन्होंने 'नई धारा' की साहित्यिक परम्परा की प्रशंसा करते हुए उसे जन सरोकारों से जुड़ा बताया। इस अवसर पर 'नई धारा' की ओर से कथाकार जयनंदन को उदयराज सिंह स्मृति सम्मान से विभूषित करते हुए अध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह ने एक लाख रुपए सहित सम्मान पत्र, प्रतीक चिह्न, अंगवस्त्र आदि अर्पित किए।

# विक्रम पार्वती उच्च विद्यालय में पूर्ववर्ती छात्र सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रम।** पार्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को 1975 बैच के छात्र रहे सीनियर सिटीजन ने 50 वर्ष पूरे होने पर समारोह आयोजित की। समारोह में उपस्थित लोगों ने अपनी पुरानी यादों को साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहजानंद एवं संचालन शशिभूषण शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन देवत कुमार ने किया।

विद्यालय छात्र रहे शशिभूषण ने विद्यालय के ऐतिहासिक महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि यह 1930 का विद्यालय है। इसमें पढ़े हुए विद्यार्थी स्वयं पर गर्व महसूस करते हैं। इस विद्यालय में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने शिक्षा ग्रहण की थी। स्वतंत्रता संग्राम में विद्यालय के कई छात्र शहीद हुए थे। सुभाषचंद्र बोस,नेहरू एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के भी आने का अभी तक प्रमाण रहा है। उपस्थित लोगों ने स्कूल के बीते हुए लम्हों को याद कर आनंदविभोर हुए। मौके पर नीलम कुमारी, रमा कुमारी, संगीता कुमारी, मीना कुमारी, बालेश्वर शर्मा, कौशल कुमार, अरुण कुमार, गणेश शर्मा,बिंदेश्वरी सिंह, कमलेश शर्मा, नागेश्वर शर्मा, देवेंद्र कुमार, सहजानंद, सुबोध शंकर, अरविंद कुमार,महेश कुमार, उपेंद्र कुमार, मोती प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

# शाहाबाद महोत्सव में दिल्ली, झारखण्ड से भी शिरकत करेंगे अतिथि

## राजनेता, अधिकारी, न्यायाधीश सबका होगा जमावड़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास गढ़ किला परिसर में आगामी 6-7 दिसंबर को होने वाले शाहाबाद महोत्सव में बिहार हीं नहीं बल्कि दूसरे राज्यों से भी कई अतिथि शामिल होंगे। कार्यक्रम ऐतिहासिक हो और अपनी विरासत को सहेजते हुए पर्यटन हब बनाने के लिए आयोजन समिति लगातार अभियान चला रहा है। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि शाहाबाद महोत्सव में शामिल होने के लिए विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, बिहार सरकार के मंत्री श्रेयसी सिंह, संतोष कुमार, मो. जमा खान, रांची उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहे डॉ एस एन पाठक, सांसद सुधाकर सिंह, तीर विजय सिंह, बिहार के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और लेट्स इंस्पायर बिहार के सूत्रधार विकास वैभव आदि गणमान्य लोगों की सहमति प्राप्त हुआ है। इसके साथ हीं शाहाबाद के सभी सम्मानित सांसद, विधायक व विधान परिषद सदस्य को आमंत्रित किया जा रहा है। साथ ही बिहार के राज्यपाल मो. आरिफ खान तथा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को भी आमंत्रित किया गया है और उसकी सहमति का इंतजार है। उन्होंने बताया कि चूंकि रोहतास गढ़ किला आदिवासी उरांव समुदाय का केंद्र रहा है इसलिए झारखंड सहित अन्य क्षेत्रों से आदिवासी समुदाय के अनेक प्रमुख लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। साथ ही शाहाबाद के दिल्ली में विभिन्न क्षेत्रों में महती भूमिका निभा रहे अनेक अधिकारी व गणमान्य लोग इस बार शाहाबाद महोत्सव में मौजूद रहेंगे। अखिलेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम से एक दिन पहले शहर बाजार में शाहाबाद गौरव यात्रा निकाली जाएगी और संध्या में सोन आरती रखा गया है जिसके मुख्य अतिथि आईपीएस अधिकारी विकास वैभव होंगे।

उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान बक्सर, भोजपुर तथा कैमूर से आए कलाकारों द्वारा परम्परागत नृत्य संगीत की प्रस्तुति की जाएगी।

## प्रधानाध्यपिका को धमकी देने की प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना में उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुर्गापुर की प्रधानाध्यापिका किरण कुमारी ने प्रभात कुमार, ग्रामीण अनिल कुमार दुबे, विकास कुमार दुबे समेत तीन अज्ञात पर कार्यालय कक्ष में सुनियोजित ढंग से आकर विद्यालय के कार्य में बाधा डालने और धमकी देने की प्राथमिकी किया है। पुलिस के अनुसार दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि वे सभी विद्यालय के रात्रि प्रहरी को विद्यालय की चाबी देने का दबाव बना रहे थे। उन्होंने कहा कि रात्रि प्रहरी को विद्यालय से निकाला गया है, लेकिन उनका वेतन नहीं रोकी गई है जिसे लेकर सभी ने विभागीय उच्च अधिकारियों को उनके खिलाफ आवेदन दिया है। उन लोगों ने धमकी दी कि तुम स्कूल छोड़ दो नहीं तो तुम्हारे लिए बुरा होगा। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## मैट्रिक परीक्षा के लिए आवेदन भरने की तिथि तीन दिसंबर तक बढ़ी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2026 में शामिल होने से वंचित रह गये छात्र-छात्राओं को राहत देते हुए आवेदन भरने की तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है। अब छात्र-छात्राएं तीन दिसंबर 2025 तक विलंब शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। इस संबंध में समिति ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश जारी कर दिया है। समिति के अनुसार निर्धारित विस्तारित अवधि में शुल्क जमा करने के बाद ही परीक्षा आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन भरते ही छात्रों का प्रवेश पत्र वेबसाइट पर अपलोड कर दिये जायेंगे। यदि प्रवेश पत्र में किसी तरह की त्रुटि पायी जाती है तो उसका सुधार चार दिसंबर 2025 तक किया जा सकेगा। इसके अलावा जिन छात्रों का हस्ताक्षरित घोषणा युक्त डमी पंजीयन कार्ड समिति के पोर्टल पर अपलोड नहीं है, उन्हें भी इस अवधि में इसे अपलोड करने की सुविधा दी गयी है। जारी मूल पंजीयन कार्ड के आधार पर ही आवेदन प्रक्रिया पूरी होगी। परीक्षा नियंत्रक माध्यमिक ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि अधीनस्थ सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को तत्काल सूचना देकर सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी योग्य छात्र-छात्राएं मैट्रिक परीक्षा से वंचित न रह जाए। समिति ने इसे अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए कहा है कि सभी विद्यालय समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा विभाग ने भी जिले के सभी स्कूलों को निर्देश भेज दिया है, ताकि अंतिम क्षणों में आवेदन में किसी प्रकार की बाधा न आए। इस निर्णय से जिले के उन छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत मिली है, जो किसी कारणवश अपने आवेदन समय पर नहीं भर पाए थे।

# शादी-विवाह के सीजन में डीजे के कानफोड़ू शोर से लोग परेशान

## रात 10 बजे बाद भी बज रहे डीजे की धुन पर प्रशासन भी मेहरबान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** शादी-विवाह के इस व्यस्त सीजन में इन दिनों शहरवासी सहित आसपास ग्रामीण इलाकों के लोग डीजे की तेज आवाज से बेहद परेशान हैं। आये दिन देर रात तक शहर स्थित मैरिज हॉल, लॉन, धर्मशाला आदि में बजाये जा रहे कानफोड़ू डीजे पर संगीत से हर तबका परेशान है। सबसे खराब स्थिति तो बड़े बुजुर्गों की है जो तेज आवाज से बजाये जा रहे डीजे के चलते परेशानी झेलने को मजबूर हो रहे हैं। दरअसल, शादी विवाह के दौरान बजने वाले एक डीजे में लगभग चार से दस साउंड सिस्टम होते हैं। इससे हजारों डेसीबल शोर निकलता है जो लोगों को चिड़चिड़ा बना देता है। विशेषकर शहर में मैरिज हॉल, वाटिका, लॉन सामुदायिक भवन के आसपास रहने वाले लोग तेज आवाज में बजते इन डीजे के कारण खासे परेशान हैं। उनका कहना है कि न्यायालय ने रात दस बजे तक ही लाउडस्पीकर आदि बजाने के आदेश दे रखे हैं, लेकिन जांच कर कार्रवाई नहीं होने से प्रतिबंधित डीजे पर बजते कानफोड़ू संगीत से मनमानी चरम पर है। तेज डीजे के शोर से बुजुर्ग लोगों के साथ बच्चों के परिजन भी काफी परेशान है। उनका मानना है कि शोर के चलते बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो जा रही है। शहरवासियों ने बताया कि डीजे के चलते बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। शाम होते ही डीजे की आवाजें आनी शुरू हो जाती हैं। अब तेज आवाज और शोर के चलते शाम के समय पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रहे हैं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने भी तेज कानफोड़ू संगीत को बजाने में रोक लगा रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने रात 10 से सुबह 6 बजे तक ध्वनि प्रदूषण पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा रखा है। साथ ही कोर्ट में पांच लाख रुपये तक का जुर्माना व दोषी होने पर एक वर्ष कैद की सजा का प्रावधान है। लेकिन, शहर में सुप्रीम कोर्ट के आदेश व फरमान का असर दिखायी नही दे रहा है। कुछ महीने पहले अनुमंडल प्रशासन द्वारा शहर के मैरिज हॉल व लॉन संचालकों के साथ बैठक कर इस पर सख्ती से रोक लगाने का निर्देश दिया था, लेकिन अनुमंडल प्रशासन के निर्देशों का शहर में अमल होता नहीं दिख रहा है।

## नसबंदी के लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चांद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड में पुरुष नसबंदी पखवारा के संदर्भ में प्रखंड स्तरीय बैठक की गयी। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार और प्रखंड विकास अधिकारी मोहम्मद हदीद खान ने की। बैठक में प्रखंड परियोजना अधिकारी जीविका, प्रखंड बाल विकास अधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक, प्रखंड बीसीएम, यूनिसेफ, पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर कैमूर तथा सभी सभा आशा फेसिलिटेटर उपस्थित रहे। विस्तार से चर्चा करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। नसबंदी कराने में लाभार्थी को 3000 रुपये और साथ ही इसके लिए प्रोत्साहित करने वालों को 400 रुपये सरकार की तरफ से प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

# नोडल पदाधिकारी अपने कार्य से हैं अनजान, हटेगा कैसे अतिक्रमण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**डालमियानगर (रोहतास)।** सिंचाई विभाग भूमि को अतिक्रमणमुक्त करने के लिए कार्रवाई का निर्देश दिया है। अतिक्रमणमुक्त व कार्रवाई के लिए विभाग से नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। हैरानी की बात यह है कि नियुक्त नोडल पदाधिकारी को इसकी जानकारी तक नहीं है। नोडल पदाधिकारी सह कार्यपालक अभियंता इसफाक अहमद ने कहा कि इसके लिए विभाग से कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। नोडल पदाधिकारी का बयान अतिक्रमण के विरुद्ध विभाग की सक्रियता व कथनी करनी में अंतर उजागर करता है।

नोडल पदाधिकारी ने बताया कि चार माह पहले 1411 अतिक्रमणकारियों की सूची बनाकर मुक्त कराने के लिए एसडीएम को दिया गया था। अब एसडीएम द्वारा नयी सूची की मांग की गयी है। सूची तैयार की जा रही है। एक सप्ताह में नयी सूची दे दी जायेगी। इसके बाद कार्रवाई प्रारंभ होने की संभावना है। लोगों का कहना है कि पदाधिकारियों की उदासीनता से विभाग की कार्रवाई केवल नोटिस तक सिमट कर रह गयी है जिससे अतिक्रमणकारियों का मनोबल टूटने के बजाय बढ़ा हुआ है। चार माह पहले नोटिस मिलने के बाद भी डिहरी पड़ाव सहित अन्य स्थानों में विभाग की भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा बेरोक टोक निर्माण किया जाता है। कलकतिया पुल से अकोढ़ीगोला तक नहर किनारे सिंचाई विभाग की भूमि पर रोहिंग्या एवं बांग्लादेशियों का बसेरा है। विभाग द्वारा भूमि चिह्नित कर तत्काल कार्रवाई से नहीं हटाया गया तो शहर की डायोग्राफी बदलने की आशंका जतायी जा रही है।

स्थानीय महेंद्र पांडे, बलिराम तिवारी, सुरेंद्र सिंहा, प्रकाश लाल, जगदीश यादव, रामदुलार सिंह ने कहा कि विभाग के जिस पदाधिकारी को अतिक्रमणमुक्त कराने की जिम्मेवारी मिली है। उन्हें इसकी जानकारी तक नहीं है। ऐसे ही पदाधिकारियों द्वारा वर्षों से विभाग की भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने की बात कही जा रही है। केवल कागजी कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों पर रोक लगाना मुश्किल है। कठोर कार्रवाई कर ही विभाग की भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया जा सकता है जिसकी संभावना बेहद कम नजर आती है। भूमि अतिक्रमणमुक्त करने के लिए डिहरी प्रमंडल कार्यपालक अभियंता इसफाक अहमद नोडल पदाधिकारी नियुक्त हैं। जानकारी न होना अफसोसजनक है। नोडल पदाधिकारी संबंधित दुबारा पत्र निकाला जायेगा। इससे पूरी जानकारी प्राप्त हो सके।

**अजय कुमार सिंह, मुख्य अभियंता, सिंचाई विभाग**

# बच्चों के शैक्षणिक विकास के मुद्दों पर की गयी चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** नगर पंचायत मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय जहानाबाद में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में एक सौ से अधिक अभिभावकों ने भाग लिया। गोष्ठी का विषय निपुण बनेगा बिहार तथा हर बच्चा होगा स्कूल का हिस्सा रहा। गोष्ठी में अभिभावकों ने बच्चों के शैक्षणिक विकास से संबंधित मुद्दों पर खुलकर चर्चा की तथा संबंधित विषय विशेष के शिक्षकों व वर्ग अध्यापकों से अपने-अपने बच्चों के बारे में जानकारी हासिल की। साथ ही उनके शैक्षणिक विकास में आ रही बाधाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार त्रिपाठी के दिशा निर्देशन में वर्ग शिक्षकों ने संबंधित छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से उनके विकास हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने पर चर्चा की। उक्त अवसर पर शिक्षक मुमताज अली अंसारी, दीपक भारती, पूनम कुमारी, रंजू कुमारी, रजिया खातून, उर्मिला कुमारी, ज्योति कुमारी, उषा कुमारी, दशरथ पाल, पवन कुमार व सत्येंद्र कुमार राम सहित अन्य कई अभिभावक मौजूद रहे।

# विद्या क्लासेज, करूप में पुस्तक लोकार्पण सह संयुक्त सम्मान समारोह संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** विद्या क्लासेज, करूप (निदेशकः हरेश कुमार) द्वारा आयोजित पुस्तक 'अक्षर-अक्षर गुरु का अंश' (साझा संकलन) के लोकार्पण सह संयुक्त सम्मान समारोह का भव्य और गरिमामय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पुस्तक का संपादन कोचिंग के निदेशक हरेश कुमार ने किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरिजाधारी पासवान, संस्थापक अध्यक्ष, सम सोसायटी ऑफ इंडिया ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में देवेंद्र कुमार राम, ड्रग्स इंस्पेक्टर तथा डॉ.अनुप कुमार पांडेय, विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग, एस. एस. टी. कॉलेज सासाराम उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से पुस्तक का लोकार्पण किया।

**शिक्षा पर प्रेरणादायक संदेश**

अपने संबोधन में गिरिजाधारी पासवान ने छात्रों को शिक्षा के महत्व, अनुशासन और समय की पाबंदी अपनाने पर बल दिया। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रसिद्ध कथन-'शिक्षा शेरनी का वो दूध है, जो पिएगा, वह दहाड़ेगा' को उद्धृत करते हुए युवाओं को निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी तथा नर्सरी से लेकर एडवांस डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन तक के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक हरेश कुमार ने छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क कोर्स प्रारंभ करने की घोषणा भी की जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा।

**प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति**

कार्यक्रम में प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं अभिभावकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से डॉ. सुधीर कुमार सिंह, डॉ. किरण कुमारी, विकास पासवान, रमाकांत सिंह, तेजलाल राम, मंजीत कुमार, तेजबली सिंह, डॉली सिंह, अनामिका शेखर, सुहानी कुमारी सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

**सकारात्मक संदेश के साथ समापन**

कार्यक्रम का संचालन उत्साहपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। विद्या क्लासेज द्वारा किया गया यह आयोजन शिक्षा, साहित्य एवं समाज के प्रति एक सकारात्मक और अनुकरणीय पहल के रूप में सराहा गया।

## पराली जलाते पकड़े जाने पर किसान और किसान सलाहकार पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** अक्सर खेतों में मशीन से धान की कटनी के बाद किसान पुआल समेटने या वैकल्पिक तरीके से निस्तारण करने के बजाय उसमें आग लगा देते हैं, लेकिन पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ाने के साथ-साथ भूमि की उर्वरा शक्ति घटती है। वहीं स्वास्थ्य संबंधित दिक्कतें लोगों को उत्पन्न होती है जिस पंचायत में पराली जलाते पाया जाता है तो उक्त पंचायत के किसान सलाहकार की जिम्मेवारी होगी। संबंधित किसान पर कार्रवाई हो सकती है। किसानों द्वारा खेत में पराली जलते हुए पाये जाने पर वैसे किसान सरकारी योजना के लाभ से वंचित हो सकते हैं। पिछले वर्ष खेतों में पराली जलाने के मामले में प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने सात किसानों के डीबीटी पर रोक लगा दी थी। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में लगभग 7391.75 हेक्टेयर भूमि पर धान की खेती होती है। लगभग दो प्रतिशत धान की कटनी हुई है। उन्होंने कहा कि जिस किसान सलाहकार के क्षेत्र में पराली जलते हुए पाया जाता है तो उक्त किसान सलाहकार पर कार्रवाई होगी। साथ ही संबंधित किसान को सरकारी योजना के लाभ से वंचित कर दिया जायेगा। प्रखंड क्षेत्र में किसान अपने खेतों में पराली नहीं जलाये। इसे लेकर किसान सलाहकार को अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में एक्टिव मोड में रहने का निर्देश दिया गया है।

# पैरवी के बैनर तले शिवपुर अहिरवां में सामुदायिक बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी प्रखंड के शिवपुर अहिरवां में आज पैरवी के बैनर तले एक महत्वपूर्ण सामुदायिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जेलों में बंद गरीब अभियुक्तों तथा विधि के जोखिम में फंसे व्यक्तियों के लिए निःशुल्क जमानत उपलब्ध कराने की प्रक्रिया और उससे जुड़े कानूनी अधिकारों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में कहा गया कि कई लोग जानकारी के अभाव में छोटी धाराओं में जेल में लंबे समय तक बंद रहते हैं। ऐसे मामलों में पैरवी द्वारा सामुदायिक स्तर पर सहायता उपलब्ध कराई जाएगी ताकि उनका समय पर जमानत, कानूनी परामर्श और पुनर्वास सुनिश्चित हो सके। इस दौरान ग्राम बाल संरक्षण समिति को सक्रिय एवं प्रभावी बनाने, बच्चों के हितों की निगरानी बढ़ाने तथा जोखिमग्रस्त बच्चों की पहचान के लिए समुदाय की भूमिका पर भी सुझाव आए। बैठक में बाल विवाह की बढ़ती घटनाओं पर मानवाधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने चिंता व्यक्त की। सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि गांव में किसी भी कीमत पर बाल विवाह नहीं होने दिया जाएगा। सूचना देने, रोकने और पुलिस/बाल संरक्षण इकाई को तुरंत सूचित करने के लिए सामुदायिक कार्ययोजना पर सहमति बनी। सभा की अध्यक्षता रणविजय सिंह ने की। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से युवा स्वयंसेवी पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, ग्राम प्रहरी और स्थानीय बुद्धिजीवी शामिल थे। रणविजय सिंह, सुनील शर्मा, शिवशंकर पासवान, कल्लू चंद्रवंशी, अरविंद, बजरंगी पासवान, साह, सरयू प्रसाद, संजय चंद्रवंशी, मदन साह, जमुना महतो, इंद्रजीत चंद्रवंशी, नन्हकू चंद्रवंशी, हाकिम सिंह, रामनारायण माली सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## विद्यालयों में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत के सभी विद्यालयों में हर बच्चा अब होगा स्कूल का हिस्सा थीम तथा निपुण बनेगा बिहार हमारा अभियान के तहत शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के माध्यम से एचएम व शिक्षकों ने अभिभावकों को बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के प्रति जागरूक करते हुए बच्चों के वर्ग सापेक्ष दक्षताओं की प्रगति पर चर्चा की। कहा गया कि अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता के माध्यम से समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दे बच्चों के सीखने की क्षमता को मजबूत किया जा सकता है। संगोष्ठी में शिक्षक ने अभिभावकों को बच्चों के शैक्षणिक उपलब्धियों से अवगत कराया। साथ ही उनसे आग्रह किया गया कि वे बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजें और घर पर पढ़ाई में सहायता करें। शिक्षकों का कहना है कि हर बच्चे की सीखने की अपनी गति होती है, इसलिए बच्चों की आपस में तुलना न करें। शिक्षकों ने संदेश दिया कि बच्चों को छोटी-छोटी गलतियों पर डांटने-फटकारने के बजाय प्रोत्साहित करें। बच्चों का टीवी और मोबाइल उपयोग सीमित करें तथा उन्हें किताबों और पत्रिकाओं से जोड़ें। संगोष्ठी में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता को लेकर भी अभिभावकों से चर्चा की गयी।

# शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय सासाराम में रामानुजन टैलेंट सर्च परीक्षा का सफल आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** शेरशाह नियंत्रण/अभियंत्रण महाविद्यालय, सासाराम के प्रांगण में रामानुजन टैलेंट सर्च इन मैथमेटिक्स एंड साइंस परीक्षा का आयोजन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। यह परीक्षा तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत 29 नवंबर 2025, 30 नवंबर 2025 एवं 1 दिसंबर 2025 को संपन्न हुई। इस संबंध में जानकारी देते हुए आनंद कुमार, सहायक प्राध्यापक, शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय ने बताया कि जिले के लगभग 1500 छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। परीक्षा को चार पालियों में शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से आयोजित किया गया। उन्होंने आगे बताया कि परिणाम विभाग द्वारा जारी किया जाएगा जिसके बाद सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में विज्ञान और गणित के प्रति रुचि बढ़ाना तथा मेधावी विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचान और प्रोत्साहन देना है। परीक्षा के सफल संचालन में कॉलेज प्रशासन, पर्यवेक्षक शिक्षकों एवं सहयोगी कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## दुकान का शटर तोड़ 20 लाख के जेवर की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**करगहर।** बड़हरी बजार में अज्ञात चोरों ने एक ज्वेलरी दुकान का शटर तोड़कर 20 लाख रुपये के आभूषण की चोरी कर ली। घटना के बाद आक्रोशित स्वर्ण व्यवसायी व स्थानीय लोगों ने करगहर-धर्मपुरा पथ को पांच घंटे तक जाम कर दिया। व्यवसायी रोहतास एसपी को घटनास्थल पर बुलाने की मांग कर रहे थे। लोगों का कहना था कि बड़हरी बजार में आये दिन चोरी की घटना घटित हो रही है। बाजार से चंद दूरी पर बड़हरी थाना है। लेकिन, पुलिस की गश्ती नहीं होने के कारण लगातार चोरी की घटना घटित हो रही है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सदर डीएसपी 2 कुमार वैभव ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम खाली करवाया। वहीं, शीघ्र ही चोरी की घटना का उद्भेदन करने का आश्वासन दिया। घटना के संबंध में सदर डीएसपी-टू ने बताया कि अज्ञात चोरों ने बड़हरी बजार निवासी व्यवसायी आनंद कुमार की बड़हरी बजार में स्थित कृष्णा ज्वेलरी दुकान से 20 लाख रुपये के आभूषण का चोरी होने का एफआइआर दर्ज करायी गयी है। थानाध्यक्ष संजय पासवान ने कहा कि इस संबंध में दुकानदार आनंद कुमार द्वारा बड़हरी थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है जिसमें डेढ़ सौ ग्राम सोना और साढ़े सात किलो चांदी समेत अन्य आभूषण की चोरी होने की जिक्र की गयी है।

# बिहार पेंशनर समाज का चुनाव संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा डिहरी की बैठक का आयोजन स्थानीय मध्य विद्यालय न्यू एरिया में आयोजित किया गया। आयोजन का उद्देश्य था वार्षिक आम सभा एवं पेंशनर समाज के 3 वर्ष पूर्ण होने पर नए सदस्यों का चयन तथा अध्यक्ष कोषाध्यक्ष सचिव के पद पर चयन की प्रक्रिया। बिहार पेंशनर समाज डिहरी ऑन-सोन अनुमंडल शाखा की उपस्थिति सदस्यों के द्वारा बिहार पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा डिहरी के लिए सर्वसम्मति से शिवजग प्रसाद को अध्यक्ष पद के लिए तथा सचिव बच्चन चौबे एवं कोषाध्यक्ष के लिए इ. लक्ष्मण प्रसाद का चयन किया गया। उपस्थित सदस्यों ने चुने गए पदाधिकारी का जोरदार तालियों से स्वागत किया। आज की आमसभा में मुन्ना सिंह, अशोक कुमार, मनोज पाल, अरविंद कुमार, अशोक कुमार सिंह, भरत सिंह, अशोक कुमार, शंकर, विजय सिंह, जगदीश नारायण, राजबली सिंह, रामराज प्रसाद, प्रेम कुमार सिंह आदि सदस्य उपस्थित थे। आज के चुनाव प्रभारी के रूप में जिला से आए हुए बिहार पेंशनर समाज रोहतास जिला के जिलाध्यक्ष सह पर्यवेक्षक सेवानिवृत्त जिलाधिकारी शिव पूजन राम तथा जिला सचिव सुखदेव शास्त्री के देखरेख में संपन्न हुआ।

## विभिन्न कांडों के नौ आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पिछले 24 घंटे में नौ आरोपितों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में शराब तस्कर, चोरी व वारंटी शामिल है। उन्होंने बताया कि एक बाइक, एक जेसीबी व 36 लीटर देशी शराब जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस दबीश के कारण दिनारा थाना के आर्म्स एक्ट के आरोपित अभिषेक पाण्डेय ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है।

## आर्शं हेल्थ इंडिया फाउंडेशन एवं लेट्स इंस्पायर ने किया अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** आर्शं हेल्थ इंडिया फाउंडेशन एवं लेट्स इंस्पायर बिहार द्वारा आयोजित हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम एवं स्थापना दिवस समारोह आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम सदर अस्पताल के सभागार में आयोजित किया गया जहां बड़ी संख्या में चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता और मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आईपीएस विकास वैभव ने स्वास्थ्य जागरूकता को समाज की मूलभूत आवश्यकता बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से लोगों में सकारात्मक स्वास्थ्य सोच को मजबूत करते हैं। उन्होंने संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। विशेष अतिथि रोहतास जिला के उप विकास आयुक्त(डीडीसी) विजय कुमार पांडेय ने कहा कि जन-जागरूकता ही बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था की नींव है और इस प्रकार के कार्यक्रम समाज को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही अतिथि जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय ने भी स्वास्थ्य सुरक्षा और जागरूकता को आधुनिक समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया।

# पांच लोगों के अपहरण की घटना का पर्दाफाश सभी सकुशल बरामद, एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना क्षेत्र में मेयार के समीप देर रात पांच व्यक्तियों के अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज कुछ ही समय में सभी को सकुशल बरामद कर लिया। सदर एसडीपीओ 2 संजय कुमार जायसवाल ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि घटना 29 नवंबर 2025 की रात करीब 11:05 बजे की है, जब बोलेरो और मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने स्विफ्ट डिजायर कार से जा रहे पांच लोगों का अपहरण कर लिया था। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष नूरसराय ने वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए विशेष टीम के साथ पीछा शुरू किया और सफलतापूर्वक स्विफ्ट डिजायर वाहन सहित सभी अपहृतों को बरामद कर लिया। मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विकास कुमार, उम्र 23 वर्ष पिता अरविन्द प्रसाद निवासी विजवनपर, थाना दीपनगर, जिला नालंदा के रूप में की गई। जिसके पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। बरामद पांचों व्यक्तियों में गोलू कुमार, उम्र 20 वर्ष पिता भोला राउत, निवासी चकवाई, थाना वारिसलीगंज, नवादा, पीकू कुमार, उम्र 22 वर्ष पिता धनंजय मिस्त्री, निवासी बलवापुर, थाना वारिसलीगंज, नवादा, नीतीश कुमार, उम्र 22 वर्ष पिता रघुवीर यादव, निवासी हिरमा बिगहा, थाना वारिसलीगंज, नवादा, राकेश कुमार, पिता रामबल्लभ यादव, निवासी बलवापुर, वारिसलीगंज, नवादा एवं विक्रम कुमार, उम्र 17 वर्ष पिता संजय पासवान, निवासी झींगनगर, थाना बिहार, नालंदा शामिल है। इस मामले में नूरसराय थाना में कांड दर्ज किया गया है। अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। एसडीपीओ ने बताया कि मामला अपहरण का है या किसी अन्य कारण का जिसकी छानबीन की जा रही है छानबीन के बाद ही मामला सपष्ट हो सकेगा कि घटना को अंजाम किस कारण दिया गया था। टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-2 संजय कुमार जायसवाल, पु.नि. मुकेश कुमार (नूरसराय अंचल), पुअनि. संजीव कुमार, रमेश पासवान, रणधीर कुमार, मनोज कुमार पंडित, धीरज कुमार पूरी, सिपाही पिताम्बर कुमार राय शामिल थे।




# वायरल वीडियो के आधार पर अवैध हथियार बरामद, आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना पुलिस ने वीडियो के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति के पास से अवैध देशी कट्टा बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। घटना शनिवार की शाम की है, जब थाना को सूचना मिली कि एक व्यक्ति वीडियो में देशी कट्टा लहराते हुए दिख रहा है। सूचना की पुष्टि होने पर नूरसराय पुलिस ने वीडियो में दिख रहे व्यक्ति की पहचान नवीन कुमार शर्मा (40 वर्ष), पिता राजकुमार शर्मा, निवासी दयानगर, थाना नूरसराय के रूप में की। इसके बाद विशेष छापामारी दल के साथ उसके घर पर पहुंचकर तलाशी ली गई, जहां घर के एक कमरे में पलंग के बॉक्स से एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। बरामदगी की वीडियोग्राफी भी की गई। इसके बाद आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में नूरसराय थाना में आर्म्स एक्ट के तहत आगे की विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। छापामारी टीम में पुअनि. संजीव कुमार, रमेश पासवान, रणधीर कुमार, मनोज कुमार पंडित, सअनि इन्द्रजीत पासवान, सुनील राम एवं नूरसराय थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# मन की बात में प्रधानमंत्री ने की वोकल फॉर लोकल पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** प्रधानमंत्री के मन की बात के 128 वां प्रसारण बिहार शरीफ के किसान सिनेमा प्रांगण स्थित विधायक डा सुनील कुमार के कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस प्रसारण को देखा और सुना। इस महीने के मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने नबंवर के विशेष आयोजनों पर बात की, जिसमें संविधान दिवस समारोह, वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ, अयोध्या में राम मंदिर के धर्मध्वजा का आरोहण, आइ एन एस माहे का नौसेना में शामिल होना और कुरूक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव शामिल हैं। उन्होंने रिकार्ड अनाज और शहद उत्पादन, भारत की खेलों में सफलता, संग्रहालयों और नेचुरल फार्मिंग जैसे कई जरूरी विषयों पर भी बात की। पीएम ने लोगों से 'काशी तमिल संगमम' का हिस्सा बनने की अपील की। वोकल फॉर लोकल की भावना को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि देश के लाखों लोगों ने वोकल फॉर लोकल की भावना को अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। मैं हमेशा आप सभी से वोकल फार लोकल के मंत्र को आगे बढ़ाने का आग्रह करता हूं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, डा अशुतोष कुमार, जिला महामंत्री शिवरतन प्रसाद,जिला मंत्री अमरेश कुमार, रंजू कुमारी, राजू माहुरी, सोनू कुमार हिंदू, शिवम् राज, आइटी सेल संयोजक अमित शान, रीना कुमारी, प्रणव कुमार सिन्हा,बिहार शरीफ नगर उत्तरी अध्यक्ष संदीप कुमार, नगर मध्य अध्यक्ष धनंजय कुमार, नगर दक्षिणी अध्यक्ष अविनाश कुमार, प्रशांत भदानी, राजेश सिंह सिसोदिया, चंदन कुमार, तेतरी देवी, गौरी देवी, राजनंदनी कुमारी, मनस्वी शर्मा, आलोक रंजन, रौशन कुमार यादव, संजय कुमार कुशवाहा, सुरेन्द्र शर्मा, वीरेन्द्र चौधरी, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के मन की बात को सुना।




# नए भवन में शिफ्ट हुआ पशु चिकित्सालय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** लंबे दिनों से किराये के मकान में संचालित कल्याण बिगहा का प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय को अब अपना भवन मिल गया है। यहां चिकित्सकों के लिए आवास भी बनाया गया है। दो मंजिल बने इस भवन में नीचे अस्पताल कार्यालय व ओपीडी चलेगा। वहीं उपरी मंजिल पर चिकित्सकों का आवास रहेगा।इस भवन में पशुपालकों को अब सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही हर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही पशुपालक का कोई पशु गंभीर रूप से बिमार है व अस्पताल जाने की स्थिति में नहीं है तो उसके उपचार के लिए पशु चिकित्सक पशुपालक के घर जाकर उनका उपचार करेंगे।इसके लिए पशुपालन विभाग द्वारा जारी टाल फ्री नंबर 1962 पर डायल कर जानकारी देनी होगी। जिसके बाद एम्बुलेंस के साथ चिकित्सक व उनके सहायक दवा के साथ वहां पहुंचकर पशु का उपचार करेंगे। नये बने प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ घुनंदन सिंह ने बताया कि अब नए भवन में शिफ्ट होने के बाद अस्पताल के चिकित्सकों, कर्मियों द्वारा पशुपालकों को विभाग द्वारा मिलने वाली हर सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। लोग टॉल फ्री नंबर की सहायता से भी मदद ले सकते हैं। वहीं नये भवन का उद्घाटन पशु उत्पादन संस्थान सह विभाग क्षेत्रीय निदेशक, पटना के डॉ रणधीर कुमार, सहायक निदेशक (सामान्य) डॉ पंकज कुमार ने रिबन काट कर किया गया।मौके पर भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. श्वेता रानी समेत अन्य मौजूद थे।



# हरनौत में 21 कृषि कर्मियों के वेतन पर रोक

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** जिले में पराली प्रबंधन और फसल अवशेष जलाने पर रोक लगाने में लापरवाही सामने आने के बाद कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। हरनौत प्रखंड में कार्यरत कुल 21 कृषि कर्मियों , 17 किसान सलाहकार, दो कृषि समन्वयक और दो सहायक तकनीकी प्रबंधक के वेतन भुगतान पर अगले आदेश तक रोक लगा दी गई है। जिला कृषि पदाधिकारी नितेश कुमार ने सभी कर्मियों को 24 घंटे के भीतर शोकॉज नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया है। संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। धान कटाई के बाद पराली जलाने की सबसे अधिक शिकायतें हरनौत प्रखंड से मिली हैं। पंचायत स्तर पर तैनात कृषि कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि पराली जलाने की जानकारी मिलते ही स्थलीय जांच कर दोषी किसानों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजें लेकिन विभागीय आदेश की अनदेखी करते हुए न तो रिपोर्ट भेजी गई और न ही वरीय अधिकारियों को समय पर सूचना दी गई। प्रखंड स्तरीय धावा दल की जांच में कई खेतों में पराली जली हुई पाई गई। पराली जलाने को लेकर विभाग लगातार सख्ती बरत रहा है। इससे पहले भी नूरसराय, थरथरी और हरनौत प्रखंड के प्रखंड कृषि पदाधिकारियों सहित पांच कर्मियों पर कार्रवाई की गई थी। डीएओ नितेश कुमार ने बताया कि अब तक पराली जलाने के दोषी 80 किसानों का निबंधन रद्द किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आगे भी किसानों और लापरवाह कर्मियों दोनों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के आगमन पर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रविवार को भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री दुर्गा दत्त शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्षा श्रीमती सुमन सिंह तथा क्षेत्रीय संगठन सचिव डॉ. बाल्मीकि कुमार का आगमन हुआ। इस विशेष अवसर पर शाखा द्वारा एक पारिवारिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 50 से अधिक सदस्य अपने परिवारों के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. बालमुकुंद प्रसाद ने की। शाखा सचिव रंजीत कुमार सिन्हा ने वर्ष में शाखा द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। वहीं सत्र 2025-26 के दौरान दक्षिण बिहार प्रांत में आयोजित कार्यक्रमों का प्रांतीय प्रतिवेदन प्रांतीय वित्त सचिव डॉ. रंजन आशुतोष शरण ने पेश किया। राष्ट्रीय महामंत्री दुर्गा दत्त शर्मा ने बिहार श्री शाखा की भूरी-भूरी प्रशंसा की और इसे आदर्श शाखा की संज्ञा दी। उन्होंने अगले वर्ष पुनः बिहार श्री शाखा आने की घोषणा भी की, जिससे सदस्यों में विशेष आनंद देखा गया। कार्यक्रम में श्रीमती सुमन सिंह और डॉ. बाल्मीकि कुमार का मार्गदर्शन भी सदस्यों के लिए प्रेरणादायी रहा। सुमन सिंह ने महिलाओं की भागीदारी और उनकी संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। इसी दौरान सेवा के क्षेत्र में बिहार श्री शाखा ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए निःशुल्क दंत चिकित्सा केंद्र का शुभारंभ किया। इसका उद्घाटन राष्ट्रीय महामंत्री दुर्गा दत्त शर्मा द्वारा किया गया। क्षेत्रीय, प्रांतीय और शाखा के सभी सदस्य इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। दक्षिण बिहार प्रांत ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी केंद्रीय एवं क्षेत्रीय दायित्वधारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# शादी समारोह में मारपीट और फायरिंग, वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के शिवधारी मैरेज हॉल के पास शनिवार देर रात शादी समारोह में मारपीट और फायरिंग की घटना से इलाके में दहशत फैल गई। बाराती और स्थानीय लोगों के बीच हुए विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके आधार पर पुलिस ने कई लोगों की पहचान कर ली है। सदर डीएसपी-1 नुरुल हक ने बताया कि शिवधारी मैरेज हॉल, पहाड़पुरा में छोटे राउत, नाला रोड बिहारशरीफ के बेटे की बारात आई थी। इसी दौरान बगल में दिलीप महतो के यहां भी एक और बारात पहुंची हुई थी। दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जो जल्द ही मारपीट में बदल गया। डीएसपी ने बताया कि झड़प के दौरान दिलीप महतो पक्ष के लोगों ने दूसरे बाराती दल पर हमला कर दिया। पथराव के साथ फायरिंग की भी घटना हुई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। घटना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कई लोग पथराव और हमला करते दिख रहे हैं। एक युवक को फायरिंग करते भी स्पष्ट देखा जा सकता है। पुलिस ने वीडियो का विश्लेषण कर मारपीट और फायरिंग में शामिल कई लोगों की पहचान कर ली है। दीपनगर थानाध्यक्ष राजमणि ने बताया कि घटना में शामिल सभी आरोपितों को चिह्नित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व एमएलसी रामबली चंद्रवंशी ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** अतिपिछड़ा समाज के नेता प्रो॰ रामबली चंद्रवंशी पूर्व एमएलसी ने रविवार को नवादा के सर्किट हाउस में एक प्रेस कांफ्रेंस किया। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों से कहा कि नवादा जिले के काशीचक थाना में पुलिस अभिरक्षा में रहे अतिपिछड़ा समाज के नाबालिग़ की हत्या हुआ है और पुलिस उसे आत्महत्या साबित करना चाह रही है। नवादा के एसपी अभिनव धीमान ने थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिसकर्मी को निलंबित कर खानापूर्ति किया है जबकि इनपर हत्या के जुर्म में 302 के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा प्रेम प्रसंग में फरार अतिपिछड़ा समाज के बौरी गांव निवासी नाबालिग़ को उनके नाबालिग़ प्रेमिका के साथ बरामद कर काशीचक थाना लाया गया और नाबालिग़ होने के कारण उसे हाजत में न रखकर अलग कमरे में रखा गया। लड़के को छोड़ने के एवज में पुलिस ने 50 हजार की रिश्वत मांगी गयी ,जिसके बाद उसके परिजन ने 35 हजार रुपए देकर छोड़ने का मांग किया। रात्रि 11 बजे तक नाबालिग प्रेमी ठीक था, लेकिन नाबालिग प्रेमिका की भाई जो पुलिस कांस्टेबल है, उनके इशारे पर उसे छोड़ा नहीं गया। सुबह में उसकी लाश को परिजनों ने अस्पताल में देखा। पुलिस ने रात्रि में हीं उसे हत्या किया और आत्महत्या साबित करने के लिए अस्पताल ले गया। उन्होंने कहा अस्पताल में रहे चिकित्सक ने मुझे बताया कि अस्पताल आने के पूर्व नाबालिग़ की मौत हो चुकी थी। उन्होंने कहा हम अतिपिछड़ा पर लगातार अत्याचार हो रहा है ,जिसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग किया है। इस मौके पर अतिपिछड़ा समाज के मोहन सिंह चंद्रवंशी, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, राजेंद्र सिंह, संतोष सिंह, गौतम कुमार चंद्रवंशी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।



# कौआकोल के जंगली इलाके में पहुंचा हाथियों का झुंड



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कौआकोल।** जमुई जिला के जंगली इलाकों से भटककर हाथियों का झुंड शनिवार की देर रात्रि कौआकोल के घने जगंल पहुंच गया। जिससे इलाके के ग्रामीणों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथियों के झुंड को कौआकोल थाना क्षेत्र के महुडर पंचायत के करमाटांड़, भिखोमोह,रजवरिया,दनियाँ रानीगदर जंगल में विचरण करते देखा गया। इस दरम्यान हाथियों के झुंड द्वारा काफी मात्रा में किसानों के खलिहान में रखे धान के फसल,बिचाली आदि को नष्ट कर दिया। हालांकि हाथियों के झुंड द्वारा किसी प्रकार की अनहोनी की घटना को अंजाम नहीं दिया गया है। हाथियों के झुंड को वन विभाग की टीम के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से खदेड़ दिया गया। ग्रामीण गोरेलाल राय,बिंदेश्वरी राय,तुलसी राय, किशोरी राय आदि ने बताया कि हाथियों के झुंड के द्वारा काफी मात्रा में धान फसल को नष्ट किया गया है।

# कौआकोल में दवा विक्रेता संघ की प्रखण्ड इकाई का पुनर्गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के कौआकोल बाजार अवस्थित डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद के आवास पर रविवार को दवा विक्रेता संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला के नवनिर्वाचित कमिटी के अध्यक्ष राजन कुमार बर्णवाल,संयुक्त सचिव मनोज कुमार मन्नू,कोषाध्यक्ष पंकज कुमार,उपाध्यक्ष सेवानन्द सिंह, संयुक्त सचिव परवेज अख्तर एवं जिला सचिव योगेन्द्र कुमार मौजूद रहे। बैठक में कौआकोल प्रखण्ड के दवा विक्रेता संघ के पूर्व गठित प्रखंडस्तरीय कमिटी को भंग कर पुनर्गठन किया गया। नई कमिटी में सर्वसम्मति से योगेन्द्र प्रसाद उर्फ योगी जी को प्रखण्ड अध्यक्ष,संतोष कुमार को कोषाध्यक्ष, राजेन्द्र प्रसाद को सचिव, राजीव रंजन बर्णवाल को संगठन सचिव, रवि बर्णवाल को उपाध्यक्ष एवं अनन्त प्रकाश गुप्ता को संयुक्त सचिव मनोनीत किया गया। सभी दवा विक्रेताओं ने संगठन की एकता के लिए आपस में भाईचारा बनाकर एकजुट रहने की बात दुहराई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन के सदस्यों के सुख दुःख में कमिटी हमेशा साथ रहेगी। मौके पर पूर्व मुखिया डॉ॰ चन्द्रिका प्रसाद समेत अन्य दवा विक्रेता मौजूद थे।



# पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व बीइओ राजेंद्र चौधरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** सदर विधानसभा क्षेत्र के अकौना गांव में शनिवार को गहरे शोक का माहौल उस समय छा गया, जब गांव के 75 वर्षीय पूर्व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजेंद्र चौधरी का पटना में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पिछले 15 दिनों से हृदय रोग से पीड़ित थे। स्व. चौधरी अपने सामाजिक स्वभाव, सरलता और लोगों से आत्मीय जुड़ाव के कारण क्षेत्र में अत्यंत लोकप्रिय थे। वर्ष 2015 में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्ति के बाद वे अपने परिवार के साथ अकौना में ही रहते थे और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय बने रहे। उनके निधन से गांव के लोगों, परिचितों और शुभचिंतकों में शोक की गहरी लहर है। स्व. चौधरी अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र और दो पुत्रियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। रविवार को राजगीर स्थित जरा देवी मंदिर के पास श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान पूर्व राज्य मंत्री राजवल्लभ प्रसाद, नवादा एमएलसी अशोक यादव, पोस्टमास्टर राजेश्वर कुमार, वरिष्ठ पत्रकार सुनील कुमार, शिक्षक मनोज चौधरी, विनोद चौधरी, कुमारी आशा, कैप्टन राकेश चौधरी, हेमराज चौधरी समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# चंद्रवंशी समाज ने संगत परिसर में की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय स्थित संगत परिसर में रविवार की दोपहर चंद्रवंशी समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता संजय चंद्रवंशी व नकुल चंद्रवंशी ने किया। अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में कमिटी के विस्तार, रजौली में चंद्रवंशी भवन निर्माण हेतु कोष संग्रह, चंद्रवंशी समाज को एकसूत्र में बांधने एवं प्रखंड क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत में एकदिवसीय बैठक का आयोजन करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। बैठक में समाज के लोग, जो रजौली से बाहर थे, वे वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक की समाप्ति के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चंद्रवंशी समाज की प्रखंड स्तरीय बैठक प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को की जाएगी, ताकि समाज के उत्थान एवं एकता पर बल दिया जा सके। इस मौके पर नवादा से सचिव संजय कुमार,बड़गांव से भूतपूर्व सरपंच शंभू सिंह, ग़ैरिबा से पूर्व पंचायत समिति दिनेश चंद्रवंशी, शिक्षक चंदन चंद्रवंशी, सौरभ चंद्रवंशी, असमित चंद्रवंशी, राजा चंद्रवंशी, विकी चंद्रवंशी व सुमित चंद्रवंशी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।



# भारत विकास परिषद की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भारत विकास परिषद में डॉक्टर मनोज बरनवाल के प्रांगण में राष्ट्रीय महामंत्री दत्त शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्षा सुमन सिंह और क्षेत्रीय संगठन सचिव डॉक्टर बाल्मीकि कुमार का आगमन हुआ। सर्वप्रथम भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वन्देमातरम गीत गाकर कार्यक्रम का शुभ आरम्भ किया गया।

भारत विकास परिषद के ओर से अध्यक्ष रामचंद्र कुमार सोनी , सचिव राजेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार, क्षेत्रीय संगठन मंत्री मुन्ना प्रसाद, संरक्षक राजेंद्र प्रसाद साहू सहित सभी सदस्यों ने उन्हें गर्मजोशी के साथ अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं नारियल फल देकर सम्मानित किया। पहली बार किसी राष्ट्रीय महामंत्री का नवादा शाखा में प्रवास हुआ। राष्ट्रीय महामंत्री दुर्गा दत्त शर्मा ने कहा कि भारत विकास परिषद का उद्देश्य सेवा, सहयोग, समर्पण है, नवादा शाखा बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है और भी आगे बढ़ चढ़ कर समाज में परिषद अपना योगदान करें, नवादा शाखा में सदस्यों की संख्या में वृद्धि कर और मजबूत बनाने की जरूरत है। देश हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखें। इसी मूल मंत्र पर परिषद के सभी सदस्य काम करे और देशहित कार्यो में लगाकर देश को मजबूत करें।



# भारी मात्रा में देसी-विदेशी शराब बरामद, धंधेबाज गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव स्थित एक घर पर छापेमारी कर काफी मात्रा में देशी एवं विदेशी शराब बरामद कर एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी थानाध्यक्ष अविनाश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने पहाड़पुर गांव से 560 किलो महुआ का फूल, 540 लीटर देशी महुआ शराब,20 लीटर कच्चा स्प्रिट तथा 11.625 लीटर विदेशी शराब जब्त किया है। वहीं पुलिस ने मौके पर से धंधेबाज पहाड़पुर गांव निवासी मोहम्मद अमानुल्लाह उर्फ रिंकू, पिता-मोहम्मद सज्जाद को गिरफ्तार कर थाना ले आई। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज के विरुद्ध मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।



# राज्यस्तरीय टीम ने की आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** समेकित बाल विकास सेवाए निदेशालय की राज्यस्तरीय टीम द्वारा नवादा जिला के आकांक्षी प्रखंड पकरीबरावां प्रखण्ड के कई आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच की गई। पोकसी, लोदीपुर एवं दोस्तली बिगहा की जांच की गई। निरीक्षण राज्य सलाहकार, पोषण अभियान संतोष कुमार गुप्ता तथा जिला प्रबंधक, पिरामल स्वास्थ्य बलिन्द्र सिंह द्वारा किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य आकांक्षी जिला एवं प्रखंड अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सेवाओं एवं रिकॉर्ड संधारण की वास्तविक स्थिति का आकलन करना रहा। इस दौरान जिन बिंदुओं का भौतिक सत्यापन किया गया, उनमें पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी दीवार लेखन, बैनर,पोस्टर, होर्डिंग की उपलब्धता, आंगनबाड़ी नेम प्लेट का प्रदर्शन, एचसीएम मेन्यू फ्लेक्स, समय-सारणी फ्लेक्स, शिक्षण सहायक सामग्री, बच्चों के आईकार्ड, आवश्यकता अनुसार वाल पेंटिंग, पेयजल व्यवस्था, शौचालय एवं विद्युत सुविधा, गृह भ्रमण की प्रगति, वृद्धि निगरानी प्रक्रिया (वजन-ऊंचाई, लंबाई), तीन लाभार्थियों के रिकॉर्ड का मिलान, गर्भवती महिलाओं की एएनसी प्रविष्टि, वृद्धि निगरानी उपकरणों की उपलब्धता, केंद्र परिसर की स्वच्छता एवं पोषण वाटिका आदि शामिल है। इस अवसर पर सीडीपीओ नेहा कुमारी, समन्वयक शशि रंजन, सीमा कुमारी, पूनम कुमारी, अनामिका कुमारी, सेविका उर्मिला देवी, सिहंता देवी, जहांआरा आदि उपस्थित थे।



# डॉ. प्रेम कुमार ने किया गया जंक्शन के आधुनिकीकरण कार्य का निरीक्षण

## अंतरराष्ट्रीय सुविधा वाले स्टेशन की दिशा में तेज गति से काम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार ने गया जंक्शन परिसर में चल रहे 243.96 करोड़ की लागत से हो रहे निर्माण और आधुनिकीकरण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन कैंपस में घूमकर कार्य की गुणवत्ता, प्रगति और सुरक्षा मानकों की समीक्षा की। उनके साथ रेलवे विभाग के अधिकारी, इंजीनियर, परियोजना प्रभारी, आरपीएफ, जीआरपी टीम और स्थानीय नागरिक मौजूद थे। निरीक्षण के बाद निर्माण से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए प्रेम कुमार ने कहा कि गया जंक्शन बिहार की पहचान और जिले का गौरव है, इसलिए यहां निर्माण कार्य समय सीमा के भीतर और विश्व स्तरीय मानकों के अनुसार पूरा होना चाहिए। उन्होंने पानी की उपलब्धता, साफ-सुथरे शौचालय, लिफ्ट, एस्केलेटर, वेटिंग रूम, सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन संसाधनों को विशेष ध्यान में रखने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया कि स्टेशन को आधुनिक एयरपोर्ट मॉडल पर विकसित किया जा रहा है जिसमें अत्याधुनिक स्कैनर, बैगेज चेकिंग सिस्टम, 360ल हाई रेजॉल्यूशन कैमरे, कमांड कंट्रोल रूम और उन्नत फायर सेफ्टी सिस्टम शामिल रहेंगे। परिसर में बोधगया, विष्णुपद मंदिर और ऐतिहासिक स्थलों की भित्ति चित्रों के माध्यम से गया की सांस्कृतिक पहचान भी प्रदर्शित की जा रही है। प्रेम कुमार ने कहा कि स्टेशन विकसित होने से पर्यटन, स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार में वृद्धि होगी और गया की अंतरराष्ट्रीय पहचान और मजबूत होगी। अधिकारियों ने बताया कि यह परियोजना जून 2026 तक पूरी हो जाएगी। निरीक्षण के दौरान स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे।



# डॉ. प्रेम कुमार के नेतृत्व में सुनी गयी पीएम की 'मन की बात'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 118वें 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण गया जिले के गया जी विधानसभा क्षेत्र के अजातशत्रु होटल में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री प्रेम कुमार ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक और आम नागरिक मौजूद रहे और सभी ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, समाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि देश तभी आगे बढ़ सकता है जब नागरिक स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता दें। प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से अपील की कि लोग जो भी सामान खरीदें, वह भारत में बना हो और भारतीय श्रम व कौशल से निर्मित हो। उन्होंने युवा शक्ति, महिला सहभागिता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र के विकास में नागरिकों की भागीदारी सबसे अहम है। कार्यक्रम के दौरान प्रेम कुमार ने कहा कि आज का 'मन की बात' देशवासियों के लिए प्रेरणा और राष्ट्रीय संकल्प का क्षण है। उन्होंने कहा कि आम जनता भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की सोच के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' जनता और प्रधानमंत्री के बीच संवाद का जीवंत माध्यम है जो जनता में सकारात्मक सोच, राष्ट्रभक्ति और कर्तव्य भावना को जगाता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया जाए और स्वदेशी उत्पाद, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रहित को जीवन का हिस्सा बनाया जाए। कार्यक्रम में अनिल कुमार, राजेंद्र प्रसाद, राजनंदन प्रसाद गांधी, ऋषि लोहानी, राजेश मस्तान, गुंजन मिश्रा, मनीष कुमार सोनू, जेड खान, दीपू कुमार, दीपक चंद्रवंशी, उपेंद्र कुमार सिंह, पंकज लोहानी, जितेंद्र कुमार, महेंद्र प्रसाद, विवेक चंद्रवंशी, वेद प्रकाश, सुमन, लाडो, लड्डू सिंह, नीतीश कुमार, दीनानाथ प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया।



# लोजपा आर के जिला उपाध्यक्ष बने सोनू सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** लोजपा (आर) के संगठन विस्तार अभियान के तहत पलकिया निवासी सोनू सिंह उर्फ विकास सिंह को जिला उपाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। रविवार को जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह द्वारा औपचारिक रूप से पत्र जारी कर उनकी नियुक्ति की घोषणा की गई। यह खबर मिलते ही समर्थकों और स्थानीय लोगों द्वारा बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। पदभार मिलने के बाद सोनू सिंह ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करना, गरीब एवं वंचित वर्गों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाना और जनता के हितों की रक्षा करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। सोनू सिंह ने आगे कहा कि शेरघाटी क्षेत्र की जनता ने हमेशा उन्हें सम्मान दिया है और वे उनके विश्वास को कभी टूटने नहीं देंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने की अपील की। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।



## पूर्व मुखिया सरयू प्रसाद यादव का निधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** परसावां पंचायत अंतर्गत ग्राम रूपसपुर के पूर्व मुखिया सरयू प्रसाद यादव का रविवार की अहले सुबह निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे और पिछले तीन महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। पुत्र विनोद यादव के अनुसार कमर दर्द की शिकायत के बाद हड्डी में कैंसर की पुष्टि हुई थी। विभिन्न प्रतिष्ठित स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार के बावजूद उनकी स्थिति में सुधार नहीं हो सका। सरयू प्रसाद यादव ने वर्ष 1978 से 2000 तक पंचायत के मुखिया पद का दायित्व संभाला था। उनके निधन की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

# अपहरण कांड मामले का खुलासा, महिला समेत 6 गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गया पुलिस ने अपहरणकांड मामले में बड़ा खुलासा करते हुए महिला समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। वही अपहृत को भी सकुशल बरामद किया है। अपहरणकर्ताओं में 3 लाख की डिमांड किया था, 3 लाख रहने पर घर पर रखे चार पहिया वाहन, टोटो और ब्लैक चेक की मांग की गई थी। गया पुलिस ने मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के नैली गांव से अपहृत को बरामद किया था। इस मामले में पीड़ित के परिजन रोशन कुमार ने रामपुर थाना में मामला दर्ज कराया था कि उनके पिता जितेंद्र प्रसाद को अपहरणकर्ताओं ने अपहरण कर लिया है और उसे छुड़ाने के लिए 300000 का डिमांड किया है इस मामले में एक विशेष टीम गठित कर पुलिस ने वैज्ञानिक अनुसंधान के तहत मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के नैली गांव में छापेमारी की गई जहां से एक घर से बंद कमरे में कैद कर रखे जितेंद्र प्रसाद को सकुशल बरामद कर लिया, वही इस मामले में एक महिला समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि दोनों के बीच जान पहचान था, पुलिस ने बताया कि 3 लाख नहीं मिलने के एवज में अपहरणकर्ताओं ने अपहृत के घर पर रखे चार पहिया वाहन, टोटो और ब्लैंक चेक की मांग किया था।




# मड़रा रहल हे देश में आतंक के बादल...

## हिन्दी मगही साहित्यिक मंच की बैठक में वार्षिकोत्सव मनाने की रणनीति पर हुई चर्चा




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज।** हिन्दी-मगही साहित्यिक मंच की मासिक बैठक रविवार को किड्स केयर प्ले स्कूल के प्रांगण में आयोजित की गई जिसमें सदस्यों ने नये युग, देश भक्ति और मगध एवं अपनी जन्मभूमि से जुड़ी रचनाओं को पढ़ा जिस पर खूब तालियां बजी। मंच संरक्षक बच्चू शर्मा ने रचना सुनाते हुए कहा कि हमरा है इ बात के गौरव कि हम ही मगध के वासी ... पापा ने तो पिपुल डे पर मोबाईल मंगवाया था, ऑनलाईन हो गई पढ़ाई किस्तों पर दिलवाया था। सदस्य आनंद मिलिंद ने उगल भुरूकवा भेल न भोर, तु कि करब बरदास कर। मंच संरक्षक शम्भुशरण शर्मा ने मड़रा रहल हे देश में आतंक के बादल, होश में आ ज निंद में ह की मातल..। मंच सदस्य रामचन्द्र दास ने ग्यारह बजे लेट न तीन के बाद भेंट नै, बन गेल संस्कृति हे ... आदि रचनाओं को सुनाया। मंच सरक्षक कृष्णचंद्र चौधरी ने कहा कि आगामी 8 दिसम्बर को मगह के शान स्व0 जयराम बाबु की जयंती मनायी जाएगी तथा माह के अंत में 28 दिसंबर को मंच का वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। बैठक के अंत में मंच सदस्यों ने आधुनिक युग के साहित्यकार, कवि एवं संपादक गोवर्धन प्रसाद सहाय की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

# थाई एयरवेज से गया एयरपोर्ट पहुंचे मलेशिया के 5 समेत सात यात्रियों को रोका

## तीन दिनों में 19 अंतर्राष्ट्रीय यात्री रोके गए, 2-2 लाख का लग सकता है जुर्माना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार के गया एयरपोर्ट पर थाई एयर एशिया और थाई एयरवेज विमान से एक्सपायर वीजा के साथ पहुंचे मलेशिया के पांच, सिंगापुर और थाईलैंड के एक यात्रियों को रोका गया है। इन सात यात्रियों में सभी महिलाएं हैं। इमिग्रेशन के तहत सभी को गया एयरपोर्ट पर ही रोक दिया गया। सभी को एयरपोर्ट से बाहर जाने नहीं दिया गया। पिछले तीन दिनों में गया एयरपोर्ट पर 19 अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को रोका जा चुका है। ये सभी या तो बिना वीजा या फिर एक्सपायर वीजा के साथ गया एयरपोर्ट को पहुंचे थे। वहीं, लगातार इस तरह के मामले आने के बाद गया एयरपोर्ट पर चौकसी पैनी कर दी गई है। वहीं, जानकारी के अनुसार इन सभी के खिलाफ कम से कम 2-2 लाख का जुर्माना वसूली की कार्रवाई की जा सकती है। संबंधित एयरलाइंस कंपनियों के माध्यम से यात्रियों से यह जुर्माना वसूला जाएगा। थाई एयर एशिया और थाई एयर वेज विमान से बिहार के गया एयरपोर्ट पर पहुंचे सात यात्रियों को रोका गया है। यह सातों यात्री महिलाएं हैं। ये सभी एक्सपायर वीजा के साथ गया एयरपोर्ट को पहुंचे थे। इनमें पांच मलेशिया, एक सिंगापुर और एक थाईलैंड की है। इमिग्रेशन के तहत सभी को गया एयरपोर्ट पर ही रोक दिया गया। उन्हें बाहर नहीं निकलने दिया गया। इससे पहले 12 कंबोडियाई यात्रियों को बीते गुरुवार को गया एयरपोर्ट पर रोक दिया गया था। ये विशेष चार्टड विमान से कंबोडिया से गया एयरपोर्ट को पहुंचे थे। उस चार्टर्ड विमान से डेढ़ सौ यात्री आए थे जिसमें 12 के पास वैध वीजा नहीं था। बताया जा रहा है, यह सिलसिला जारी है और पिछले तीन दिनों के भीतर यानी गुरुवार से इस तरह के मामलों में 19 अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को गया एयरपोर्ट पर रोका जा चुका है जिसमें एक बार 12, दूसरी बार 6 और तीसरी बार 1 अंतर्राष्ट्रीय यात्री को को वैध वीजा नहीं होने या एक्सपायर वीजा को लेकर गया एयरपोर्ट पर रोका गया है। इसे लेकर गया एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। वहीं, एयरपोर्ट पर चौकसी भी बढा दी गई है। जानकारी के अनुसार ऐसे मामले गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को सामने आए हैं। भगवान बुद्ध की ज्ञान भूमि अंतरराष्ट्रीय स्थली बोधगया में इन दिनों पर्यटन सीजन शुरू हुआ है और दुनिया भर के देशों से विदेशियों का आगमन हो रहा है। इसके बीच गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को लगातार ऐसे मामले सामने आए हैं। बताया जा रहा है, कि शुक्रवार-शनिवार को थाईलैंड से थाई एयर एशिया और थाई एयरवेज विमान गया एयरपोर्ट पर यात्रियों को लेकर पहुंचा था।




## नित्यानंद श्रीमद्भागवत गीता सत्संग का आयोजन एक से सात दिसंबर तक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** नित्यानंद श्रीमद्भागवत गीता सत्संग (गीताजयंती) का वार्षिक आध्यात्मिक आयोजन इस वर्ष भी अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। वर्ष 1972 में स्थापित यह सत्संग परंपरा वर्षों से भक्तों को धर्म, भक्ति और ज्ञान से जोड़ने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष एकादशी (सोमवार), 01 दिसंबर 2025 से शुरू होकर मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष सप्तमी (रविवार), 07 दिसंबर 2025 तक चलेगा। सप्ताह भर भजन-कीर्तन, कथा-प्रवचन एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। कार्यक्रम के संचालनकर्ता पुरषोत्तम नारायण पाठक जी हैं जो संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम का समन्वय बसंत विकास न्यास के सचिव आचार्य पुष्पोत्तम पाठक के द्वारा किया जा रहा है।

# युवक के ऊपर से गुजर गई मालगाड़ी ट्रेन, बाल-बाल बची जान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** एक युवक के ऊपर से पूरी मालगाड़ी गुजर गई, लेकिन फिर भी युवक की जान बच गई। युवक को एक खरोच नहीं आई। यह दृश्य देखने वाले जहां डरे थे। किंतु जैसे ही जान बची तो जहां सभी ने राहत की सांस ली। वहीं, दूसरी ओर युवक उठा और भगवान को प्रणाम के रूप में दोनों हाथ जोड़े और धन्यवाद कर अपने गंतव्य की ओर निकल गया। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

**मालगाड़ी ट्रेन गुजरी, लेकिन खरोच तक नहीं आई**

बिहार के गया जी के गया - कोडरमा रेलखंड के पहाड़पुर स्टेशन पर आज जो दृश्य लोगों ने देखा, वह किसी आश्चर्य से कम नहीं था। गया जी के पहाड़पुर स्टेशन पर एक युवक के ऊपर से मालगाड़ी गुजर गई। किंतु उसकी बाल-बाल जान बच गई और यह चर्चा का विषय बन गई है। आश्चर्य तो यह भी था, कि उसे खरोच तक नहीं आई। यह दृश्य देख लोग दंग रह गए। फिलहाल इस घटना की काफी चर्चा हो रही है।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की एक बैठक महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर के एन तिवारी के आवास पर हुई जिसमें महासभा के प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। विभिन्न समितियां के प्रभारी मनोनीत किए गए जिसमें मुख्य रूप से भवन निर्माण समिति, सदस्यता समिति, महासभा के विस्तार हेतु प्रखंड एवं पंचायत तक संपर्क समिति, कार्यक्रम आयोजन समिति, आपातकालीन सेवा समिति, आपदा सेवा समिति और प्रज्ञा मंडल समिति के प्रभारी की नियुक्ति की गई जिसमें भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष शहर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता रामजी मिश्रा को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। सदस्यता समिति की जिम्मेदारी राजेश कुमार तिवारी को दी गई। प्रज्ञा मंडल समिति की जिम्मेदारी प्रेम शंकर ओझा को दी गई। आज कीबैठक में मुख्य रूप से सामाजिक एजेंडा की तहत बुटश तिवारी द्वारा हाल में मध्य प्रदेश के आईएएस संतोष वर्मा के वक्तव्य की निंदा की गई। इसमें एक स्वर से महासभा के सदस्यों ने कड़े शब्दों में संतोष वर्मा के वक्तव्य की निंदा की तथा सामाजिक एवं न्यायिक स्तर पर इसका विरोध करने का संकल्प लिया।

# नि:शुल्क शिक्षण संस्थान महावीर क्विज एंड टेस्ट सेंटर का 19वां स्थापना दिवस मना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** नि:शुल्क शिक्षण संस्थान महावीर क्विज। टेस्ट सेंटर का 19 वां स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिहार राज्य धार्मिक परिषद के सदस्य सायन कुणाल, सुप्रसिद्ध शिक्षक आदित्य रंजन, एसडीएम आशुतोष रंजन, जेल सुप्रीटेंडेंट सुजीत राय सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी अतिथियों ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सायन कुणाल ने बच्चों को कंप्यूटर समेत कई शिक्षण सामग्री देने की बात की। साथ ही उन्होंने वादा किया कि जल्द ही महावीर क्वीज एंड टेस्ट सेंटर का अपना लाइब्रेरी भवन भी बनेगा। बिहार राज्य धार्मिक परिषद की ओर से इसकी अनुमति दी जाएगी। रोहतास में चल रहे इस प्रकार के संस्था की जमकर तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि मुझे देख कर खुशी हुई कि रोहतास जिले में इस प्रकार का काम चल रहा है। वहीं दिल्ली से आए सुप्रसिद्ध शिक्षक आदित्य रंजन ने महावीर क्विज के छात्रों का हौसला देखकर जमकर तारीफ की। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को मैथ से संबंधित किताबें और क्लास भी फ्री देने की बात की। एसडीएम आशुतोष रंजन विधि व्यवस्था को बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाए। इसके साथ ही उन्होंने वादा किया कि जब भी जरूरत पड़ेगी मैं प्रशासन की ओर से हर संभव मदद करने का प्रयास करूंगा। जेल सुपरिंटेंडेंट सुजीत कुमार राय अपने मोटिवेशनल बातों से बच्चों को खूब प्रभावित किया। आपको बता दें कि संस्था द्वारा प्रत्येक साल स्थापना दिवस से पूर्व एक नि:शुल्क ओपन टेस्ट का आयोजन किया जाता है जिसमें टॉप किए 50 छात्रों को मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया। टॉप करने वालों छात्र और छात्राओं को नगद राशि, संस्था का प्रतीक चिन्ह और पेन, डायरी के साथ सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्था के संस्थापक छोटेलाल सिंह, मीडिया प्रभारी राज कमल, सचिव शैलेश पटेल, कोषाध्यक्ष बजरंगी कुमार, कार्यालय प्रभारी उमेश कुमार, राजू मेहता समेत हजारों छात्रों के साथ संस्था के सैकड़ो जॉब होल्डर उपस्थित रहे।



# किसान संघर्ष मोर्चा की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** इसमाइलपुर में रविवार को उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नंदलाल सिंह ने की। शुरुआत में मोर्चा के केंद्रीय कमिटी सदस्य दिवंगत ललन सिंह चंद्रवंशी को श्रद्धांजलि देते हुए एक मिनट का मौन रखा गया। बैठक में नहर से जुड़े जारी कार्यों पर चर्चा की गई। सदस्यों ने कहा कि दैनिक समाचार पत्रों में नहर निर्माण कार्य शुरू होने की खबर प्रकाशित हुई है जिसकी भौतिक सत्यापन मोर्चा की टीम द्वारा संबंधित स्थलों पर जाकर की जाएगी। साथ ही भू-अर्जन से जुड़े प्रभावित लोगों को किस दर से भुगतान किया जाएगा, इसकी स्पष्ट जानकारी संबंधित कार्यालय से लेने पर सहमति बनी। बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि अंगरा, कोटवारा और चेई नवादा कैनाल में कार्य हेतु टेंडर हुआ है या नहीं, इसकी जानकारी भी अधिकारियों से ली जाएगी। मोर्चा द्वारा जनवरी माह में कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला पार्षद सह सचिव बालेश्वर प्रसाद यादव, जयनंदन शर्मा, अशोक यादव, उपेंद्र कुमार, एल.के. बिंदु, राम विजय यादव, किशोरी मोहन, मुन्ना प्रसाद, राम प्रवेश सिंह, मो. कलामुद्दीन, देवलाल सिंह समेत कई सदस्य मौजूद थे।

## नबीनगर रेफरल अस्पताल जाने वाली सड़क जर्जर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** नबीनगर-टंडवा पथ से रेफरल अस्पताल जाने वाली सड़क इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। सड़क पूरी तरह से गड्ढे में तब्दिल हो गई है। सड़क जर्जर होने से नागरिकों को आवागमन में परेशानी होती है। नबीनगर-टंडवा मुख्य पथ से नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नं-छह सोनपुरा स्थित रेफरल अस्पताल जाने वाली सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है। प्रतिदिन इस सड़क पर बाइक, टेंपो, एंबुलेंस और अस्पताल के कर्मी आवागमन करते हैं। खराब सड़क से आवागमन करने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। खराब सड़क से वाहन चालक डरते हुए गुजरते हैं। रेफरल अस्पताल जाने वाली मुख्य सड़क गड्ढे में तब्दील है परंतु इस ओर न तो स्थानीय अस्पताल प्रशासन का ध्यान है और न ही नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान नहीं है।

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय में,
न्यायकर्ता कम मुंसिफ, बाढ़, पटना

**स्वत्व वाद सं 71/2025**

नरेश सिंह........ ..... वादी

**वनाम**

शशिकांत कुमार उर्फ पुलपुल एवम अन्य...... .

-प्रतिवादीगण

**नोटिस वनाम**

1. शशिकांत कुमार उर्फ पुलपुल कुमार 2. रविकांत कुमार... दोनों पिता स्व. युगल ठाकुर 3. सीता देवी पति स्व. युगल ठाकुर 4. ममता कुमारी 5. रुकांता कुमारी... दोनों पुत्री स्व. युगल ठाकुर सभी निवासी ग्राम- सबनीमा, थाना- अथमलगोला, जिला- पटना

आपलोगों को सूचित किया जाता है कि वादी ने उपर्युक्त वाद में आपलोगों की उपस्थिति हेतु न्यायालय के दोनों माध्यम से आपलोगों को नोटिस भेजा मगर आपलोगों नोटिस तमिला के वावजूद भी मेरे न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए. आपलोगों को इस अदालती सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आपलोग 12.12.25 को समय 11 बजे दिन में मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर उचित पैरवी करें अन्यथा आपके अनुपस्थिति में उचित आदेश पारित कर दिया जायेगा. आज दि. 26.11.25 को मेरे न्यायालय के मोहर एवम मेरे द्वारा हस्ताक्षरित निर्गत किया जाता है

**न्यायकर्ता कम मुंसिफ, बाढ़**

संपादकीय

# आर्थिक अपराधों में न्याय के दोहरे मापदंड

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक 14 हजार करोड़ के बड़े आर्थिक घोटाले में जिस तरह से आरोपियों को 'नरम' सजा दी है, उससे आर्थिक अपराधों के मामले में न्यायिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। जबकि यह मामला गंभीर फर्जीवाड़े का था और आरोपियों को 'सेटलमेंट' की जगह सख्त सजा मिलनी चाहिए थी। उल्लेखनीय है कि स्टर्लिंग बायोटेक के मालिक और घोटाले के आरोपी संदेसरा बंधुओं को फैसले के मुताबिक सेटलमेंट के तौर पर क़रीब 5000 करोड़ रुपये देने होंगे। ऐसा करने पर उन पर दर्ज सारे आपराधिक केस हटा लिए जाएँगे। नितिन और चेतन संदेसरा बंधुओं ने 14 हजार करोड़ की यह ठगी सरकारी बैंकों से की थी। गुजरात स्थित उनकी कंपनी स्टर्लिंग बायोटेक लिमिटेड के जरिए उन्होंने बैलेंस शीट में हेराफेरी की, टर्नओवर बढ़ाकर दिखाया और सैकड़ों शेल कंपनियों के माध्यम से कर्ज की राशि को निजी वैभव में बदल दिया। बॉलीवुड की शानदार पार्टियाँ, निजी जेट, विदेशी निवेश- सब कुछ बैंक के पैसों से। इस पूरे मामले की सीबीआई और ईडी की जाँच बताती है कि संदेसरा बंधुओं ने 2004-2012 के बीच व्यवसाय विस्तार के नाम पर लोन लेकर उसे डायवर्ट कर दिया। यह कोई साधारण व्यापारिक गलती नहीं थी बल्कि सुनियोजित लूट थी जिसे रेगुलेटरी खामियों ने आसान कर दिया। 2017 में जब शिकंजा कसा गया, तो दोनों भाई अल्बानिया के पासपोर्ट लेकर नाइजीरिया भाग गए। वहाँ उनकी कंपनी स्टर्लिंग ऑयल अब नाइजीरिया के कुल राजस्व का 2.5 प्रतिशत देती है। यानी भारत में अपराध करके वो अब विदेश में राज करते हैं। सवाल यह है कि संदेसरा बंधु इतना बड़ा फ्रॉड कैसे कर पाए? बगैर तगड़े राजनीतिक संपर्कों के यह संभव नहीं था। बताया जाता है कि यूपीए शासन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल से उनके गहरे संबंधों के चलते बैंकों ने आँखें मूंदकर बड़े-बड़े कर्ज मंजूर किए। 2014 के बाद दोनों शातिर भाइयों ने खुद को 'राजनीतिक प्रताड़ना का शिकार' बताया और दावा किया कि मोदी सरकार उनके कांग्रेस कनेक्शन की वजह से बदला ले रही है। लेकिन सच्चाई यह है कि गुजरात में 1995 से बीजेपी की ही सरकार है और शुरुआती कर्ज वहीं मंजूर हुए थे। राकेश अस्थाना जैसे विवादास्पद अधिकारियों से भी उनके तार जुड़े बताए जाते हैं। यानी दोनों पार्टियों के दौर में संरक्षण मिलता रहा। यह भारत के क्रोनी कैपिटलिज्म का क्लासिक उदाहरण है। यानी नेता संरक्षण देते हैं, उद्योगपति चंदा देते हैं, और जनता का पैसा डूबता है। इसी मामले पर 23 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला दिया। जिसके मुताबिक 5700 करोड़ रुपये (यानी कुल बकाया का लगभग एक-तिहाई) दिसंबर 2025 तक जमा करने पर सारे संदेसरा बंधुओं पर सभी आपराधिक मुकदमे खत्म हो जाएँगे और दोनों भाई भारत लौट सकेंगे। इसके पहले ईडी ने उनकी 14521 करोड़ की संपत्ति कुर्क की थी- नाइजीरिया के तेल खदान से लेकर गल्फस्ट्रीम जेट तक। हैरानी की बात यह है कि अदालत के इस फैसले को 'व्यावहारिक समाधान' बताया जा रहा है। लेकिन आम आदमी के गले नहीं उतर रहा है। हालांकि फरार आर्थिक अपराधी कानून (2018) में सेटलमेंट का प्रावधान है, लेकिन उसका मकसद अपराधी को सजा से पूरी तरह मुक्त करना तो नहीं ही है। इस फैसले से ध्वनि निकलती है कि इस देश में कितना भी बड़ा आर्थिक अपराध करो और विदेश भाग जाओ तथा वहां नया कारोबार खड़ा कर लो। लेकिन इस मामले में कोर्ट की सोच सिलेक्टिव लगती है। क्योंकि विजय माल्या पर भी ऐसे ही आरोप हैं,लेकिन बैंकों ने माल्या के सेटलमेंट ऑफर को ठुकरा दिया। तो फिर संदेसरा के मामले में इसे क्यों और किस दबाव में स्वीकार किया गया, यह सोचने की बात है।

# भारत के लिए बेहद खास रहा जी20 समिट 2025



डॉ मणिकांत झा

दक्षिण अफ्रीका में पहली बार आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन रविवार को संपन्न हो गया। कई मायने में यह सम्मेलन भारत के लिए बेहद खास साबित हुआ है। एक ओर जहां भारत के वैश्विक नेतृत्व क्षमता उभर कर सामने आई है वहीं दूसरी ओर दुनिया के विकासशील देशों की लगातार बढ़ रही चुनौतियों को मजबूती से पेश करने के लिए यह सम्मेलन एक बड़ा मंच साबित हुआ है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सम्मेलन में उपस्थिति ,सदस्य देशों के राष्ट्र अध्यक्षों के साथ उनकी द्विपक्षीय वार्ता से लेकर निर्धारित एजेंडा में भी भारत की खास भूमिका लग रही है। सम्मेलन के प्रारंभ में ही दक्षिण अफ्रीका ने घोषणा पत्र को सर्वसम्मति से पारित कराकर यह संदेश देने की कोशिश की कि अमेरिका के बहिष्कार करने की घोषणा के बावजूद भी इस पर कोई विपरीत प्रभाव पड़ने वाला नहीं है। जबकि सम्मेलन में 19 सदस्य देशों की उपस्थिति से सम्मेलन की सफलता का संदेश जाना भी स्वाभाविक ही है।

भारत की अध्यक्षता में वर्ष 2023 में जी20 का सफल आयोजन हुआ था। इसमें भारत के पहल पर अफ्रीकन यूनियन जी20 का सदस्य बनाया गया और इस वर्ष दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में यह सम्मेलन का आयोजन होना भी भारत के लिए खास मायने रखता है।इतना ही नहीं भारत ने अपनी अध्यक्षता के दौरान वैश्विक दक्षिण के विकास के मजबूत समर्थन की जो पहल शुरू की थी वह भी इस सम्मेलन के दौरान ज्यादा मुखर होता दिख रहा है। वहीं अमेरिका द्वारा जी20 सम्मेलन के बहिष्कार की घोषणा के प्रतिरोध स्वरुप अफ्रीकी राष्ट्पति राम फोसा ने समापन समारोह के मौके पर किसी अमेरिकी अधिकारी को अध्यक्षता का प्रतीक हथौड़ा नहीं सौंपा । इससे संबंधित तथ्य यह है कि अगली जी20 सम्मेलन का आयोजन अमेरिका द्वारा किया जाना तय है। परंपरा के अनुसार इसके लिए सम्मेलन समापन के दिन अध्यक्षता का प्रतीक हथौड़ा अगली मेजबान देश को सौपा जाता है। जो इस सम्मेलन के दौरान नहीं हो सका क्योंकि अमेरिका द्वारा किसी कारणवश सम्मेलन को बहिष्कार की घोषणा कर दी गई थी। हालांकि बाद में अमेरिका की ओर से कोई अधिकारी औपचारिकता को पूरा करने पहुंचे थे लेकिन अफ्रीका के राष्ट्रपति रामफोसा ने ऐसा नहीं किया फलस्वरूप खाली मेज पर रखकर ही औपचारिकता का निर्वाह किया। इस घटना को भारत की कूटनीतिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन के तीनों सत्रों में आर्थिक विकास ,जलवायु परिवर्तन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे मुद्दों पर स्पष्ट व स्वतंत्र पक्ष रखा ।उन्होंने वैश्विक विकास के मानक पर पुनः विचार करने का आह्वान करते हुए कहा कि जी-20 ने वैश्विक वित्त और विकास को आकर जरूर दिया है लेकिन वर्तमान समय में उपयोग में लाये जा रहे मॉडल एक बहुत बड़ी आबादी को संसाधनों से व वंचित कर दिया है। उन्होंने सभी को साथ लेकर समावेशी और सतत आर्थिक विकास पर जोर दिया है ।प्रधानमंत्री मोदी का प्रस्ताव प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए जी20 ग्लोबल हेल्थ केयर रिस्पांस टीम के गठन का भी है। इसमें प्रशिक्षित मेडिकल एक्सपर्ट्स को शामिल करने का प्रस्ताव है जिन्हें संकट के समय तुरंत सक्रिय किया जा सके। वहीं आतंकवाद के गठजोड़ को तोड़ने के लिए जी 20 इनीशिएटिव ऑन काउंटिंग ड्रग टेरर नेक्सस का है। उन्होंने चेताया कि ड्रग्स मानव स्वास्थ्य के लिए ही नहीं वरन आतंकवादी फंडिंग का भी बड़ा स्रोत बन रहा है। इसके अलावा उन्होंने वैश्विक सांस्कृतिक और पर्यावरणीय ज्ञान को संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियां को सहज उपलब्ध कराने का भी सुझाव दिया।पीएम मोदी ने संदर्भित भारत के पक्ष रखते हुए कहा कि भारत इंसानों पर केंद्रित और सभी को साथ लेकर चलने वाले भविष्य को बनाने के लिए इन सभी मोर्चे पर लगातार काम कर रहा है। उन्होंने वैश्विक विकास के लिए सभी देशों को मिलकर काम करने की संस्कृति पर भी बल दिया। सभी देशों को अंतरिक्ष तकनीक का लाभ मिल सके इसके लिए ओपन सैटेलाइट डाटा पार्टनरशिप का भी प्रस्ताव उन्होंने दिया।

जी20 शिखर सम्मेलन में उपस्थित सदस्य देशों ने विश्व बैंक और आईएमएफ जैसे अन्य आर्थिक और वित्तीय संस्थानों में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की प्रक्रिया में विकासशील देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर जोर दिया। सम्मेलन का खास यह भी रहा कि वैश्विक दक्षिणी देशों ने आर्थिक साझेदारी के तौर पर अपने को पेश करने की जोरदार कोशिश की। वहीं लगातार बढ़ रही वैश्विक असमानता की खाई को पाटने के लिए गरीब देशों के प्राथमिकताओं के लिहाज से समावेशी विकास के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए दक्षिणी अफ्रीकी नेतृत्व की सराहना भी की । सम्मेलन में प्राकृतिक आपदाओं के खतरे को कम करने की पेशकश भारत के साथ-साथ सदस्य देशों ने भी की। इसके अतिरिक्त वैश्विक न्यूनतम कर और अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण से जुड़ी

चुनौतियों को दूर करने के लिए जी20 देशों ने साथ-साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई।

जो भी हो जी-20 शिखर सम्मेलन ने यह साबित कर दिया है कि विकासशील अर्थव्यवस्था का प्रभाव लगातार ग्लोबल मंच पर बढ़ रहा है ।कुछ उन्नत देशों के भरोसे रहना कतई उचित नहीं होगा स्वयं की शक्ति को जगाने के साथ-साथ गरीब देश के चिंता को मंच के माध्यम से रखना भी आवश्यक है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिप्लोमेसी भारत को वैश्विक लीडर के रूप में मजबूत करेगा वही ट्रंप का बहिष्कार बहु पक्षपात के लिए नुकसान देह हो सकता है ।जबकि जी-20 में त्रिशक्ति में दम जरूर दिखा है। जबकि आस्ट्रेलिया कनाडा और भारत की साझेदारी मिलकर आगे की रास्ता तय करेंगे। घोषणा पत्र में आतंकवाद के खिलाफ भारत की रुख को समर्थन मिला।आपदा प्रबंधन में भारत के पहल को वैश्विक मान्यता भी मिली। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए वैश्विक नेताओं से मुलाकात कर संबंधों में नई ऊर्जा दी और वसुदेव कुटुंबकम का संदेश दिया। उनके ग्लोबल साउथ मंत्र को सराहा गया इससे विश्व मंच पर भारत को सम्मान मिला। अब जी-20 का अगला अध्यक्ष अमेरिका का होना तय है। सवाल है कि अमेरिका इसकी अध्यक्षता कैसे करता है जबकि इसके बगैर दुनिया आगे बढ़ चली है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)**

# आतंकवाद के व्यापक तंत्र का उत्तर क्या?

अवधेश कुमार

अभी तक इस भयानक आतंकवादी मॉड्यूल में छह ऐसे सम्मिलित डॉक्टर गिरफ्तार किए गए हैं जिनका दिमाग चिकित्सा में अच्छा करने की जगह मजहब के नाम पर हमला हत्या और विध्वंस पैदा करने की दिशा में ही लगा था। श्रीनगर का रहने वाला एक अन्य संदिग्ध डॉ. निसार फरार है। वह डॉक्टर्स एसोसिएशन ऑफ कश्मीर का अध्यक्ष भी है। जम्मू-कश्मीर सरकार ने डॉ. निसार को बर्खास्त कर दिया है।

इन्होंने अचानक कर विस्फोट नहीं किया बल्कि पहले से कोशिश चल रही थी। 6 दिसंबर को अयोध्या से लेकर अनेक स्थलों पर विस्फोट करने और उसके बाद इसकी श्रृंखला कायम रखने की तैयारी थी । अलफलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार

डॉ. मुजम्मिल गनई के मोबाइल फोन से प्राप्त डंप डेटा से पता चला है कि उसने और उमर ने इस वर्ष जनवरी में लाल किले क्षेत्र की भी कई बार रेकी की थी। ये रेकी गणतंत्र दिवस पर इसको निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी। उस समय क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण ये ऐसा नहीं कर सके । उच्च शिक्षित होने के कारण ये किस तरह हर प्रकार की तकनीक को समझ कर उसका उपयोग कर पाते थे इसका प्रमाण भी देखिए। उमर उन नबी, डॉ. मुजम्मिल गनई और डॉ. शहीन शाहिद ने स्विट्जरलैंड के 'थ्रीमा' नाम के एन्क्रिप्टेड ऐप से बातचीत की थी। इसी ऐप के जरिए वे धमाके की योजना, नक्शे सहित आवश्यक दस्तावेज व जानकारियां साझा कर रहे थे। थ्रीमा ऐप फोन नंबर या ईमेल के बिना काम करता है और हर यूजर को एक यूनिक आईडी देता है, जिससे उसका पता लगाना मुश्किल हो जाता है। हम और आप में से कितने लोगों ने थ्रीमा ऐप का नाम सुना है या उपयोग किया है? पता नहीं अभी इसमें और क्या-क्या जानकारियां सामने आएंगी। डॉक्टर बनने वाला कोई व्यक्ति छात्र के रूप में थोड़ा मेधावी तो होगा ही। इमरान मसूद जैसे नेता इनको भटका हुआ बता दें या हुसैन दलवई जैसे मुस्लिम नेता कहें कि चुनाव के पहले ही विस्फोट क्यों होता है, यह कहा जाए कि आप इसको इस्लामी आतंकवाद ना कहिए तो क्या उत्तर दिया जा सकता है? पुलिस की छानबीन में उनके पहले किसी अपराधी से संपर्क आदि की भी जानकारी नहीं है। एक डॉक्टर को समाज में इज्जत मिलती है और उसकी गतिविधियों पर सहसा संदेश नहीं किया जा सकता। आखिर कानपुर में किसने सोचा होगा कि डॉ. शाहीन शाहिद जैश ए मोहम्मद की इतनी बड़ी आतंकवादी होगी और उसके पास एक-47 जैसा हथियार होगा, सामने आया है कि धमाके के लिए 20 से 25 लाख रुपए इकट्ठा करने में उसकी प्रमुख भूमिका थी। इसमें हरियाणा और पंजाब से लेकर दिल्ली, गुजरात, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश तक आसानी से लोग आतंकवादी बन जाते हैं तो इसका कारण समझने के लिए अंतरिक्ष विज्ञानी होना आवश्यक नहीं है।

बगैर स्थानीय और परिवार के लोगों के सहयोग के इतना बड़ा तंत्र खड़ा हो ही नहीं सकता। फरीदाबाद के धौज मस्जिद के इमाम इश्तियाक और सिरोही मस्जिद के इमाम इमामुद्दीन अगर आतंकवाद इस्लाम का काम या जिहाद मानकर उनकी मदद कर रहे थे तो क्यों? इनने मिलकर पूरी अलफलाह यूनिवर्सिटी को ही आतंकवाद के बड़े केंद्र में बदल दिया था। पठानकोट से गिरफ्तार डॉ. रईस अहमद भी पहले अलफलाह यूनिवर्सिटी में काम करता था। इसी तरह हापुड़ के जीएस मेडिकल कॉलेज से गिरफ्तार डॉ. फारूक अहमदार अल-फलाह यूनिवर्सिटी में सीनियर रेजिडेंट रह चुका है। वह जम्मू-कश्मीर के बीरवाह जिले के बडगांव, वीरिपुरा के रहने वाला है। डॉ. मुजम्मिल जब विस्फोटक जमा कर रहा था तो किसी ने उसको टोका तक नहीं। पुलिस को बताया गया कि जब उससे पूछा तो कहा कि खेती का खाद रख रहे हैं और इसे जम्मू कश्मीर ले जाना है। जब मजहब के चेहरे इमाम तक इसमें शामिल हों तो रोक-टोक होगी कहां से।

अध्यात्म

## रोज अच्छी बातें सुनते और पढ़ते रहने से नकारात्मक विचार खत्म होते हैं

एक लड़के को उसके पिता ने संत कबीर के पास भेजा और कहा कि रोज उनके प्रवचन सुनो, लड़के ने कबीर से कहा कि मैं तो समझदार हूं, मुझे प्रवचनों की जरूरत नहीं है संत कबीर के कई ऐसे प्रेरक प्रसंग प्रचलित हैं, जिनमें सुखी और सफल जीवन के सूत्र छिपे हैं। इन सूत्रों की वजह से हमारी कई समस्याओं दूर हो सकती हैं। कबीर से जुड़े एक प्रसंग के अनुसार एक दिन क्षेत्र का एक लड़का संत कबीर के पास पहुंचा। लड़के ने संत कबीर से कहा कि गुरुजी, मैं पढ़ा-लिखा हूं और अपना अच्छा-बुरा समझता हूं, लेकिन मेरे माता-पिता ने मुझे आपके प्रवचन सुनने भेजा है। आप ही बताइए मेरे जैसे समझदार इंसान को सत्संग की क्या जरूरत है?

कबीरजी ने उस लड़के की पूरी बात सुनी। इसके बाद भी वे चुपचाप रहे। उन्होंने पास में रखी हथौड़ी उठाई और जमीन में गड़े एक खूंटे पर मार दी। ये देखकर लड़के को कुछ समझ नहीं आया, कुछ देर बाद वह वहां से चला गया।

अगले दिन वही लड़का कबीर के पास वापस आया और बोला कि मैंने कल एक प्रश्न पूछा था, आपने उसका उत्तर नहीं दिया था। कृपया आज मेरे प्रश्न का उत्तर दे दीजिए। कबीर ने फिर उसी खूंटे के ऊपर हथौड़ी मार दी, लेकिन कुछ बोले नहीं।

लड़के ने सोचा कि शायद इनका मौन व्रत है, इसी वजह से कुछ बोल नहीं रहे हैं। इसके बाद वह तीसरे दिन फिर आया और वही प्रश्न पूछा। इस बार भी कबीर ने उसी खूंटे पर हथौड़ी मार दी।

ये देखकर लड़के का धैर्य टूट गया। उसने कहा कि आप मेरे प्रश्न का जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं? मैं तीन दिन से एक ही बात आपसे पूछ रहा हूं। संत कबीर बोले कि मैं तो तुम्हें रोज जवाब दे रहा हूं। मैं इस खूंटे पर हथौड़ी मारकर जमीन में इसकी पकड़ मजबूत कर रहा हूं। अगर इस खूंटे की पकड़ कमजोर होगी तो इससे बंधे पशुओं की खींचतान से या ठोकर लगने से ये निकल जाएगा। ठीक इसी तरह का काम प्रवचन करते हैं।सत्संग, प्रवचन और अच्छी बातें हमारे मनरूपी खूंटे पर बार-बार प्रहार करती हैं तो हमारे नकारात्मक विचार खत्म होते हैं। सकारात्मक विचार बढ़ते हैं। हर रोज अच्छी बातें पढ़ने और सुनने से हमारा मन बुराई से दूर हो जाता है। इसलिए सत्संग जरूरी है।

**मध्य-प्रदेश में आईएएस अधिकारी का आचरण आदर्श व्यवहार के प्रति नितांत अभद्र बयान के रूप में सामने आया है। यह बयान केवल ब्राह्मणों की बेटियों के लिए ही नहीं, बल्कि समूचे देष की बेटियों के प्रति जातिसूचक अशोभनीय बयान है, जो कतई बर्दाश्त के लायक नहीं है। राजधानी भोपाल में कृषि विभाग में उपसचिव स्तर के आईएएस संतोष वर्मा ने आरक्षण का पक्ष लेते हुए विवादित बयान में ब्राह्मण समाज की बेटियों को लपेटा है। उन्होंने कहा कि जब तक मेरे बेटे को कोई ब्राह्मण अपनी बेटी दान न कर दे या उससे संबंध न बना ले तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। केवल आर्थिक आधार की बात है तो जब तक रोटी-बेटी का व्यवहार नहीं होता, तब तक सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर आरक्षण की पात्रता बनी रहनी चाहिए।**

# आरक्षण के लिए ब्राह्मण-बेटियों की बेहूदी मांग

प्रमोद भार्गव

वर्मा ने यह टिप्पणी मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिकारी तथा कर्मचारी संघ का प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद एक सभा में कही है। इस कथन का वीडियो बहुप्रसारित होने के बाद इसका विरोध न केवल ब्राह्मणों ने किया, बल्कि सभी जातियों के प्रभुत्व नागरिकों ने भी किया है। इस आक्रोश के बाद संतोष वर्मा को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया। लेकिन इस बयान के बाद संतोष वर्मा के राज्यसेवा में रहते हुए काले-चिट्ठे का सिलसिलेवार खुलना शुरू हो गया। अब सवाल यह उठ रहा है कि अनेक आपराधिक कृत्यों का आरोपी आखिरकार उस भाजपा सरकार में सेवा में कैसे है, जो नारियों के सम्मान की चिंता का दावा करने से अघाती नहीं है। उनकी आईएएस हेतु पदोन्नति पर भी सवाल उठ रहे हैं।

इस टिप्पणी के आद संतोष वर्मा बैकफुट पर तो है। उनके दुराचरण और फर्जीवाड़े की नई-नई परतें रोजाना खुल रही हैं। उन्होंने आईएएस की पदोन्नति के लिए विषेश न्यायाधीश विजय रावत के नाम से जाली आदेश व हस्ताक्षर तैयार कराए। इन दस्तावेजों और आदेश की सत्यापित प्रति के आधार पर उन्होंने खुद को बरी दिखाकर आईएएस कैडर और पदोन्नति हासिल कर ली। जबकि जिस दिन का यह आदेश है, उस दिन विजय रावत छुट्टी पर थे। जांच में यह आदेश फर्जी पाया गया। उन पर धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज हुई। 27 जून 2021 को पुलिस ने वर्मा को गिरफ्तार किया और राज्य शासन ने उन्हें निलंबित कर दिया। उनके विरुद्ध आईपीसी की धारा 420 (धोखाधड़ी), 467, 471, (कूटरचित दस्तावेज) और 120-बी (साजिश) में मामला दर्ज है। इस प्रकरण की एसीपी सेंट्रल कोतवाली में अभी भी जांच चल रही है। संतोष वर्मा पर इंदौर के लसूडिया थाने में एक महिला ने धोखाधड़ी और शारीरिक शोषण की एफआईआर दर्ज कराई थी। पीड़ित महिला का कहना था कि वर्मा ने शादी का झांसा देकर विश्वासघात किया। वह पहले से ही विवाहित था। जिसे उसने छिपाया और बाद में शादी से मना कर दिया। इस पर महिला ने एफआईआर के साथ कई जगह सरकार को शिकायती पत्र भी लिखे। लेकिन राज्य सरकार न केवल चुप्पी साधे रखी, बल्कि भारतीय प्रशासनिक सेवा संवर्ग के लिए पदोन्नत करने की अनुशंसा भी कर दी। सरकार का यह नितांत गैर-जुम्मेवाराना काम रहा था। इस पदोन्नति से संतोष वर्मा का अहंकार बड़ा और उन्होंने आरक्षण के बहाने ब्राह्मण बेटियों पर जिस तरह की निंदनीय टिप्पणी की, उसकी उम्मीद किसी समझदार व्यक्ति से कतई नहीं की जा सकती है ? यहां प्रश्न यह भी उठता है कि जिस अधिकारी को सेवा आचरण नियमावली तक का ज्ञान नहीं है, उसे कैसे सरकार ने आईएएस बना देने की अनुशंसा भारत सरकार को कर दी? ऐसी दूषित मानसिकता के अधिकारियों से निष्पक्ष कार्यशैली की उम्मीद कतई नहीं की जा सकती है ? अतएव राज्य सरकार को निलंबन से आगे जाकर सेवा समाप्ति की कार्यवाही तो करने की जरूरत तो है ही, पुलिस एवं अदालत में लंबित प्रकरणों पर भी बस्ते में बंद जांच आगे बढ़ाने की भी जरूरत है।

मध्यप्रदेश में उच्चाधिकारियों के व्यवहार में उद्दंडता लंबे समय से बनी चली आ रही है। मुख्यमंत्री कमलनाथ की सरकार के दौरान राजगढ़ जिले के ब्यावरा नगर में संशोधित नागरिकता कानून के पक्ष में प्रदर्शन कर रहे भाजपा नेताओं को जिलाधीश और उप-जिलाधीश ने चांटे जड़ दिए थे। ये चांटे कलेक्टर निधि निवेदिता और डिप्टी कलेक्टर प्रिया वर्मा ने मारे थे। दोनों नौकरशाहों ने महज अहंकार तुष्टि के चलते कार्यकर्ताओं के साथ निरंकुशता बरती थी। इन दोनों अधिकारियों का यह आचरण नागरिक सेवा के विपरीत था। उनके द्वारा स्वयं भीड़ में पहुंचकर मारपीट करना दंडनीय अपराध है। जेएनयू से षिक्षित और ब्रिटिश हुकूमत के दंभ से प्रेरित यही निधी 2016 में सिंगरौली जिला पंचायत की सीईओ रहते हुए एक पंचायत सचिव को उठक-बैठक लगवा चुकी थी।

जिला प्रमुख के 'कलेक्टर' नाम से वह अर्थ और ध्वनि नहीं निकलते हैं, जो उनकी कार्यशैली और कार्य क्षेत्र का हिस्सा है। कलेक्टर का सामान्य अर्थ, संग्राहक, संग्रहकर्ता, संकलनकर्ता, एकत्रित करने वाला अथवा कर उगाहने वाला होता है। जबकि हमारे यहां पदनाम का दायित्व जिले की कानून व्यवस्था और प्रशासनिक दायित्व से जुड़ा है। इसलिए कलेक्टर को डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट अर्थात् जिला दण्डाधिकारी भी कहा जाता है। कलेक्टर को जिलाधिकारी अथवा जिलाधीश के पदनामों से भी जाना जाता है, किंतु कलेक्टर पदनाम इतना प्रचलित और प्रभावशील हो गया है कि जो भी आईएएस बनते हैं, उन्हें सबसे ज्यादा गौरव का अनुभव कलेक्टर बनने या कलेक्टर कहलाने में ही होता है। इस बीमार प्रशासनिक तंत्र को दुरुस्त करने के लिए उनकी सेवा-शर्तों को नए सिरे से परिभाषित करने की जरूरत है।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि बीते दो दशकों के भीतर शासन-प्रशासन के स्तर पर कार्यशैली की गुणवत्ता में बहुत गिरावट आई है और हर क्षेत्र में प्रशानिक निरंकुशता बढ़ी है। शासन यानी सरकार का काम जन-हितैशी व चतुर्मुखी विकास संबंधी ठोस नीतियां बनाना है। स्वीकृत परियोजना के अनुरूप क्रियान्वयन का दायित्व प्रशासनिक अधिकारियों का होता है, जिनमें कलेक्टर जिला प्रमुख होने के साथ अधिकतम अधिकारों से संपन्न भी होता है। इसलिए 95 प्रतिशत कार्यों का संबंध ऐसे उचित क्रियान्वयन से है, जो पूरी तरह नागरिक सेवा के अधिकारियों के हाथ होता है। सच्चाई तो यह भी है कि विधायिका की बजाय अधिकांश नई नीतियों और नए कानूनों के निर्माण में भी अहम भूमिका इन्हीं अधिकारियों की रहती है। इसलिए ज्यादातर कानून इस तरह से परिभाषित किए जाते हैं कि उनमें अंतिम निर्णय का अधिकार अंततः अधिकारी के ही हाथ में रहे। पंचायती राज, सूचना का अधिकार, कानून और उपभोक्ता अदालतों से जनता का मोहभंग हो जाना यही प्रमुख वजह है।

जब शिक्षा-तंत्र पर निगरानी की पहल का दायित्व पंचायतों को सौंपने की बात उठी थी, तब शिक्षकों ने बौद्धिक दंभ दिखाते हुए कहा था कि एक निरक्षर सरपंच उन पर निगरानी कैसे कर सकता है ? यह प्रश्न अपनी जगह तार्किक हो सकता है, लेकिन इस परिप्रेक्ष्य में गौरतलब है कि शिक्षक रोजाना विद्यालय आता है अथवा नहीं ? आता भी है तो वह मटरगश्ती करता है या कुछ पढ़ाता भी है ? इसकी तस्दीक करने का संबंध निगरानीकर्ता के पढ़े-लिखे होने से कतई नहीं है ? आज सरकारी विद्यालयों में गुणवत्ता पूर्ण पढ़ाई से बड़ा सवाल शिक्षक का विद्यालय में उपस्थित नहीं होना है। अब भला शिक्षक की उपस्थिति की तस्दीक करने में निरक्षरता कहां बाधा बनती है ? यहां यह भी गौरतलब है कि एक अनपढ़ व्यक्ति का व्यावहारिक ज्ञान, पढ़े-लिखे से भी कहीं ज्यादा भी हो सकता है ? कलेक्टर हो या कोई अन्य लोकसेवक उसकी गुणवत्ता का मापदण्ड, उसकी ईमानदारी, कार्यक्षमता और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता से होती है। नीतियों व कार्यों पर यदि ठीक से अमल नहीं होता है तो गुणवत्ता ध्वस्त हो जाती है। प्रत्येक राज्य सरकार अनेक श्रेष्ठ नीतियां गरीब, वंचित और किसानों के हित में बनाती हैं, लेकिन प्रशासनिक अकुशलता और भ्रष्टाचार के चलते परिणाम के स्तर पर अमल दोषपूर्ण रहता है। यही वजह रही कि मध्य-प्रदेश में क्लर्क से लेकर आईएस तक जिन अधिकारियों के यहां लोकायुक्त पुलिस ने छापे डाले हैं, उनके यहां से करोड़ों की चल-अचल संपत्तियां बरामद हुई हैं। रंगे हाथों पकड़े जाने के बावजूद ये लोकसेवक धनबल व अपनी पहुंच के जरिए बेदाग बच निकलते हैं।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आप उन विषयों को महत्व नहीं दे पा रहे हैं जो वास्तव में आपके लिये अभी सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। अपने सौन्दर्य और रहन-सहन पर अत्यधिक ध्यान देंगे।

**वृषभ**
अपने भावों की अभिव्यक्ति प्रेमीजन से कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को विजय मिल सकती है। सम्पत्ति विवाद सुलझाये जा सकते हैं।

**मिथुन**
यदि आपका स्वतन्त्र व्यवसाय है, तो अपने ऑडिट पर नजर बनाये रखें। किसी विशेषज्ञ से भी सलाह लेना उचित होगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**कर्क**
आर्थिक दृष्टिकोण से दिन काफी अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने शौक पर अत्यधिक धन खर्च करेंगे। जीवनसाथी की विनम्रता से आकर्षित रहेंगे।

**सिंह**
रिलेशनशिप को विवाह में परिणित करने का विचार बनायेंगे। विदेश में शिक्षा ले रहे लोगों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। मन में विचारों का प्रवाह बढ़ेगा।

**कन्या**
प्रेमी जन के प्रति अत्यन्त आकर्षित रहेंगे। कम मेहनत से आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। कार्यशैली को नया रूप देने का प्रयास करेंगे।

**तुला**
आपके ऊपर काम का दबाव कम होगा। धन सम्बन्धित कार्यों को लेकर आप निर्णय बदल सकते हैं। दिखावे की प्रवृत्ति के कारण नुकसान हो सकता है।

**वृश्चिक**
परिवार में प्रशंसा मिलेगी। आपके सुझावों से लोगों को अत्यन्त लाभ मिलेगा। व्यापार में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। बच्चों को अच्छी सीख दें।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में कुछ संरचनात्मक परिवर्तन कर सकते हैं। किसी सहयोगी के कारण आपके काम अटक सकते हैं। घरेलू चिन्ताओं का असर कार्य पर पड़ सकता है।

**मकर**
व्यवसाय में साझेदारों से आपको अत्यधिक लाभ मिलेगा। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। दूसरों के साथ आपका तालमेल अच्छा रहेगा। परिवार और कारोबार में सन्तुलन बनाकर रखें।

**कुंभ**
विवाह जैसे आयोजनों के लिये खरीदारी कर सकते हैं। स्वास्थ्य को अच्छा बनाये रखने के लिये नित्य व्यायाम करें। मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोग बहुत मेहनत करेंगे।

**मीन**
लव लाइफ काफी अच्छी रहेगी। अधिकारियों का रूख आपके प्रति सकारात्मक रहेगा। रोजगार में परिवर्तन करने के लिये समय अच्छा नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### निःशुल्क निःसंतान दंपति परामर्श शिविर

**भगवानपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भूषण मेडिकल्स के बगल में स्थित आनंद अस्पताल में निःशुल्क निःसंतान दंपति परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में फर्टिलिटी विशेषज्ञ डॉ स्मृति स्पर्श व उनके सहयोगियों द्वारा 17 दंपतियों को निःशुल्क आईवीएफ की जानकारी दी गई। कैंप में वैसे दंपति पहुंचे जो विवाह के बाद भी माता-पिता बनने में असफल रहे, अनियमित माहवारी, ल्यूकोरिया जैसी समस्या थी। उन्होंने कहा कि निःसंतानता अब अभिशाप नहीं रहा। आधुनिक पद्धति से महिलाएं मातृत्व का सुख प्राप्त कर सकती हैं। इस शिविर को सफल बनाने में टिंकू कुमार उर्फ संजीव कुमार का विशेष योगदान रहा।

### सघन जांच अभियान

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नावकोठी थाना चैक पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु सघन जांच अभियान रविवार को चलाया। इससे बिना कागजात या अन्य कमियों वाले दोपहिया चार पहिया वाहन मालिक में हड़कंप मच गया। चालक वैकल्पिक रास्ते से भागते नजर आये। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस क्रम में 105 छोटे, बड़े वाहनों के जरूरी कागजात, सीट बेल्ट, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गयी। 18 वाहनों से 39 हजार रुपए का चालान काटा गया।इस अभियान में सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार ओझा तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### फाईलेरिया जांच को रक्त संग्रह

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फाइलेरिया उन्मूलन हेतु महेशवाड़ा पंचायत के बभनगामा में रात्रि रक्त पट संग्रह किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन चैधरी ने बताया कि फाइलेरिया का वैक्टेरिया रात्रि में ही सक्रिय होता है। इसके तहत बभनगामा में 300 व्यक्तियों का रक्त नमूना एकत्र किया गया है। इसकी जांच की जाएगी। जांचोपरांत फाइलेरिया से ग्रसित लोगों की पहचान हो जाएगी, जिसे नियमित दवा सेवन कराया जाएगा। दवा सेवन के उपरांत इस रोग पर नियंत्रण पाया जा सकता है। मौके पर बी सीएम उषा कुमारी,एलटी पंकज कुमार जोशी, सीएचओ राजा कुमार, विक्रांत कुमार, सूर्य भूषण कुमार, आशा फेसिलेटर संगीता कुमारी, आशा मुनचुन कुमारी सहित कई अन्य व्यक्ति मौजूद थे।

### शराब कारोबारी गिरफ्तार

**भगवानपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तेयाय ओपी अध्यक्ष कुमारी निकिता भारती ने एक देशी शराब कारोबारी को चार लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध मे तेयाय ओपी अध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना पर काजीरसलपुर गाँव से महेश चैधर के पुत्र रोहित चैधरी को काजीरसलपुर गांव से ही चार लीटर देसी शराब के साथ देर रात्रि गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध थाना कांड संख्या 340/25 दर्ज कर व्यवहार न्यायालय बेगूसराय भेज दिया गया।

### दो आरोपी गिरफ्तार

**बलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थानाध्यक्ष ने थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव से मारपीट मामले के दो आरोपी को गिरफ्तार किया।उक्त आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष बिकास कुमार राय ने बताया कि मारपीट मामले के दो आरोपी पिता पुत्र पोखरिया गांव से नाथो यादव के पुत्र निशांत कुमार एवम रामचन्द्र यादव का पुत्र नाथो यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### शराब के साथ गिरफ्तार

**बलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थानाध्यक्ष ने सब्जी मंडी में छापेमारी कर दो बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया।उक्त संबंध में थानाध्यक्ष बिकास कुमार राय ने बताया कि थाना क्षेत्र नगर के छोटी बलिया सत्ती चैड़ा स्थित सब्जी मंडी के पास से एक दुकान से गुप्त सूचना पर छापेमारी किया।छापेमारी के दौरान दुकान के अंदर बालू से ढककर रखा 180 एमएल का दो बोतल अंग्रेजी शराब सिंगनेचर प्रीमियम ग्रेन व्हिस्की बरामद हुआ। शराब बरामद होते ही आरोपी नगरगामा गांव वार्ड तीन निवासी रामदेव सिंह का पुत्र रुद्र प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके बिरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया की उक्त आरोपी के सब्जी मंडी में एक साल पूर्व भी एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ था। वही गिरफ्तार आरोपी ने कहा हमे फसाने व चलते ब्यवसाय में बाधा डालने को लेकर लोग हमें परेशान कर रहे है।

### कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

**रामनगर।** राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में रामनगर प्रखंड के सोनखर गांव के निवासी सचिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। नेशनल स्कूल गेम में दमदार उपस्थिति दर्ज कर सचिन ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े बच्चे भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का झंडा फहरा सकते हैं। सचिन मध्य विद्यालय शिवपुर कॉलोनी का छात्र है, जहां नियमित अभ्यास और शिक्षकों की प्रेरणा ने उसकी प्रतिभा को नई दिशा दी है। सचिन की उपलब्धि से विद्यालय परिसर में उत्साह का वातावरण बन गया। इसी खुशी में विद्यालय में प्रधान शिक्षक चंद्रशेखर प्रसाद और खेल प्रभारी पुनीत कुमार के नेतृत्व में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सचिन को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अध्यापकों ने कहा कि सचिन की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है और कठिन परिश्रम से हर लक्ष्य को पाया जा सकता है।

### 33 हजार लाईन में फाल्ट होने से चार घंटा बिजली आपूर्ति ठप

**नरकटियागंज।** रामनगर से नरकटियागंज जाने वाली 33 केवीए में फाल्ट आने के कारण मुशहरवा पीएसएस से जुड़े सोनासती, राजपुर, तुमकड़िया, बरवा बरौली, मठीया, सिरिसिया, मुरली, बेलवा, हैस्वा, गोपालपुर आदि क्षेत्र में रविवार को सुबह साढ़े सात से 12 बजे तक करीब चार घंटा से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली नही मिलने से उपभोक्ताओं के सभी उपकरण बंद हो गए जिससे उन्हें परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि बिजली विभाग कर्मियों ने फॉल्ट को ढूंढ कर उसे दुरुस्त किया। लगभग साढ़े चार घंटे के बाद दोपहर करीब 12 बजे बिजली आपूर्ति बहाल की गई। इस संबंध में कनीय विद्युत अभियंता राहुल कुमार ने बताया कि रामनगर से मुशहरवा पीएसएस में आने वाली 33 हजार केवीए में फाल्ट हो गया था। जिसके कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। फाल्ट की जानकारी मिलते ही उसकी खोजबीन कर उसे दुरुस्त किया गया और बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

# निक्षय मित्र योजना : ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा 55 टीबी मरीजों के बीच फूड पैकेट का वितरण

## टीबी मरीजों को गोद लेकर फूड पैकेट वितरण करना सराहनीय कार्य : डॉ एपी सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा (सारण)।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को शत प्रतिशत पूरा करने के लिए ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की संचालिका डॉ अंजू सिंह के द्वारा विगत दो वर्षो से छपरा शहर के विभिन्न मोहल्लों सहित एकमा प्रखंड से टीबी रोगियों के बीच पौष्टिक आहार खाने के लिए पोषाहार का वितरण किया जा रहा हैं। क्योंकि यह शहर ही नही बल्कि यूपी के जौनपुर में भी टीबी मरीजों को गोद लेकर सतत प्रयत्नशील संस्था के रूप में कार्य कर रहीं हैं। इसके अलावा यक्ष्मा के मरीजों को संस्था की ओर से जागरूक भी किया जाता है। उक्त बातें छपरा शहर की सामाजिक संस्था ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा लगभग 35 से अधिक टीबी मरीजों के बीच फूड पैकेट वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य विभाग के अवकाश प्राप्त गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने शहर के साधनापुरी स्थित उक्त कार्यालय के सभागार में संस्था द्वारा गोद लिए गए टीबी रोगियों के लिए पौष्टिक आहार वितरण समारोह के दौरान कही।

इस अवसर पर ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की संस्थापक सचिव डॉ अंजू सिंह ने उपस्थित आमजनों से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गयी निक्षय मित्र योजना एक सार्थक एवं सकारात्मक पहल है। जिससे टीबी रोगियों की उपचार में सहायता मिलती हैं। क्योंकि इलाजरत मरीजों के पोषण की जरूरतें पूरी होती हैं। इससे आमजन के साथ स्वयंसेवी संस्थाएं भी कदम बढ़ाकर टीबी उन्मूलन अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि टीबी रोगियों की पहचान के लिए सदर अस्पताल में बलगम जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध है। उसके बाद पौष्टिक आहार खाने के लिए टीबी रोगियों को उनके इलाज के दौरान बेहतर पोषण के लिए प्रति माह एक रुपए की धनराशि स्वास्थ्य विभाग की ओर से दी जाती है। हालांकि टीबी रोगियों के नोटिफिकेशन को बढ़ाने के लिए किसी आम व्यक्ति, निजी अस्पतालों एवं निजी चिकित्सकों को टीबी रोगियों की जानकारी देने पर प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। छपरा शहर के 35 टीबी रोगियों के बीच पौष्टिक आहार के रूप में फूड पैकेट वितरण किया गया है, जबकि एकमा के 20 और डोरीगंज के 15 टीबी रोगियों के बीच जल्द ही फूड पैकेट वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की संस्थापक सचिव डॉ अंजू सिंह, पूर्व एन सी डी ओ डॉ अमरेंद्र कुमार सिन्हा, वरीय पत्रकार धर्मेंद्र रस्तोगी, मणि शाही और प्रीति शाही सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### निगम क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण योजनाओं का टेंडर जारी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वर्षों से जर्जर स्थिति में पड़े सोवा बाबू चौक से मीना बाजार, शीतला माई चौक और जंगी मस्जिद होते हुए खुदाबख्श चौक तक डबल लेन रोड और नाला निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। इस परियोजना पर कुल 2.99 करोड़ रुपये की लागत आएगी। नाला और डबल लेन रोड बनने से इलाके में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और मीना बाजार क्षेत्र में जल जमाव की समस्या से राहत मिलेगी। इससे व्यापारियों और खरीदारों को भी काफी मदद मिलेगी। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि एक साल से उनके निरंतर प्रयासों के बाद बड़ा रमना मैदान के सौंदर्यीकरण के लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है। इस परियोजना पर 2.26 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिसमें मैदान में बहुउपयोगी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। महापौर सिकारिया ने कहा ये योजनाएं नगर निगम के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। महापौर के अनुसार, इन परियोजनाओं के पूरा होने से शहरवासियों को बेहतर सड़क, बेहतर जल निकासी और उन्नत सुविधाएं मिलेंगी।

## पेड़ से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनुआपुल थाना क्षेत्र में पतरखा - नौरंगिया रोड़ के ब्रह्म स्थान के समीप शनिवार की रात आठ बजे अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई गई। जिसमें दो चचेरे भाइयों की मौत की घटना स्थल पर ही हो गई। मृतकों में बैरिया थाना क्षेत्र के गजरवा बाजार वार्ड एक के शंभू धांगड़ के पुत्र संदीप कुमार (27) व संजय धांगड़ के पुत्र रामबाबू कुमार (20) शामिल है। आज सुबह में जब लोगो ने सड़क किनारे शवों को देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मनुआपुल थाने की पुलिस ने रविवार की सुबह शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया।

शनिवार की शाम करीब 6.30 बजे बाइक से मामा योगापट्टी के हरपुरा निवासी भुनेश बांगड़ के घर गए थे। रविवार को सोशल मीडिया के माध्यम से घटना की जानकारी मिली कि पतरखा- नौरंगिया रोड में ब्रहम स्थान मोड़ के समीप पेड़ से बाइक टकराने से दोनों की मौत हो गई है। सूचना पर सभी घटना स्थल पर पहुंचे, तो देखा कि शव सड़क किनारे पड़ी है और पुलिस भी पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया। उन्होंने बताया कि संदीप एकलौता संतान था। घटना को लेकर पिता शंभू धांगड़, मां देवानती देवी, बहन खुशबू कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मृतक रामबाबू कुमार तीन भाई में बड़ा बड़ा था। घटना को लेकर दो छोटे भाई लालाबाबू कुमार (07) तथा राधे कुमार (05), मां सुगांतकी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी सिटी।** नेशनल कडेट्स कोर का सोलहवीं कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैम्प का 29 नवंबर 2025 को बरौनी के ओल्ड ट्रांसिट कैम्प में समापन समारोह मनाया गया। यह दस दिवसीय एन सी सी कैम्प कैम्प कमांडेंट कर्नल अमित अहलावत के दिशा निर्देश में संपन्न हुआ। यह कैंप 35 बिहार बटालियन एनसीसी पूर्णिया के द्वारा कैंप कमांडेंट कर्नल अमित अहलावत डिप्टी कैंप पी के चैधरी, सुबेदार मेजर सुरेश, 05 ए एन ओ, 03 जी सी आई तथा 36 अन्य सैन्य अधिकारियों के देख रेख में सफलतापूर्वक समापन हुआ।

इस कैम्प के सफल संचालन हेतु खुद ब्रिगेडियर अरुण उनियाल ने कैंप का निरीक्षण किया और कैम्प के सफल संचालन की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस दौरान एनसीसी के कैडेटों के द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। इस कैंप में कैडेट्स को चार कंपनी में बांटा गया था जिसमें कैडेट्स की दिन की शुरूआत शारीरिक व्यायाम से होती थी उसके बाद ड्रिल परेड, राइफल चलाने की ट्रेनिंग छलावरण, बचाव, मिलिट्री के इतिहास मेप रीडिंग व्यक्तित्व विकास तथा आर्मी के अन्य विषयों की जानकारी दी जाती थी। कैम्प के दौरान खेल प्रतियोगितायों में खो खो, कबड्डी और वॉलीबॉल का टीम भावना से मैच खेला गया इसके अलावा टेंट पिचिंग प्रतियोगिता तथा अन्य संस्कृति कार्यक्रम का कैडेट्स द्वारा आयोजन किया गया। इसमें कैडेट्स ने सेना के कठिन जीवन शैली, त्याग बलिदान को दशार्ते हुए शहीदों को याद किया एवं विजेता तथा उपविजेता टीम को मेडल से प्रोत्साहित किया गया। इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान आरडीसी 2026 कैंप की प्रशिक्षण एनसीसी कैडेट्स को दी गई। आरडीसी के लिए लगभग 131 कैडेटों को दिल्ली भेजा जाएगा। कैम्प के दौरान विभिन्न शिक्षाविदों द्वारा गेस्ट लेक्चर भी हुवे इनमें सेकंड ऑफिसर एम् डी शमीम के द्वारा लीडरशिप और समाज सेवा का बहुत ही बेहतर प्रशिक्षण दिया गया। अग्निशमन विभाग बरौनी द्वारा आग से बचाव के उपाय के बारे में बताया गया जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। आपदा प्रबंधन और बाढ़ सुरक्षा टीम द्वारा विभिन्न आपदाओं से निपटने हेतु कैडेट्स को जागरूक किया। इसके अलावा कैडेट्स को ट्रैफिक नियम के पालन के लिए जागरूक किया गया। इस दस दिवसीय कैम्प का समापन कैम्प कमांडेंट के समापन भाषण से हुवा जिसमें कैंप कमांडेंट साहब ने यूथ डेवलपमेंट और नेशन बिल्डिंग के बारे में जोर दिया उन्होंने एनसीसी के आदर्श एकता और अनुशासन का पालन अपने जीवन शैली में करने का संदेश दिया तथा कैडेट्स को अपने जीवन को देश की सेवा में समर्पित करने के लिए प्रेरित भी किया।

## मातृत्व व यूरोकेयर सुविधाओं से युक्त नये अस्पताल भवन का भव्य उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** Mom9 Advanced Urocare Hospital, Patna द्वारा अत्याधुनिक मातृत्व एवं यूरोकेयर सुविधाओं से युक्त नये अस्पताल भवन के भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री एस. सिद्धार्थ, विकाश आयुक्त, बिहार सरकार के कर कमलों द्वारा किया गया। यह उद्घाटन एवं पूजा समारोह का आयोजन आज दिनांक 30 नवंबर, रविवार को अपराह्न 3 बजे से शुरू हुआ जिसमे विशिस्ट अतिथि अदिति नंदन, कुमोद कुमार एवं अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि Mom9 अस्पताल का उद्देश्य केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि मरीजों को हर जीवन-चरण में दया, विशेषज्ञता और भरोसे के साथ समग्र स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है। इस अवसर पर सभी अतिथियों को उन्नत चिकित्सा सुविधाओं से युक्त इस नये परिसर का अवलोकन भी कराया जाएगा, जिसमें विश्वस्तरीय Urology, Nephrology, Obstetrics, Gynecology, Neonatal Care एवं Cosmetic Gynaecology जैसी सेवाएँ उपलब्ध होंगी। अस्पताल में किडनी/मूत्र रोग, प्रोस्टेट संबंधी समस्याएँ, किडनी एवं ब्लैडर कैंसर, पुरुष बांझपन, इरेक्टाइल डिसफंक्शन, स्ट्रिक्चर, गॉलब्लैडर स्टोन, उच्च रक्तचाप, क्रॉनिक किडनी डिजीज व डायलिसिस जैसी सभी सुविधाएँ आधुनिक तकनीक से लैस हैं। वहीं प्रसूति विभाग में हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी मैनेजमेंट, पेनलेस डिलीवरी, लेक्टेशन सपोर्ट, पोस्ट-डिलीवरी केयर तथा 24×7 NICU एवं एनेस्थीसिया की सुविधा उपलब्ध है। कॉस्मेटिक गायनोकोलॉजी विभाग Tesla Chair एवं Jett Plasma Device जैसी एडवांस्ड तकनीकों से सुसज्जित है, जिसके माध्यम से महिलाओं को यूरिनरी लीकेज, पेल्विक फ्लोर स्ट्रेंथनिंग एवं वजाइनल रीजुवेनेशन जैसी समस्याओं से राहत दी जाती है। उद्घाटन समारोह पिलर नं. 101, पटलिपथ, दिघा-AIIMS एलिवेटेड रोड, अभिमन्यु नगर, पटना-801503 स्थित अस्पताल परिसर में आयोजित होगा। अतिथियों को आमंत्रित करते हुए डॉ. शशिबाला एवं डॉ. अमित कुमार ने बताया कि यह अस्पताल बिहार में महिलाओं एवं यूरोलॉजी रोगियों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये कीर्तन सम्राट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी सिटी।** कीर्तन सम्राट विन्देश्वरी सिंह गवैया के पुण्यतिथि पूरी शिद्दत के साथ याद किये गये। सिमरियाधाम स्थित सिद्धाश्रम में शनिवार को राष्ट्रकवि दिनकर फिल्मसिटी बेगूसराय के बैनर तले आयोजित पुण्यतिथि समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने वाले तेघड़ा के नवनिर्वाचित विधायक रजनीश कुमार ने कहा कि बीहट साहित्य, सनातन, संस्कृति तथा संस्कार की भूमि रही है।

बीहट के ही लाल स्मृतिशेष विन्देश्वरी सिंह गवैया ने कीर्तन को शोहरत की बुलंदियों तक पहुंचाया था। उनकी विषय संकीर्तन के विरासत के डिजीटलीकरण की पहल होगी। उनकी स्मृति में बीहट में स्मृति द्वार का निर्माण किया जायेगा। स्वामी चिदात्मन जी ने कहा कि कीर्तनकारों के लिए गवैयाजी प्रेरणा के पुंज हैं।गवैया जी के शिष्य जगमोहन ठाकुर तथा आनंद नारायण शरण उर्फ अशोक, रामाश्रय सिंह समेत अन्य ने अपने संस्मरणों को रखते हुए कहा कि उनके कीर्तन को लोग एकाग्रचित्त होकर सुनते थे। कीर्तन में विषय कीर्तन के वे जनक थे। विषय कीर्तन की रचना भी वे खुद करते थे और सुर-ताल-लय से आबद्ध कर गाते थे। रामाश्रय सिंह ने बिनोजी हरिनाम के प्रेमी, कीर्तनियां के प्राण, कीर्तन के सम्राट दुलरूवा, संत-सपूत महान गाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। लोगों ने स्मृतिशेष बिन्देश्वरी सिंह गवैया व राष्ट्रकवि दिनकर जी के तैलचित्र पर श्रद्धासुमन भी अर्पित किया। सांस्कृतिक, साहित्यिक और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 40 लोगों को कीर्तन सम्राट विन्देश्वरी सिंह सम्मान से सम्मानित किया गया। मौके पर गवैया जी के जीवनवृत्त तथा उनसे जुड़े संस्मरणों पर आधारित एक स्मारिका का विमोचन भी आगत अतिथियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमिय कश्यप ने की। आगत अतिथियों का स्वागत प्रो. पी. के. झा प्रेम ने किया। रामकृष्ण ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर रवीन्द्र ब्रह्मचारी, सत्यानंद जी, संतोष कुमार, बबलू आनंद, रंजीत गुप्त, देवानंद सिंह, राजीव वत्स, सरोज कुमार चैधरी समेत अन्य मौजूद थे।

### शहीद अरविंद पाठशाला का स्थापना दिवस आयोजित

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के पहसारा पूर्वी पंचायत के गम्हरिया में शहीद मेजर अरविंद बजाला की पुण्यतिथि के मौके से अरविंद बजाला पाठशाला का पांचवां स्थापना दिवस समारोह रविवार को मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष अमन कुमार तथा संचालन कौशल मनीष मोहक ने किया। उपस्थित गणमान्य ने शहीद मेजर अरविंद बजाला के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में विंग कमांडर रंजीत कुमार ने उनके देश सेवा की चर्चा कर उनकी शहादत को नमन किया। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रवाद के नाम पर छदम राष्ट्रवादी झंडे और नारे के बदौलत राष्ट्रवाद का राग अलापते हैं।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत मालिक का मिला मोबाइल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** डंडारी पुलिस ने महीनों से खोए हुए तीन व्यक्ति का खोया हुआ मोबाइल फोन को पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरामद कर मोबाइल धारक को सुपुर्द किया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि मई माह में एक व्यक्ति के द्वारा मोबाइल फोन खो जाने को लेकर आवेदन दी थी।

जिसके बाद डंडारी थाना के पुलिस के द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत खोजबीन कर शनिवार को डंडारी थाना में मोबाइल धारक को उनका खोया हुआ मोबाइल फोन लौटाकर उनके चेहरे की मुस्कान को वापस लौटाया। जिसके बाद खोए हुए मोबाइल फोन को पाकर मोबाइल मालिक के चेहरे पर सचमुच मुस्कान लौट आई। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत प्रतारपुर गांव निवासी देवन यादव का पुत्र पप्पू कुमार का फोन मई माह में घर से डंडारी चैक पर आने के क्रम में उनका मोबाइल फोन गिर गया था। इसके साथ ही डंडारी के कुमोद कुमार का फोन सितंबर माह में खो गया था। इसके साथ ही डंडारी निवासी अंशु कुमार का मोबाइल फोन एक सप्ताह पूर्व ही खोया था। जिसके बाद उक्त पीड़ित के द्वारा डंडारी थाना में आवेदन देकर सूचना दर्ज कराई गई थी। दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस के द्वारा तकनीकी शाखा की मदद से मोबाइल फोन को खोजा गया। जिसके बाद शनिवार को डंडारी थाना में अधिकारियों के द्वारा खोए हुए मोबाइल फोन को उनके मोबाइल फोन के वास्तविक धारक को सुपुर्द कर उनके मुस्कान को वापस लौटाया गया। वहीं मोबाइल धारक ने अपने खोए हुए फोन को पाकर पुलिस को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

### बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद का वार्षिकोत्सव आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा पटना स्थित एक विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में एक स्टॉल के माध्यम से जन-सामान्य में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता अभिवर्धित करने का प्रयास किया गया। नोट्रेडेम एकेडमी, पटना में दिनांक 29 नवम्बर, 2025 से 30 नवम्बर, 2025 तक आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राएं, शिक्षकगण, अभिभावकगण के अतिरिक्त दर्शकों के लिए यह स्टॉल आकर्षण का एक केन्द्र बना रहा। पर्षद् के वैज्ञानिकों द्वारा आगन्तुकों को स्टॉल पर प्रदर्शित परिवेशीय वायु की गुणवत्ता ज्ञात करने में प्रयुक्त PM10 एवं PM2.5 तथा ध्वनि मापक यंत्रों के परिचालन के बारे में बताया गया। राज्य पर्षद् द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रकाशित 8 प्रकार के रंगीन फोल्डरों को जन-सामान्य के सूचनार्थ रखा गया था। स्टॉल में प्रदर्शित फ्लैक्स तथा परिसर में लगाये गये विभिन्न विषयों के स्टैंडी के माध्यम से जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अतिरिक्त राज्य पर्षद् की अपील का पुनः स्मरण कराया गया।

### धूमधाम से मना पंचमुखी हनुमान मंदिर का तृतीय वर्षगांठ

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।।** थाना परिसर में स्थापित पंचमुखी हनुमान मंदिर के तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को हनुमान आराधना एवं भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्वान पंडित बागेश्वर मिश्र द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराई गई। यजमान थाना के चौकीदार मनोज यादव ने बताया कि थाना परिसर में स्थापित संकट मोचन हनुमान जी का यह पंचमुखी मंदिर का आज स्थापना का 3 वर्ष पूरा हुआ। इस कार्य के लिए क्षेत्र की जनता तथा मुख्य रूप से तत्कालीन थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उदय कुमार को बधाई दी और कहा कि उनके अथक प्रयास से इस मंदिर का निर्माण हो सकता है। इस दौरान हनुमान आराधक सह संगीत शिक्षक जयप्रकाश सागर ने भजन कीर्तन प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान थाना अध्यक्ष राजन कुमार द्वारा जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर केसरिया थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उदय कुमार की मौजूदगी कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

### भूमि व आपसी विवाद में विभिन्न गांवों में मारपीट की घटनाओं में 16 लोग घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भूमि व आपसी विवाद में हुई मारपीट की घटनाओं में 16 लोग घायल हो गए। सभी घायलों का को उपचार हेतु एकमा सीएचसी में लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ इरफान अहमद द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों में रसूलपुर थाना क्षेत्र के चपरैठा गांव निवासी सोनू कुमार गिरि, शशि कुमार गिरि, रविकांत गिरि, शशिकांत गिरि, उदित कुमार भारती, उत्तम गिरि, एकमा थाना क्षेत्र के फुचटीकला गांव निवासी सुमित कुमार, रामशंकर राय, प्रिंस कुमार, अंकित कुमार, बतन राय, प्रमोद राय, प्रभात कुमार राय, श्रीभगवान राय, श्रीराम रायदाउदपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव निवासी अलिजा शामिल हैं।

# संत माइकल्स एकेडमी का 38 वां वार्षिकोत्सव संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेतिया।** नगर के रमना मैदान स्थित गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित संत माइकल्स एकेडमी, संत माइकल प्रेप स्कूल के 38 वें वार्षिकोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एसडीपीओ विवेक दीप, विशिष्ट अतिथि आईएमए जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप कुमार और विद्यालय के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई।

अतिथियों का स्वागत प्रतीक एडवीन शर्मा ने किया। इसके बाद स्कूल क्वायर द्वारा स्वागत गीत का सुंदर गायन हुआ, जिसे बच्चों ने मंत्रमुग्ध कर देने वाले स्वर में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर टिंकर बेल प्ले स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गिव मी अ बेल टू रिंग पर फेरी फीट की शानदार प्रस्तुति दी, जिससे उपस्थित अतिथियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रेप सेक्शन के केजी वन और केजी टू के बच्चों ने सूरज सा चमकें हम और स्कूल चलें हम गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर सन 2000 के दशक के प्रसिद्ध सर्व शिक्षा अभियान के प्रसारण की याद दिला दी।कार्यक्रम के दौरान संत माइकल्स एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। इनमें डांसिंग डॉल, डांसिंग डायनामोज, कव्वाली, सोशल मीडिया वरदान या अभिशाप जैसे नाटक और बुम्बरो, संस्कृति का महोत्सव जैसी नृत्य प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। वहीं प्रेप सेक्शन ने पार्कल स्टेप स्क्वाएड, लूंगी डांस, ऑर्फनेज जैसे ग्रुप डांस और नाटक से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम के दौरान संत माइकल्स प्रेप स्कूल की यशा शर्मा और डॉ. कुमारी अंजली ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। उद्घोषक की भूमिका में मोहित कुमार, शिवानी कुमारी, शरण्या मिश्रा, अभिषेक कुमार राव, सृष्टि कुमारी और तन्मय कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में निदेशक इमानुएल शर्मा,रेणु शर्मा, प्रिंसिपल डॉ. कुमारी अंजली, उप प्राचार्य विजय विक्टर सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और रोटरी बेतिया सेंट्रल, रोटरी बेतिया टाउन और इनरव्हील क्लब बेतिया के सदस्य भी उपस्थित थे। यह वार्षिकोत्सव विद्यालय के शैक्षणिक और सांस्कृतिक उत्कृष्टता को दशार्ता है और बच्चों के बीच कला और संस्कृतियों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देता है।

### सुखलही पैक्स अध्यक्ष पर प्राथमिकी दर्ज, जांच मे जुटी पुलिस

**मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुखलही पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सुजीत कुमार पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभू शरण गुप्ता ने बताया कि बीसीओ नीरज कुमार के आवेदन पर पैक्स अध्यक्ष द्वारा अवैध राशि की वसूली की मंशा रखने,सरकार और सरकारी पदाधिकारीयो की छवि धूमिल करने के आरोप में सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। बीसीओ ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि अखबार मे ष्धान खरीदारी में कमीशन को लेकर सुखलही पैक्स अध्यक्ष का ऑडियो वायरलष शीर्षक मे प्रकाशित खबर के आलोक में त्रिस्तरीय जांच दल द्वारा जांच की गई। जांचोपरांत मामला सत्य पाया गया।जांच दल द्वारा वायरल ऑडियो को सत्य पाते हुए सुखलही पैक्स अध्यक्ष पर कानूनी कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है।

# अपाची बाइक सवार अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने एक व्यक्ति को मारी गोली, मौके पर हुई मौत

■ पुलिस लाइन के समीप की घटना, स्थानीय लोगों ने कहा हमलोग हमलावर को देखते रह गए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा (सारण)।** बिहार के छपरा में सारण पुलिस को चुनौती देते हुए अपराधियों ने दिन दहाड़े एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। चर्चा के अनुसार शहर के बीचों बीच अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर दी है, जो पुलिस के खुली चुनौती है।

गोली मारने वाला अपराधी अपाची मोटर साइकिल पर सवार होकर पीछे से व्यक्ति को गोली मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हालांकि गोली लगने के बाद वह इधर उधर भागने के दौरान एक दुकान के अंदर चला गया। सबसे दिलचस्प बात यह है कि पुलिस लाइन के चहारदीवारी के पास ही अपराधियों द्वारा दिल दहला देने वाली घटना को अंजाम दिया गया है। घटना नगर थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन के समीप की बताई जा रही है। हालांकि इसकी सूचना मिलते ही पुलिस लाइन के पुलिस कर्मी और स्थानीय नगर थाने की पुलिस पहुंच कर जांच में जुट गई है। जब इसकी जानकारी सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष को मिली तो मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। वहीं एसडीपीओ सदर सहित दर्जनों अधिकारी पहुंच कर छानबीन में जुटे हुए हैं। हालांकि डॉग स्क्वायर और एफएसएल की टीम को बुलाकर वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा रही है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है, जिस कारण मामला और जटिल हो गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही अपराधियों की पहचान में जुट गई है। दिनदहाड़े पुलिस लाइन के पास हुई हत्या ने शहर में सनसनी फैला दी है और लोग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंतित हैं। हालांकि सारण पुलिस यह दावा कर रही है कि जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# मिलावटी पनीर-मक्खन निर्माण पर बड़ी कार्रवाई

## परिसर सील, नमूना जांच के लिए भेजा गया

हजारीबाग ब्यूरो

**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मो. मंजर हुसैन की टीम ने शनिवार को पूणापानी, चुरचू स्थित अनिल सिंह के खाद्य परिसर पर औचक छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान प्रथम दृष्टया मिलावटी पनीर एवं मक्खन के निर्माण की पुष्टि हुई।

जांच के क्रम में टीम ने संदिग्ध पनीर और मक्खन के नमूने राज्य खाद्य जाँच प्रयोगशाला, नामकुम भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

छापेमारी के दौरान 1.3 क्विंटल मिलावटी पनीर, 40 लीटर मक्खन तथा 10 किलो मक्का स्टार्च जब्त किए गए।



जब्त सामग्री को चरही थाना में सुरक्षित रखा गया है। जिसे प्रयोगशाला रिपोर्ट आने के बाद नष्ट किया जाएगा।

परिसर में अत्यधिक गंदगी की स्थिति, मानकों के विपरीत निर्माण प्रक्रिया तथा बिना ऋरअक लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन के खाद्य निर्माण व कारोबार संचालन पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत परिसर को अगले आदेश तक सील कर दिया गया है।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मो० मंजर हुसैन ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी प्रतिष्ठान से खराब गुणवत्ता या मिलावटी खाद्य सामग्री प्राप्त होती है, तो तुरंत फूड सेफ्टी कनेक्ट मोबाइल ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करें।

इस ऐप से विभाग को तत्काल सूचना मिलती है और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

# आइसीयू में सियार घुसने के मामले पर हाई कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सर्जिकल आईसीयू में 17 नवंबर को सियार घुसे जाने के मामले पर हाई पावर कमेटी जांच करेगी। हाई कोर्ट ने मामले पर स्वत संज्ञान लिया है। हाई कोर्ट के निर्देश पर आज स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह देर शाम धनबाद पहुंचेंगे। इसके साथ रविवार को सियार घुसे जाने के मामले की जांच करेंगे। दैनिक जागरण ने 18 नवंबर के अंक में सियार घुसे जाने के मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। मामला हाई कोर्ट तक पहुंचा और अब जांच शुरू हुई है।

अपर मुख्य सचिव अस्पताल में बाउंड्री वॉल, सुरक्षा के उपाय संबंध में जानकारी लेंगे। स्वास्थ्य विभाग के साथ जिला प्रशासन, भवन प्रमंडल विभाग और पथ प्रमंडल विभाग के



पदाधिकारी भी होंगे। अस्पताल के चारों ओर बाउंड्री वॉल दुरुस्त करने, होमगार्ड जवानों की संख्या बढ़ाने समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी।

इसकी रिपोर्ट सरकार हाई कोर्ट को देगी। इसके साथ यहां सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को जल्द शुरू करने को लेकर निरीक्षण किया जाएगा। प्रधान सचिव को आगमन को लेकर रविवार को सभी छुट्टी निरस्त कर दी गई है।

मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के बाद अपर मुख्य सचिव सदर अस्पताल पहुंचेंगे। यहां आदर्श कुपोषण उपचार केंद्र का उद्घाटन होगा। इसके साथ 37 स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भी उद्घाटन किया जाएगा। अस्पताल में मिल रही सेवाओं का वह जानकारी लेंगे।

# देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को एक अवैध देसी कट्टे व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवाजी नगर थाना क्षेत्र के राजौर-रामभद्रपुर पंचायत अंतर्गत गंगारही यादव टोल जाने वाले तीन बटिया के पास से दोनों युवकों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों युवकों ने अपनी पहचान रोसड़ा थाना क्षेत्र के काजी डुमरा गांव निवासी संजय यादव के 19 वर्षीय पुत्र राजा कुमार, और दली अहमद के 20 वर्षीय पुत्र मोहम्मद लाल बाबू बताया है। थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिला कि अवैध हथियार के साथ उक्त रास्ते से आवाजाही कर रहे है। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर दोनों संदिग्ध युवकों को पकड़ा है। तलाशी के दौरान इन लोगों के पास से एक अवैध देसी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है पुलिस ने बताया कि दोनों युवकों के खिलाफ अवैध हथियार रखने के उद्देश्य और संभावित उपयोग से संबंधित सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। और आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया चल रही है थाना अध्यक्ष ने यह भी बताया कि दोनों युवकों का आपराधिक इतिहास तलाशा जा रहा है, ताकि यह पता चल सके कि वे पहले से किसी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त रहे हैं या नहीं। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध हथियारों के साथ घूमने वाले रोक लगाने में महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है।

## विक्षिप्त महिला ने फोटोग्राफर को लगायी आग

**लखीसराय।** शहर के कबैया थाना क्षेत्र के नया बाजार स्थित डॉ. सुरेश शरण गली में रविवार को एक दर्दनाक घटना में मानसिक रूप से बीमार एक महिला ने स्टूडियो में बैठे फोटोग्राफर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। इससे संसार पोखर निवासी रामोतार राम के पुत्र फोटोग्राफर छोटू कुमार गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद उन्हें आसपास के लोगों की सहायता से तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए पीएमसीएच पटना के लिए रेफर कर दिया गया।

आरोपित महिला मंजिल देवी को पुलिस ने घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# सदर अस्पताल धनबाद में बढ़ायी जायेगी बेडों की संख्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** निजी महंगे अस्पतालों में इलाज करा पाने में असमर्थ रहने पर सरकारी अस्पतालों का रुख करनेवाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। धनबाद सदर अस्पताल जोकि वर्तमान में 100 बेड का अस्पताल है, वह जल्द ही डेढ़ सौ बेड का अस्पताल हो जायेगा।

मेडिकल कॉलेज बनने के बाद बेडो की संख्या बढ़कर 420 हो जाएगी। यह बातें शनिवार को निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव अजय कुमार सिंह ने कहीं।

उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की कमी के लिए झारखंड पब्लिक सर्विस कमिशन से बहाली हो रही है। जल्द डॉक्टरों की कमी भी पूरी की जाएगी। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि 16 करोड़ की लागत से सदर अस्पताल के कैंपस का सौन्दर्यकरण कार्य होना है। जिसमे कई भवन भी बनने हैं, जिसके बाद सदर अस्पताल 100 बेड से डेढ़ सौ बेड का अस्पताल हो जायेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि सदर अस्पताल कैंपस में ही पीपीपी मोड यानी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप में मेडिकल कॉलेज भी बनना है। जिसकी स्वीकृति भारत सरकार से मिल भी चुकी है और राज्य सरकार से इसकी स्वीकृति प्रक्रिया में है। मेडिकल कॉलेज बन जाने से पूरा अस्पताल 420 बेड का हो जायेगा।

अपर मुख्य सचिव के हाथों से सदर अस्पताल कैंपस में निर्मित आदर्श कुपोषण उपचार केंद्र का भी उद्घाटन हुआ। इस दौरान कुपोषण उपचार केंद्र के साथ साथ सदर अस्पताल के विभिन्न विभागों का उन्होंने निरीक्षण भी किया।

अपर मुख्य सचिव ने निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था को संतोषजनक पाया। साथ ही उन्होंने धनबाद डीसी आदित्य रंजन के द्वारा किये गए प्रयासों की भी सराहना की।बहरहाल,अपर मुख्य सचिव ने अपने दौरे में यह स्पष्ट कर दिया है कि अगले छह माह में सदर अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था में कई और परिवर्तन देखने को मिलेंगे।

# दुर्घटना में मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवगछिया।** पुलिस जिला नवगछिया के रंगरा थाना क्षेत्र में एनएच 31 पर अजय ढाबा के पास रविवार की सुबह करीब 9:20 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। शादी का भोज खाकर नवादा गांव से लौट रहे यात्रियों से भरा टोटो तेज रफ्तार ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान पिछले हिस्से में टक्कर लगने से अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में 62 वर्षीय सविता देवी, पति राजेंद्र सिंह, निवासी झ लोकमानपुर की मौके पर ही मौत हो गई।स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना रंगरा थाना को दी। उसी दौरान गश्ती में लगे ट्रैफिक थाना अध्यक्ष सुजीत वारसी भी मौके पर पहुंचे।

स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को नवगछिया अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने सविता देवी को मृत घोषित कर दिया।हादसे में पांच अन्य यात्री, जिनमें पुरुष, महिला और तीन छोटे बच्चे शामिल हैं, घायल हुए हैं। बच्चों को मामूली चोटें आई हैं।

# लूटपाट करने वाले जीजा-साली को पुलिस ने दबोचा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** पटना से सीएनजी टेंपो किराये पर लेकर बिदुपुर और गंगाब्रिज थाना क्षेत्र में लूटपाट करने वाले जीजा और साली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार आरोपितों में बिदुपुर थाना क्षेत्र के कंचनपुर निवासी रामेश्वर पंडित का पुत्र राजकिशोर पंडित तथा उसकी साली, समस्तीपुर जिले के पटोरी थाना क्षेत्र स्थित वानवेकरनोती निवासी सुनील पंडित की पत्नी छोटी कुमारी शामिल है। यह जानकारी एसडीपीओ सदर वन सुबोध कुमार ने दी।एसडीपीओ ने बताया कि जीजा-साली पटना के दीघा से सीएनजी टेंपो बुक कर उसे बिदुपुर व गंगाब्रिज थाना क्षेत्र के सुनसान इलाकों में ले जाते थे और चालक को लूट लेते थे। लूट के बाद आरोपी उन्हीं टेंपो का उपयोग शराब के अवैध धंधे में करते थे।

पूर्व में महुआ थाना पुलिस ने चोरी के एक टेंपो को शराब के साथ बरामद किया था। उन्होंने बताया कि बीते जुलाई महीने में दीघा थाना क्षेत्र से किराये पर लिए गए एक टेंपो को बिदुपुर लाकर पानापुर धर्मपुर के समीप एक महिला की मदद से तीन बदमाशों ने लूट लिया था।

इस मामले में जांच के दौरान बिदुपुर थाना क्षेत्र के कंचनपुर निवासी उदय सिंह के पुत्र विशाल कुमार को पुलिस ने कुछ दिनों पूर्व गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उस समय लूटा गया सीएनजी टेंपो और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया था। उसी मामले में फरार चल रहे दोनों जीजाझसाली को भी अब गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

एसडीपीओ ने बताया कि राजकिशोर पंडित, उसकी साली छोटी कुमारी और विशाल कुमार मिलकर पटना के दीघा से टेंपो किराये पर लेते थे। छोटी कुमारी फैमिली बताकर टेंपो बुक करती थी और चालक के सुनसान स्थान पर पहुंचने के बाद तीनों मिलकर लूटपाट को अंजाम देते थे। बीते दिनों विशाल कुमार की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को जीजा-साली के शामिल होने की जानकारी मिली थी।

# अनियंत्रित ट्रेलर ने कई छोटे वाहनों को मारी ठोकर

## घाटी में पलटी, हुई आग के हवाले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में रांची-पटना हाईवे के चुटूपालू घाटी में एक दिल दहला देने वाली दुर्घटना हुई। आयरन ओर से भरा एक ट्रेलर रांची की ओर से रामगढ़ की तरफ जा रहा था। जैसे ही वाहन घाटी क्षेत्र में पहुँचा, ट्रेलर अचानक अनियंत्रित हो गया और आगे चल रहे कई छोटे वाहनों, ऑटो और बाइक को जोरदार टक्कर मारते हुए अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि क्षण भर में पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

ट्रेलर के पलटते ही उसमें आग लग गई और देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुँची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रेलर का अगला हिस्सा पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। दुर्घटना के कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिसे हटाने में पुलिस और स्थानीय लोगों ने काफी मेहनत की।

इस हादसे में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत रामगढ़ सदर अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसका इलाज जारी है। हादसे के बाद ट्रेलर का ड्राइवर मौके से लापता है। पुलिस यह जांच कर रही है कि वह घायल होकर कहीं गिर गया या फिर घटना के डर से भाग निकला।

उसकी तलाश में पुलिस टीम जुट गई है। रामगढ़ पुलिस ने हाईवे पर यातायात को बहाल करने का काम शुरू कर दिया है और दुर्घटना के सटीक कारणों की जांच की जा रही है। प्राथमिक अनुमान के अनुसार ब्रेक फेल होने या वाहन की तेज रफ्तार इस बड़ी दुर्घटना की वजह हो सकती है।

# रालोमो की सभी इकाईयां भंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) में बड़े संगठनात्मक बदलाव किए गए हैं। पार्टी की प्रदेश इकाई, सभी जिला इकाइयों और प्रकोष्ठों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है।

यह निर्णय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता में यहां हुई कोर कमेटी की बैठक में लिया गया। संगठन में नई ऊर्जा और नई संरचना को आकार देने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता फजल इमाम मल्लिक ने बताया कि फिलहाल संगठन को सुचारू रूप से चलाने के लिए पांच सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया गया है। समिति की जिम्मेदारी पार्टी के सभी कार्यक्रमों और गतिविधियों के संचालन से लेकर अंतरिम संगठनात्मक प्रबंधन तक रहेगी। समिति का संयोजक मदन चौधरी को बनाया गया है। सुभाष चंद्रवंशी, प्रशांत पंकज, हिमांशु पटेल और आरके सिन्हा को सदस्य नामित किया गया है।

# संदेश-पवना मार्ग होगा अतिक्रमण मुक्त

## प्रशासन के अल्टीमेटम के बाद लोग खुद अतिक्रमण हटा रहे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** संदेश-पवना पथ पर सरकारी जमीन पर बढ़ रहे अवैध कब्जों को लेकर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। अंचलाधिकारी अरुण कुमार ने थाना क्षेत्र के गैरमजरुआ भूमि (थाना नंबर 193, खाता संख्या 524, खेसरा संख्या 665) पर अस्थायी अतिक्रमण करने वाले 35 व्यवसायियों को नोटिस जारी किया है। प्रशासन ने स्पष्ट कहा कि सभी अतिक्रमणकारी 29 नवंबर तक अपना जवाब दें व स्वयं कब्जा हटाएं, अन्यथा बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा।

संदेश-पवना पथ के दोनों ओर वर्षों से अस्थायी दुकानों व ढांचों के कारण सड़क संकरी हो गई थी, जिससे जाम, दुर्घटना की आशंका तथा आवाजाही में दिक्कतें बढ़ गई थीं।

राजस्व जांच में भूमि को पूरी तरह गैरमजरुआ आम श्रेणी का पाया गया, जिस पर किसी भी प्रकार का निजी निर्माण प्रतिबंधित है। नोटिस जारी होते ही बाजार क्षेत्र में हड़कंप मच गया है, जबकि स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक कार्रवाई का समर्थन किया है।

वहीं, दूसरी ओर स्थानीय नगर पंचायत में अतिक्रमण को लेकर कराए गए माइकिंग के बाद से अतिक्रमणकारियों द्वारा स्वयं से अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया गया है। सैकड़ो की संख्या में अस्थाई रूप से रोड के चाट में बनाई गई दुकानों को अतिक्रमणकारियों द्वारा हटाने का कार्य पिछले दो दिन से युद्धस्तर पर किया जा रहा है।



हालांकि, शाहपुर व करनामेपुर में बाजार में अभी भी बहुत सारे दुकानदारों को लगता है कि नपं प्रशासन द्वारा अतिक्रमण को लेकर कराया गया अनाउंसमेंट पहले की तरह ही महज खानापूर्ति भर है। क्योंकि पिछले कई बार से अतिक्रमण हटाने के नाम पर सड़कों के चाट का पैमाइश व नोटिस किया गया है, लेकिन अतिक्रमण हटाने को लेकर कुछ नहीं किया गया।हालांकि, इसबार प्रशासन का रूख थोड़ा सख्त दिखाई दे रहा है। क्योंकि प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए 24 घंटे का समय दिया गया है। इधर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस बल के साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। प्रशासन के सख्त चेतावनी कब बाद शाहपुर व करनामेपुर बाजार में अतिक्रमण करने कर दुकान लगाने वाले सैकड़ों लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। अब देखना होगा कि 24 घंटे के मोहलत के बाद सोमवार के दिन प्रशासन का रुख क्या रहता है।

# चाईबासा सदर अस्पताल के ब्लड बैंक पर लग रहे गंभीर आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चाईबासा।** चाईबासा सदर अस्पताल के ब्लड बैंक पर इन दिनों गंभीर आरोप लग रहे हैं। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि ब्लड ट्रांसफ्यूजन से पहले उन्हें शपथ-पत्र लिखवाया जा रहा है, जिसमें यह लिखना पड़ता है कि रक्त चढ़ाने के दौरान अगर कुछ भी होता है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मरीज पक्ष की होगी।

यह आरोप सामने आने के बाद अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। मरीजों ने आरोप लगाया कि ब्लड बैंक के कर्मचारियों द्वारा ऐसा पत्र लिखवाना न केवल असामान्य है, बल्कि बेहद डरावना भी है।

परिजनों ने बताया कि अस्पताल में कामकाज के दौरान सामान्यतः एक मानक सहमति पत्र भरा जाता है, लेकिन हाल ही में जिस प्रकार का शपथ-पत्र लिखवाया जा रहा है, वह पूरी तरह अलग और गैर-जरूरी प्रतीत होता है।

एक मरीज के परिजन ने बताया कि हम तो खून लेने आते हैं ताकि मरीज बच सके। लेकिन यहां तो पहले हमें ही जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है। अस्पताल में इलाज होने के बावजूद हर जोखिम हम पर क्यों डाला जा रहा है?

मामला तब और गंभीर हो गया जब कुछ सप्ताह पहले चाईबासा के ही पांच थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के ब्लड ट्रांसफ्यूजन के बाद उनके एचआईवी पॉजिटिव पाए जाने की बात सामने आई। यह खबर फैलते ही जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठने लगे।

इसी घटना के बाद से ब्लड बैंक में रक्त की भारी कमी बनी हुई है और परिजन भय के कारण भी रक्तदान से बचने लगे हैं। परिजनों का कहना है कि अस्पताल के कर्मचारी उन्हें बार-बार जमशेदपुर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल से रक्त लाने के लिए कह रहे हैं।

कई बार कर्मचारी खुद एमजीएम जाकर यूनिट लेकर आते हैं, लेकिन इसके बाद भी परिजनों से एक ऐसी चिट्ठी लिखवाई जाती है जिसमें यह उल्लेख करना होता है कि हमने रक्त स्वयं लाया है और किसी भी अनहोनी की स्थिति में जिम्मेदारी हमारी होगी।

मरीजों का कहना है कि यह प्रक्रिया न केवल अव्यवहारिक है, बल्कि अस्पताल की जवाबदेही से बचने का तरीका भी प्रतीत होती है। इस मामले में अस्पताल प्रबंधन ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि जब मरीज किसी बाहरी ब्लड बैंक से रक्त लाते हैं, तो सुरक्षा कारणों से एक अलग प्रकार का सहमति पत्र लिया जाता है।

## धूल फांक रही गाड़ियां

**नवगछिया।** नवगछिया ट्रैफिक थाना को ट्रैफिक व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से सरकार ने दो नई गश्ती गाड़ियां उपलब्ध कराईं, लेकिन इनके साथ ड्राइवर भेजना भूल ही गई। नतीजा एक गाड़ी होमगार्ड जवान के भरोसे सीमित इलाके में घूम रही है, जबकि दूसरी तकनीकी खराबी के कारण थाने में महीनों से बंद खड़ी धूल फांक रही है।

ट्रैफिक कर्मियों की मानें तो एनएच-31 पर रोज लगने वाला जाम अब स्थायी दृश्य बन चुका है। ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात एक कर्मी ने नाम नहीं छापने के शर्त पर कहा- न ड्राइवर है, न पर्याप्त बलङ्ग एक गाड़ी से कितना क्षेत्र संभलेगा।

एनएच-31 की सुरक्षा व विधि-व्यवस्था तो भगवान भरोसे चल रहा है। थाने में खराब खड़ी गाड़ी को लोग अब मजाक में ह्लसरकारी शोपीसह्व कहने लगे हैं। सड़क सुरक्षा और सुचारू ट्रैफिक संचालन के सरकारी दावे यहां हकीकत से कोसों दूर दिखते हैं।

बिना ड्राइवर सरकारी गाड़ियां आखिर कितनी प्रभावी होंगी, यह सवाल लगातार उठ रहा है। फिलहाल ट्रैफिक थाना भी ड्राइवर मिलने की प्रतीक्षा में है।

# छात्रा की मौत के बाद कालेज में गुस्साये छात्रों ने मचाया उपद्रव

## छात्रों ने बीस करोड़ का पहुंचाया नुकसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** चंडी स्थित नालंदा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (एनसीई) के बीटेक - 2024 की सिविल इंजीनियरिंग की छात्रा सोनम कुमारी की हॉस्टल की छत से गिरकर हुई मौत के बाद कालेज में हुए उपद्रव के दौरान, आगजनी कर वाहनों को जलाना, कॉलेज भवन में आग लगाने के अलावा कीमती सामान भी गायब किए। उपद्रवी विद्यार्थियों ने प्राचार्य का जैकेट भी ले भागे। इसका खुलासा शुक्रवार को तब हुआ जब प्राचार्य डॉ. गोपाल नंदन ने ठंड बढ़ने पर सरकारी आवास में अपना जैकेट ढूंढा। प्राचार्य ने बताया कि दस हजार रुपए का जैकेट था। अन्य उपकरणों के साथ बदमाश छात्र जैकेट भी ले भागे। प्राचार्य ने बताया कि आगजनी और तोड़फोड़ कर उपद्रवी विद्यार्थियों ने कालेज को बीस करोड़ रुपए से नुकसान पहुंचाया है। इसमें सिर्फ सवा करोड़ रुपए के कंप्यूटर को नुकसान पहुंचाया है। एक सौ पीसी में अधिकतर गायब हैं। कुछ के महत्वपूर्ण पुर्जे चोरी कर लिए। कई को जलाया गया।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक कंप्यूटर सवा लाख रुपए में खरीदी गई थी। प्राचार्य ने कहा कि आगजनी में भवन की दीवारों, खिड़कियों और दरवाजों को काफी नुकसान पहुंचाया गया। इन सबकी मरम्मत करवाने में बीस लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है।

अभी इन सब के लिए कोई निधि नहीं दी गई है। विद्यार्थियों के आपराधिक आचरण से विभागीय अधिकारियों के मन भी खिन्न हैं। उपद्रव के कारण कालेज काफी पीछे चला गया।

सोनम की मौत अभी भी रहस्य बना हुआ है। वह धोखे से गिरी या कूदकर जान दे दी, इसका खुलासा स्पष्ट रूप से नहीं हो पाया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए छत से गिरने और कूदने के दृश्य का पुनर्निर्माण भी किया गया। लेकिन अनुसंधान में मिल रहे तथ्य आत्महत्या की ओर इशारा कर रहे हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि सोनम के जिन दोस्तों से बात होती थी, उनमें एक दोस्त पुलिस के समक्ष आया है। घटना से पूर्व 24 सितंबर को उसने उसे छह बार फोन कॉल की थी। उस दोस्त ने पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण जानकारी दी है। इस कारण इस केस में एक और मोड़ जुड़ गया है। उस लड़के की बहन से सोनम की दोस्ती थी। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि सोनम अपने शैक्षणिक प्रगति से संतुष्ट नहीं थी। वह नर्सिंग करने का भी प्रयास कर रही थीं। नर्सिंग में एंट्रेंस का टेस्ट सेंटर पर देर से पहुंचीं थीं, इस कारण उन्हें परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया। इस कारण वह परेशान थीं।

## योजना की हुई समीक्षा

**कटिहार।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की बैठक सहायक निदेशक यशस्वी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में प्रखंडों के कार्यपालक सहायक व डाटा इंट्री ऑपरेटर शामिल हुए।बैठक में मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना के तहत संबल योजना की समीक्षा की गई। बैठक में सहायक निदेशक ने मोटराज्ड ट्राइसाइकिल, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण को लेकर प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन एवं शतप्रिशत लाभुको का युडीआईडी कार्ड बनाकर देने का निर्देश दिया।इस दौरान प्रबंधक, बुनियाद केन्द्र कटिहार, सिंटू कुमार, मयंक कुमार, कुंदन कुमार,सुमित कुमार सहित कई अन्य डाटा ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# महिला व नवजात की मौत पर अस्पताल को किया सील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफ़ीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप महादेव अस्पताल एवं कासमा रोड स्थित मां बच्चा अस्पताल को अंचलाधिकारी भारतेंदु,चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार केसरी एवं एसआई आकाश कुमार दोनों अस्पताल में बारी-बारी से दलबल के साथ पहुंचे और सील कर दिया। अंचलाधिकारी भारतेंदु बताया कि महिला एवं नवजात की मौत के बाद दोनों अस्पताल पर कार्रवाई की गयी है। घटना से सम्बंधित महुआइन गांव निवासी अखिलेश चौधरी द्वारा रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है जिसमें महादेव अस्पताल के डॉक्टर महादेव यादव, एएनएम राधा देवी,मां बच्चा अस्पताल के डॉक्टर विकाश कुमार, सुभाष कुमार एवं महुआइन गांव की आशा कार्यकर्ता ललिता देवी को नामजद आरोपित बनाया है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि पत्नी 27 वर्षीया शोभा देवी को प्रसव के लिए 27 नवंबर 2025 को रफीगंज के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। सरकारी अस्पताल में डॉक्टर लालजी यादव और एक एएनएम द्वारा जांच के बाद बताया गया कि मरीज की स्थिति ठीक है, और प्रसव



सामान्य हो जाएगा, जिसमें थोड़ा समय लगेगा। इसी बीच ललीता देवी ने उन्हें सरकारी अस्पताल में प्रसव ठीक से न होने की बात कहकर 'महादेव अस्पताल' जाने की सलाह दी। 27 नवंबर की पूरी रात सरकारी अस्पताल में इंतजार किया, लेकिन वहाँ किसी डॉक्टर या नर्स ने उनकी पत्नी को कोई इलाज नहीं दिया। आशा कार्यकर्ता की सलाह पर परिवार ने अपनी मरीज को 28 नवंबर 2025 को करीब 1 बजे महादेव अस्पताल में भर्ती कराया। महादेव अस्पताल में डॉ. महादेव यादव और अवकाश प्राप्त एएनएम राधा देवी ने कथित तौर पर परिजनों को बताया कि मरीज की स्थिति ठीक नहीं है और जितनी जल्दी हो सके, ऑपरेशन कराना होगा। ऑपरेशन से पहले उनसे 30 हजार जमा करने के लिए कहा गया। परिजनों ने तुरंत 30,000 जमा कर दिए, जिसके बाद शोभा देवी का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के थोड़ी देर बाद डॉक्टर ने परिजनों को बताया कि महिला और नवजात दोनों सीरियस हैं। डॉ महादेव द्वारा कासमा रोड स्थित मां बच्चा अस्पताल में हमारे बच्चे को साथ ले जाकर भर्ती करवाया गया। जहां बच्चा अस्पताल के डॉ विकास कुमार ने बताया कि बच्चा सीरियस है 20 हजार रुपए जमा करें। इसके कुछ देर बाद बताया गया कि बच्चे की स्थिति ठीक नहीं है रेफर करना होगा। जब बच्चे को देखा तो वो मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। दूसरी तरफ डॉ महादेव के द्वारा एंबुलेंस बुलाकर हमारे परिजन के साथ मेरी पत्नी को गया के किसी अस्पताल में भेज दिया गया तथा डॉ महादेव एवं सभी स्टाफ अस्पताल छोड़कर फरार हो गया। प्राथमिकी दर्ज होते ही पुलिस हरकत में आयी और छानबीन जारी है। इधर महिला और नवजात की मौत की खबर पर जदयू विधायक प्रमोद कुमार सिंह परिजनों से आकर मिले और औरंगाबाद डीएम श्रीकांत शास्त्री से फोन पर बातचीत की। डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि महिला को यहां से पटना गर्दनीबाग भेजा गया था। जहां वह मृत पाई गई। इसके बाद भी वहां के अस्पताल वाले परिजनों से 80 हजार का डिमांड किये जाने की बात बताई गई। पुलिस के फोन करने पर शव दिया। जिसे रफीगंज थाना लाया गया। जहां से महिला एवं नवजात के शव सदर अस्पताल औरंगाबाद भेजकर पोस्टमार्टम कराया गया और अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं वरीय अधिकारियों के निर्देश पर अस्पतालों में छापामारी कर दोनों अस्पताल को सील कर दिया गया। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# राजकीय बालिका इंटर विद्यालय में नहीं हो रहा आइसीटी लैब का उपयोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। दाउदनगर के मौलाबाग स्थित राजकीयकृत बालिका इंटर विद्यालय में लगभग डेढ़ हजार छात्राएं नामांकित हैं। अक्टूबर 2023 में खोले गए सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी लैब का कोई उपयोग नहीं हो रहा है। यहां कंप्यूटर, इंटरनेट और अन्य डिजिटल उपकरण स्थापित है परंतु कंप्यूटर शिक्षक की कमी के कारण इनका उपयोग नहीं हो पा रहा है। शिक्षा विभाग के पूर्व अपर मुख्य सचिव केके पाठक के कार्यकाल में माध्यमिक और इंटर विद्यालयों में आइसीटी लैब खोले गए थे। यहां 20 कंप्यूटर सिस्टम लगाए गए परंतु तब से कंप्यूटर शिक्षक की बहाली नहीं हुई। इस विद्यालय में दो बार स्मार्ट क्लास भी खोले गए थे। पहली बार 2012 में स्मार्ट क्लास खोला गया जिसमें आउटसोर्सिंग से दो शिक्षक नियुक्त किए गए थे। कुछ महीने बाद सभी सिस्टम चोरी हो गए और दोनों शिक्षकों के पद समा' हो गए। दूसरी बार लगभग पांच वर्ष पहले



स्मार्ट क्लास के लिए बड़े आकार का टीवी और अन्य उपकरण स्थापित किए गए परंतु वह भी चोरी हो गए। यहां लगभग 1500 से 2000 छात्राएं पढ़ाई करती हैं परंतु उन्हें न तो स्मार्ट क्लास का उपयोग करने का मौका मिला और न ही आइसीटी लैब का। दो बार स्मार्ट क्लास खोले गए परंतु बिना उपयोग के गायब हो गए। अब आइसीटी लैब खुला है परंतु उसका उपयोग आजतक नहीं हुआ। प्रभारी प्रधानाध्यापक रविंद्र नाथ ने बताया कि अपने स्तर पर कंप्यूटर शिक्षक रखने का अधिकार नहीं है। विभाग को इस संबंध में लगातार रिक्ति भेजी गई है परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है जब कभी कंप्यूटर शिक्षक ने इनका उपयोग किया तो पता चला कि 20 में से केवल नौ कंप्यूटर चालू हैं जबकि 11 खराब हो चुके हैं।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा शहर के बसस्टैंड के समीप का.रामशरण यादव पुस्तकालय के सभाकक्ष में प्रगतिशील लेखक संघ के जिला शाखा औरंगाबाद की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले के पुण्यतिथि परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई गयी। अध्यक्षता प्रगतिशील लेखक संघ के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव व संचालन शिक्षक मोमताज दानिश ने किया। इस परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम में ज्योतिबा फुले, शिक्षा और समाजिक परिर्वतन विषय पर परिचर्चा विस्तार से हुआ। शिक्षा शास्त्री नवेंदू प्रियदर्शी, सत्येन्द्र कुमार, सुरेन्द्र यादव, दिलीप कुमार ने कहा ज्योतिबा फुले महान समाज सुधारक व समाजिक क्रांति के प्रणेता थे। उन्होंने शिक्षा उत्थान के लिए पहले स्कूल खोला और पठन-पाठन को आगे महिलाओं को जोड़ कर बढ़ाने का काम किया था। नवेंदू प्रियदर्शी ने कहा





शिक्षा कि शोषितों को उनकी जंजीरों से मुक्त कराने का सबसे हथियार है। समाजिक परिर्वतन ज्योतिबा फुले की मुख्य कुंजी था। महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज सुधार के लिए बराबर संघर्ष का बिगुल फुंका था। जिसका नतीजा सामने बेहतर रिजल्ट आया था। वे समावेशी विचार के प्रेरणाश्रोत जीवन पर्यंत रहे थे। महात्मा ज्योतिबा फुले विद्यालय खोलने का कार्य किया था। जिससे शिक्षा का तमाम कमजोर वर्ग के लोगों में आगे बढ़ने का अवसर दिया था। उन्होंने कहा महात्मा ज्योतिबा फुले समाज से वंचित रहने वाले को आगे लाने का एक मजबूत विचार धारा दिया था। शिक्षा से जुड़ने का उनका ऐलान था। जिसका क्रांति कि बिगूल ज्योतिबा फुले ने फूंका था जिसका परिणाम आज सामने देखने को मिल रहा है। जहां कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राएं पढ़ रहे हैं। पूर्व प्रमुख नागेश्वर यादव, विजय कुमार, अधिवक्ता चन्द्रशेखर सिंह, किसुन प्रसाद, नीरज कुमार गौतम, गिरिश राम, असलम खलीफा, भोला कुरैशी, मनोज कुमार यादव, अशोक यादव, रविरंजन कुमार, मनीष कुमार, सुजीत कुमार, दीपक कुमार सहित कई गण्यमान लोगों ने गोष्ठी में विचार व्यक्त किया।

## अज्ञात चार पहिया वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफ़ीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर के महाराजगंज स्थित मछली मार्केट के समीप रविवार को अज्ञात चार पहिया वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को डायल 112 के महिला सिपाही रेखा कुमारी सूरज कुमार एवं संजीव कुमार के द्वारा रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। घायल की पहचान गोह थाना क्षेत्र के फाग पंचायत के मोहन खैरा गांव निवासी 60 वर्षीय उमेश डोम के रूप में की गई है। घायल ने बताया कि शिवगंज स्थित वह पेट्रोल पंप पर काम करता है और वह बस के माध्यम से रफीगंज आया हुआ था तिवारी बिगहा जा रहा था। इसी क्रम में पीछे से अज्ञात चार पहिया वाहन स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी।

# गायत्री परिवार ने किया 235वां साप्ताहिक पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

जहानाबा। अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा लगातार 235वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन जहानाबाद सदर प्रखंड के श्रीराम कृष्ण+2 विद्यालय पंडुई के परिसर में संपन्न हुआ। पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पौधों का पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक गनौरी यादव ने कहा कि वृक्ष हमारी सृष्टि के सृजन और पालनकर्ता दोनों ही रूप में है। उन्होंने बताया कि वृक्ष के बिना मानव जीवन तो दूर, हम पृथ्वी पर जीवन की कल्पना ही नहीं कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि वृक्ष प्राण वायु के संचार करने के साथ हमारे लिए भोजन, दवा और दूसरे कई





महत्वपूर्ण सामग्रियां प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि यह विडंबना ही है कि इतने महत्वपूर्ण होने के बावजूद दिनों दिन जंगल और वन्य जीव प्राणी का क्षय हो रहा है, जो कि यह हमारी सबसे बड़ी नादानी है। उन्होंने कहा कि मत्स्य पुराण में भी एक वृक्ष को दस पुत्रों से भी अधिक महत्वपूर्ण और शाश्वत माना गया है। संस्कृत के श्लोक के माध्यम से वृक्ष का महत्व बताते हुए कहा कि विशाल वृक्ष की सेवा करनी चाहिए क्योंकि वह फल और छाया से युक्त होता है। यदि किसी दुर्भाग्य से फल नहीं देता तो उसकी छाया कोई नहीं रोक सकता है। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय की शिक्षिका रीमा कुमारी ने सभी लोगों से आग्रह किया कि वे प्रत्येक वर्ष कम से कम पांच पौधे जरूर लगाएं और उसकी रक्षा एवं पालन पोषण अपने बच्चों के समान करें। इससे बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं हो सकता है। उन्होंने गायत्री परिवार के युवा सदस्यों द्वारा चलाए जा रहे सप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आप लोगों के द्वारा किया जा रहा यह कार्य मानवता के लिए प्रेरित और धर्म सम्मत है तथा इसमें हर लोगों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए संकल्पित होना चाहिए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में गायत्री परिवार के रंगेश कुमार, श्यामनारायण कुमार, हरीजी, मुकेश कुमार, स्वीटी कुमारी, उपेंद्र कुमार, आशीष कुमार, यश कुमार, रिशु कुमार, रितिक कुमार एवं कई छात्र उपस्थित थे।

# बिना पाइलिंग व बीम का बना है मध्य विद्यालय कनबेहरी का भवन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। सदर प्रखंड के मध्य विद्यालय कनबेहरी के दो मंजिला भवन बिना पाइलिंग व पिलर का ही बना है। जिसके कारण यहां शिक्षक व छात्र दहशत के साए में जी रहे हैं। छात्र डर के माहौल में पढ़ाई कर रहे हैं। बता दें कि 15 वर्ष पुराना यह दो मंजिला भवन बिना पाइलिंग और पिलर का निर्माण कराया गया है। भवन के आगे प्लास्टर और रंग रोगन किया गया है परंतु पीछे की दीवार बिना प्लास्टर के जर्जर हो गई है। छत भी बिना प्लास्टर की है। पानी के रिसाव के कारण भवन गिरने का डर बना रहता है। इस भवन में दो नीचे और दो ऊपर के कमरों में पढ़ाई होती है। विद्यालय में वर्ष 2000 में बने दो कमरों की हालत दयनीय है। खिड़कियों और दरवाजों की स्थिति भी ठीक नहीं है। कैंपस में घास उग आई है और जलजमाव की समस्या है। बच्चे एक कमरे से दूसरे कमरे में पानी में रखे गए ईट के सहारे जाते हैं। वहीं विद्यालय में चारदीवारी का निर्माण भी नहीं कराया गया है। चारदीवारी न होने के कारण बगल से गुजरने वाली जीटी रोड पर दौड़ने वाले बेलगाम ट्रकों और अन्य वाहनों से हादसे का भय बना रहता है। वहीं आवारा पशु भी विद्यालय के आसपास घूमते रहते हैं। विद्यालय में बिजली और शौचालय की व्यवस्था है। यहां नामांकित छात्रों की संख्या 97 है और फर्स्ट एड की व्यवस्था भी की गई है। प्रधानाध्यापक राजीव कुमार रंजन ने बताया कि दो मंजिला भवन के गिरने का डर बना रहता है।

# संवैधानिक कर्तव्य मजबूत लोकतंत्र की नींव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। संस्कार भारती जिला शाखा जहानाबाद द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ० एस० के० सुनील ने कहा कि संवैधानिक कर्तव्य मजबूत लोकतंत्र की नींव है। उन्होंने आगे कहा कि संविधान हमारे लिए स्वाभिमान है, संवैधानिक कर्तव्य का अच्छी तरह से निर्वहन करने से एक समान अधिकार का सृजन होता है और वास्तविक अधिकार कर्तव्य पालन का परिणाम होते है। इस अवसर पर संविधान निर्माताओं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर, डॉ० राजेंद्र प्रसाद एवं अन्य सभी सहयोगियों को नमन किया गया तथा स्वतंत्रता संग्राम के





महान नेताओं सरदार वल्लभभाई पटेल, बिरसा मुंडा, महात्मा गांधी की भूमिका को याद किया गया।

इस अवसर पर प्रसिद्ध कवियित्री डॉ. मानसी सिंह ने कहा कि हमारे देश ने हमें बहुत कुछ दिया है और इससे कृतज्ञता की गहरी भावना जागृत होती है। हमारे संविधान निर्माताओं द्वारा देखे गए सपनों का पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का आयोजन संस्कार भारती जहानाबाद इकाई के अध्यक्ष डॉ एस. के. सुनील की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिले के वरिष्ठ साहित्यकार संतोष श्रीवास्तव ने किया।संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना में बताए गए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे सिद्धांतों और नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को याद दिलाते हुए किया गया। इस कार्यक्रम में इस संस्था के अध्यक्ष, महामंत्री सहित उपाध्यक्ष- अमित कुणाल, मंत्री- बीरेंद्र सिंह राणा, प्रचार विभाग संयोजक- बरुण कुमार, लोक कला संयोजक- सावित्री सुमन, कला विभाग संयोजक- अमित कुमार, गौतम परासर, निशांत कुमार, रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव- राज किशोर शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार सतेंद्र कुमार पाठक, रक्त वीरांगना ममता प्रिया सहित शहर के गणमान्य सदस्यों में शुमार रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राज किशोर शर्मा, शहर के वरिष्ठ साहित्यकार सत्येंद्र कुमार पाठक, रक्त वीरांगना ममता प्रिया सहित शहर के अन्य गणमान्य साहित्यकार, साहित्य प्रेमियों, समाज सेवक और पत्रकार बंधुओ की महत्ती भूमिका रही।

## एक नजर

### मारपीट के मामले में दो गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता** । जहानाबाद जिले के मखदुमपुर बाजार के सती स्थान मोहल्ले में मारपीट के मामले में दो आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दिवाकर कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के सती स्थान मोहल्ले में मारपीट का एक मामला सामने आया था। जिसमें प्राथमिकी दर्ज कर मारपीट के आरोपी मुकेश कुमार एवं बृजेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना की पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दिवाकर कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस ने कंसारा रेलवे गुमटी के समीप से दो बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति विसुनगंज थाना क्षेत्र के कन्हैया बीघा निवासी कारगिल कुमार बताया जाता है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ के बाद उसे जेल भेजा गया।

### पलटी टोटो, दो घायल

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। जहानाबाद जिले के नगर पंचायत मखदुमपुर के समीप यात्री से भरा एक टोटो सवारी गाड़ी पलट गई जिसमें दो यात्री घायल हो गए। घायलों में हड़ेल गांव निवासी किसान राधेश्याम दास एवं सविता देवी बताई जाते हैं। घायल किसान ने बताया कि वह किसान भवन में बीज लेने के लिए आए थे। लेकिन टोटो पलट गया। जिससे वे घायल हो गए। घटना में किसान का पैर फ्रैक्चर कर गया है। जिन्हें इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल जहानाबाद रेफर कर दिया है।

### बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण कल

**पकरीबरावां/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। पकरीबरावां प्रखंड की डुमरावां पंचायत के खपुरा गांव में 2 दिसंबर को बच्चों के बीच पठन समाग्री एवं गरीब- निसहायों के बीच वस्त्र का वितरण किया जाएगा। डुमरावां पंचायत के दिवंगत मुखिया यदुनंदन शर्मा की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। उनके पुत्रों डॉ. अरविंद कुमार शाही, मुकेश कुमार एवं राजेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथियों, पत्रकारों एवं शिक्षाविदों को सम्मानित भी किया जाएगा। बताया गया कि इस अवसर पर पूजा पाठ, धार्मिक भजन, वारसी भजन आदि का भी आयोजन किया गया है।

# कोहरे ने रोक दी जिदगी की रफ्तार, औरंगाबाद लगातार सबसे ठंडा जिला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। दिसंबर महीने की शुरुआत हो गई है। इसके साथ ही बिहार में ठंड ने रफ्तार पकड़ ली है। रविवार की सुबह औरंगाबाद लगातार तीसरे दिन प्रदेश का सबसे ठंडा जिला बना हुआ है, जहां तापमान 24 घंटे में गिरकर 12 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं तीन दिन पहले यही तापमान 9 डिग्री था। न्यूनतम तापमान की बात करें तो औरंगाबाद सबसे ठंडा जिला रहा, जहां रात का पारा 12.6 डिग्री तक गिरा। इधर जिले में कोहरे का कहर जारी है। धुंध से जिदगी की



रफ्तार रुक गई है। वहीं औरंगाबाद के आसपास के इलाके में कोहरे से ग्रामीण परेशान रहे। सड़क पर वाहनों की रफ्तार थम गई है। तापमान में गिरावट आई है। कोहरे के कारण वाहनों चालकों को परेशानी हुई। बाजार में दुकानें देर से खुली। कोहरे के साथ ठंडक ने दस्तक दी है। पारा लगातार गिर रहा है। कोहरे के कारण सब्जी बाजार, स्कूल, कार्यालय एवं सड़क पर भी असर देखने को मिला। मजदूर कोहरे के कारण घर से देर से निकल रहे हैं। धान की कटनी अभी बाकी है, स्थिति यही रही तो किसानों की परेशानी बढ़ जाएगी। गेहूं बुआई का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। ठंड एवं कोहरे के कारण पाला गिरने की संभावना है। पाला से आलू एवं अन्य सब्जी के फसल पर बुरा असर पड़ेगा। देखा जाए तो जनजीवन के हर क्षेत्र में ठंड और कोहरा ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है।

## शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफ़ीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड अंतर्गत कासमा थाना क्षेत्र में शराब तस्करी के खिलाफ अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। थाना काण्ड सं-137/25, बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम 2018 के तहत ओड़ियचक निवासी धर्मेन्द्र दास एवं रंजय यादव को ढोल तीन मुहाना से 60 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को की गई। पुलिस टीम ने छापेमारी कर दोनों आरोपितों को मौके से ही पकड़ लिया।

# पेंशनर समाज का प्रखंड स्तरीय चुनाव सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। आरबीआर उच्च विद्यालय के प्रांगण में पेंशनर समाज का प्रखंड स्तरीय चुनाव सम्पन्न हुआ। पर्यवेक्षक के एम भगत की उपस्थिति में सत्र 2026-28 के कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों के चुनाव हेतु पर्यवेक्षकों के मनोयन किया गया। 40 सदस्यों की उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुआ। सिद्देश्वर सिंह को सभापति,कुमार नवल किशोर को उपसभापति, जनेश्वर प्रसाद सिंह को उपसभापति, अवधेश कुमार सिंह को सचिव, विजय सिंह को संयुक्त सचिव, नरेन्द्र कुमार को संयुक्त सचिव, गिरिजा प्रसाद को कोषाध्यक्ष, उमापति मिश्र को सदस्य, राजवंश राम को सदस्य, विजय कुमार गुप्ता,कुलदीप नारायण को सदस्य, मधेश्वर सिंह को सदस्य, गिरिजानन्दन प्रसाद को सदस्य, अब्दुल रउफ को सदस्य, निर्मला कुमारी को सदस्य को सदस्य बनाया गया।

# बाजितपुर गांव में अधूरा पड़ा है नाली निर्माण, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। गोह प्रखंड के अमारी पंचायत अंतर्गत बाजितपुर वार्ड नं- 7 में नाली और सड़क का आधा अधूरा निर्माण कार्य किया गया है। नाली का निर्माण अधूरा रहने से लोगों की परेशानी इन दिनों बढ़ गई है। लोगों को आवागमन में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। खासकर छोटे-छोटे बच्चों को आवाजाही करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। नाली में गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। अधूरा निर्माण कार्य होने के कारण लोगों के लिए घर तक अपना वाहन ले जाने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं चार पहिया वाहनों को अपने घर से दूर ही रखना पड़ रहा है। इससे वाहन चोरी होने की आशंका बनी रहती है। नाली का निर्माण कार्य पूरा नहीं किए जाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि आमलोगों की समस्याओं के प्रति जनप्रतिनिधि उदासीन बने हैं। उदासीनता के कारण आधा-अधूरा निर्माण कार्य को पूरा करने के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई



जा रही है। बता दें कि यह कार्य अप्रैल माह में प्रारंभ हुआ था परंतु अब तक पूरा नहीं हो सका है। ग्रामीण सुरेश यादव, अरविंद विश्वकर्मा, सुजीत विश्वकर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने आक्रोश जताया है। कहा कि अगर नाली का निर्माण नहीं किया गया तो हम सभी उग्र होकर प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# हसपुरा में पइन जाम होने से पानी निकासी बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। हसपुरा की पानी निकासी के लिए बना पईन गंदगी से जाम हो गया है। पानी निकासी में बाधा हो रही है। यह स्थिति सरदार पटेल पुस्तकालय के पास से धोबीघाट तक है। गंदगी के कारण मुख्य सड़क से गुजरने वाले ग्रामीणों को दुर्गंध आते रहता है। आसपास बसे लोगों को संक्रमक रोगों का आक्रमण होने का खतरा बना रहता है। आक्रोशित ग्रामीण कब किस समय सामूहिक आंदोलन छेड़ देंगे कहा नहीं जा सकता। ग्रामीण सत्येंद्र साव, रामबाबू गुप्ता सहित ने बताया कि पइन उड़ाही की मांग उठाई है। कहा कि इस समस्या के समाधान की मांग पहले की जाती रही है पर कोई पहल नहीं किया गया। यदि इसे बेहतर ढंग से सफाई करा दिया जाए तो हसपुरा के सड़कों पर पानी जमा नहीं होगा। पइन में जमा कचरे के कारण जाम लगता है। ग्रामीणों को चाहिए कि वे इसमें कचरा न फेंके। इससे ग्रामीणों का लाभ है। हसुपरा के प्रसिद्ध छठी आहर घाट से कनाप होते हुए पुस्तकालय के बगल से होकर धोबीघाट तक यह पईन बनी है परंतु मुख्य रूप से उच्च विद्यालय से लेकर धोबीघाट तक पूर्ण रूप से कचरा भरा है। ग्रामीण अभय कुमार, सुनील कुमार के साथ अन्य ग्रामीणों ने पईन उड़ाही कराने की मांग किया है।

# हसपुरा में सोलर प्लांट के लिए जमीन चयन, ओबरा विधायक ने किया स्थल सर्वे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के बाघारेवा क्षेत्र में सोलर प्लांट स्थापित करने की तैयारी तेज हो गई है। इसी कड़ी में ओबरा विधायक डॉ. प्रकाश चन्द्रा ने प्रस्तावित स्थल का सर्वे कर जमीन को लीज पर लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया गया है कि यह सोलर प्लांट निजी स्तर पर लगाया जाएगा, जिसके माध्यम से आम लोगों को सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध कराने की योजना है। सरकार की महत्वाकांक्षी सोलर परियोजना के तहत इस प्रकार के प्लांट लगाने पर अनुदान भी दिया जाता है। प्रदेश के कई इलाकों में सोलर प्लांट स्थापित कर रोजगार



सृजन की दिशा में सार्थक पहल की जा रही है। बाघारेवा में सोलर प्लांट लगने से स्थानीय लोगों को ऊर्जा आपूर्ति के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर मिलने की उम्मीद है। स्थल निरीक्षण के दौरान अमझरशरीफ गांव में युवाओं ने विधायक डॉ. प्रकाश चन्द्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक ने भी युवाओं का आभार जताते हुए कहा कि उन पर सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी इमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर समाजसेवी कौशल शर्मा, शाहिद परवेज, सनोज मालाकार, प्रदीप कुमार, सैयद तकी इमाम, मोहम्मद फिरदोश, मोइज कुरैशी सहित कई युवा मौजूद थे।

# इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए एमयू के चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर**। विश्वविद्यालय मुंगेर के स्पोर्ट्स कैलेंडर 2025 -2026 के अनुसार इंटर कॉलेज बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन आरडी एंड डीजे कॉलेज द्वारा नवंबर 28 से नवंबर 29, 2025 तक किया गया। यह ज्ञातव्य है कि आरडी एंड डीजे कॉलेज के प्राचार्य प्रो डॉ बिजेंद्र कुमार के नेतृत्व में बॉव्यज कॉमन रूम के न्यू बैडमिंटन कोर्ट पर दो दिवसीय टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया। पुरुष वर्ग में डीएसएम कॉलेज झाझा विजेता रहा जबकि महिला वर्ग में जेआरएस कॉलेज विजेता रही। जबकि दोनों ही वर्ग में आरडी एंड डीजे कॉलेज उपविजेता रहा। आरडी एंड डीजे कॉलेज, मुंगेर के स्पोर्ट्स सेक्रेटरी मुनींद्र कुमार सिंह ने बताया कि ईस्ट जोन का इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन संबलपुर यूनिवर्सिटी उड़ीसा में किया जाएगा। पुरुष बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन 17 दिसंबर से 21 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा जबकि महिला वर्ग का इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन टूर्नामेंट 20 दिसंबर से 24 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। मुंगेर विश्वविद्यालय के इंटर कॉलेज टूर्नामेंट के सफल आयोजन के बाद आज पुरुष और महिला वर्ग के चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी गई है। सिलेक्शन कमेटी में चीफ रेफरी के रूप में मुंगेर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के वीरेंद्र भारती, चयनकर्ता के रूप में बीआरएम कॉलेज के डॉ रामरेखा, आब्जर्वर के रूप में मुंगेर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ शहीद राजा जमाल और आरडी एंड डीजे कॉलेज के कीड़ा सचिव मुनींद्र कुमार सिंह थे।







पुरुष वर्ग में चयनित खिलाड़ियों की सूची

उत्सव कुमार - डीएसएम कॉलेज झाझा

आकाश कुमार -डीएसएम कॉलेज झाझा

महमूद आलम-आरडी एंड डीजे कॉलेज, मुंगेर

फरहान अख्तर-आरडी एंड डीजे कॉलेज, मुंगेर

कुमार शुभम प्रकाश- केएसएस कॉलेज लखीसराय

उमंग शर्मा - केएसएस कॉलेज लखीसराय

अनिमेष कुमार झा- आरएस कॉलेज तारापुर

जेआरएस कॉलेज से सूरज कुमार और कोशी कॉलेज खगड़िया से कुमार शुभम दीप को स्टैंड बाय में रखा गया है।

इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट के लिए महिला वर्ग के चयनित खिलाड़ियों की सूची

गुड़िया कुमारी-जेआरएस कॉलेज जमालपुर

रिया बनर्जी -जेआरएस कॉलेज जमालपुर

ईंशा खान -आरडी एंड डीजे कॉलेज, मुंगेर

तेजस्विता कुमारी -आरडी एंड डीजे कॉलेज, मुंगेर

आदित्या श्रीवास्तव - डीएसएम कॉलेज झाझा

महिला कॉलेज खगड़िया से लवली कुमारी और चिंकी कुमारी को स्टैंडबाई में रखा गया है। सिलेक्शन कमिटी और मुंगेर विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स सेक्रेट्री डॉक्टर संजय मांझी ने इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए विश्वविद्यालय स्तरीय 10 दिन के कैंप करने का सुझाव दिया है ताकि खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखारा जा सके और टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन हो सके। चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी होने के बाद मुंगेर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रो डॉ महेश्वर मिश्रा ने कहा कि खिलाड़ियों को ससमय सुविधा प्रदान की जाएगी। मुंगेर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ घनश्याम राय ने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत और अभ्यास करना चाहिए। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ संजय कुमार ने कहा कि पिछले वर्ष क्रिकेट में मुंगेर विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था, उम्मीद है कि बैडमिंटन के खिलाड़ी भी इस्ट जोन के इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में भी मुंगेर विश्वविद्यालय की एक पहचान बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को बधाई भी दिया।

## प्रो. फारूक़ी ने फुलवारी में असगरिया सिलाई केंद्र का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ**। नॉलेज एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के तहत संचालित असगरिया सिलाई केंद्र, पेट्रोल लाइन ईसापुर का अवलोकन जामिया हमदर्द, नई दिल्ली के पूर्व कुलपति और जाने-माने शिक्षाविद–सामाजिक चिंतक प्रोफेसर सैयद अली अहमद फारूक़ी ने किया। उन्होंने केंद्र की व्यवस्था, प्रशिक्षण सुविधाओं और महिलाओं को कौशलयुक्त बनाने की पूरी प्रक्रिया का बारीकी से अध्ययन किया। निरीक्षण के बाद प्रो. फ़ारूकी ने कहा कि इस ट्रस्ट द्वारा चलाया जा रहा प्रशिक्षण केंद्र न केवल जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है, बल्कि क्षेत्र के कमजोर वर्गों के लिए भी उम्मीद का मज़बूत आधार बन रहा है। उन्होंने ट्रस्ट के अध्यक्ष मुफ़्ती जमालुद्दीन क़ासमी की समर्पित कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि समाजसेवा के प्रति उनका निस्वार्थ प्रयास प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। मौके पर मुफ़्ती जमालुद्दीन क़ासमी ने प्रोफेसर फ़ारूक़ी के आगमन और उत्साहवर्धन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि ट्रस्ट का लक्ष्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों, विशेषकर महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि प्रो. फारूक़ी की यात्रा हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है और हमारे संकल्प को और मजबूत बनाती है। कार्यक्रम में मौलाना मुहम्मद रज़ा उल्लाह क़ासमी, खालिद हुसैन समेत कई सम्मानित व्यक्तियों की उपस्थिति रही।




## हथियार एवं हत्या का प्रयास समेत विभिन्न मामलों में तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मसौढ़ी। धनरूआ पुलिस ने फरार चल रहे अपराधियों के खिलाफ धर पकड़ अभियान के तहत बीते दो दिनों से चलाया जा रहे अभियान के दौरान हथियार, गोलीबारी एवं हत्या का प्रयास समेत कई मामलों में वांछित तीन अपराधी को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा विभिन्न मामलों में फरार चल रहे चार वारंटी को भी गिरफ्तार किया है।। ऐसे में धनरूआ थाना क्षेत्र के चकजोहरा गांव से हथियार के मामले में सोनू कुमार पिता संजीव प्रसाद को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा धर्मेंद्र बिंद पिता स्वर्गीय विमल बिंद को हत्या के प्रयास मामले में नुसरतपुर गांव से गिरफ्तार किया है।वही गोपाल पासवान यादव जगदीश यादव को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा फरार वारंटियों में कैलेंद्र यादव चकजोहरा, शंभू प्रसाद लछूबिगहा, रामप्रवेश यादव छोटकी धमौल और कांति यादव को रसूलपुर गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## मसौढ़ी अनुमंडल के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी एक दिसंबर से हड़ताल पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। बिहार राज्य सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संघ के आह्वान पर सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संवर्ग के सभी अधिकारी अपने विभिन्न लंबित मांगों के समर्थन में 1 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। राज्य के सभी सहकारिता पदाधिकारी इस हड़ताल में शामिल होंगे। सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संघ जिला इकाई के अध्यक्ष शशि कुमार सिंह ने इस संबंध में बताया कि पूर्व में हमारे संवर्ग के अधिकारियों की वाजिब मांगों को लेकर विभाग को ज्ञापन सौंपा गया है लेकिन विभाग द्वारा इन मांगों पर संज्ञान नहीं लिए जाने से नाराज सहकारिता प्रसाद पदाधिकारी संघ व इससे जुड़े अधिकारियों को अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए बाध्य होना पड़ा है। संघ से जुड़े अधिकारियों बताया कि सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों के सामूहिक हड़ताल पर जाने से धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया प्रभावित होगी। वहीं फरवरी 2026 में होने वाले पैक्स निर्वाचन की प्रक्रिया भी प्रभावित होगी। अपने प्रमुख मांगों के संबंध में बताया कि धान अधिप्राप्ति में निर्दोष सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई पर रोक, संवर्ग को राजपत्रित किये जाने, सहकारिता प्रसाद पदाधिकारियों को वाहन उपलब्ध कराये जाने, पैक्स स्तर पर दक्ष कर्मी बहाल किये जाने, प्रखंड स्तर पर सहकारिता भवन का उपलब्धता, सहायक निबंधक पद को प्रोन्नति से भरे जाने सहित अन्य संवर्ग के समतुल्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्रमुख मांगों में शामिल हैं। मसौढ़ी मंडल से मसौढ़ी प्रखंड से लाल राजीव रंजन, धनरूआ प्रखंड से विकास कुमार और पुनपुन प्रखंड से अमरेंद्र और विपिन कुमार भी शामिल हैं।





## बच्चों में शिक्षा की अलख जगा रहा दाउदपुर का शिक्षालय ज्ञान कुटीर

### संविधान दिवस के मौके पर हुई शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। दलित वंचितों एवं असंगठित कामगार मजदूर के बच्चों के बीच शिक्षा का अलख जाग रहा है मसौढ़ी के दाउदपुर मोहल्ले में शुरू हुआ शिक्षालय, ज्ञान कुटीर, जो डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय में शुरुआत की गई है। जहां न केवल उन बच्चों में शिक्षा का अलख जाग रहा है बल्कि उनके भविष्य के संवारने की कोशिश की जा रही है। दरअसल 26 नवंबर यानि संविधान दिवस के मौके पर यह पहल की शुरुआत की गई है। इसके संयोजक धर्मेंद्र रंगकर्मी ने बताया कि निर्धन बच्चों के पढ़ने का सपना पूरा करने के लिए यह ज्ञान कुटीर समर्पित है। जो गरीब बच्चों का भविष्य संवारने के लिए निःशुल्क शिक्षा का ज्ञान वितरण कर देश के उज्वल भविष्य, विकास और प्रगति में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बच्चों के बीच पढ़ा रहे ज्ञान कुटीर के सचिव धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि यह हमारा सपना था कि हम बच्चों को निशुल्क शिक्षा देंगे, जिसमें मलिन बस्तियों में पहुंचकर बच्चों को चिन्हित किया,जिसमें इस पाठशाला में करीब 60 बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। फिलहाल तीन शिक्षक हैं जिसमें सिद्धनाथ, मनीष और रागिनी कुमारी है जो निस्वार्थ भाव से गरीब असहाय बच्चो को पढ़ाने में अपना योगदान दें रहे है। संस्था अध्यक्ष ने बताया समाज में ऐसे भी गरीब परिवार है जो गरीबी के चलते अपने बच्चों को पढ़ा नहीं पा रहे इसी को देखते हुए झोपड़पट्टी में रहने वाले बच्चों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया है। हमारा संकल्प है कि समाज के हर उस बच्चे तक शिक्षा पहुंचाई जाए, जो बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने सपना देखा था। इस अभियान में अध्यक्ष सुरेंद्र दास, उपाध्यक्ष राम पुकार, सचिव धर्मेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष सुजीत दास भी शामिल है।



## गांजा व नकद के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**दानापुर**। रूपसपुर ने गुप्त सूचना पर टहल टोला में छापेमारी कर गांजा के खरीद-बिक्री करने वाले दो तस्कर को 260 ग्राम गांजा व 6,765 रूपये के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लक्ष्मण कुमार व कमलदेव राय टहल टोला रूपसपुर निवासी है। थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने बताया कि बीते रात गुप्त सूचना मिला कि टलल टोला में गांजा खरीद-बिक्री किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने टहल टोला में छापेमारी कर 260 ग्राम गांजा के साथ तस्कर कमलदेव राय व लक्ष्मण कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कमलदेव व लक्ष्मण के पास से 6,765 रूपये बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार कमलदेव व लक्ष्मण से पूछताछ के बाद एनडीपीएस के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## मसौढ़ी में उर्दू को बढ़ावा देने का ख्वाब हो रहा धूमिल

### नहीं है ऊर्दू स्कूलों में शिक्षक, कैसे करें नौनिहाल उर्दू की पढ़ाई

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। शिक्षा विभाग की ओर से उर्दू को बढ़ावा देने की योजना अनदेखी के कारण धूमिल होती नजर आ रही है। करीब पांच वर्ष पहले मसौढी अनुमंडल के सभी प्रखंडों में उर्दू को बढ़ावा देने के नाम पर सरकार ने प्राथमिक स्तर से भी हिंदी और अंग्रेजी के साथ-साथ उर्दू भाषा भी पढ़ाने की योजना बनाई थी। इस योजना के तहत प्राइमरी स्कूल एवं मिडिल स्कूलो में भी उर्दू शिक्षक के पद बनाए गए थे। कक्षाओं के हिसाब से उर्दू का पाठयक्रम व पुस्तकें स्कूलों में भेजी जानी थी, लेकिन इस सारी कवायद के बाद भी उर्दू भाषा को कोई बढ़ावा नहीं मिला। उदाहरण के तौर पर मसौढी प्रखंड में मात्र छह उर्दू स्कूल हैं। जिसमें दो उत्क्रमित मध्य विद्यालय हैं और चार प्राइमरी स्कूल हैं,ऐसे में उत्क्रमित मध्य विद्यालय मलिकाना में कक्षा 1 से 5 तक सिर्फ एक शिक्षक हैं। जबकि उर्दू भाषी छात्र-छात्रा 458 हैं। उर्दू प्राथमिक विद्यालय रहमतगंज में तीन शिक्षक हैं और छात्र-छात्राओं की संख्या 133 है। ऊर्दू प्राथमिक विद्यालय दनाडा में मात्र एक शिक्षक हैं छात्रों की संख्या 100 से ऊपर है। उर्दू प्राथमिक विद्यालय नदौल में भी मात्र एक या दो शिक्षक हैं और छात्रों की संख्या 50 से अधिक हैं। वहीं ऊर्दू प्राथमिक विद्यालय लखनौर में मात्र दो शिक्षक हैं बच्चों की संख्या 50 से अधिक हैं। उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय पीपला में तीन शिक्षक हैं और बच्चे 166 है। बहरहाल वर्षों से शिक्षकों की कमी के कारण बच्चे अपनी मातृभाषा की पढ़ाई सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। उत्क्रमित मध्य विद्यालय उर्दू मालिकाना के छात्राओं में शायरा प्रवीण, खुशी प्रवीण, सुल्ताना प्रवीण, नाजिया प्रवीण,आसफा हसनैन आदि छात्राओं ने कहा कि हमें उर्दू पढ़ने की बहुत इच्छा होती है, लेकिन शिक्षक न होने की वजह से हम सही तरह से सीख नहीं पाते। अगर स्कूल में उर्दू शिक्षक होते तो हम उर्दू अच्छे से पढ़ पाते, हमारे माता-पिता चाहते हैं कि हम उर्दू पढ़ें, लेकिन स्कूल में पढ़ाई न होने से हमें दिक्कत होती है। प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद अशरफ परवेज ने कहा हमारे विद्यालय में 2007 से ही शिक्षक नहीं है जबकि पढ़ने वाले मुस्लिम छात्रों की संख्या 400 से अधिक है। प्राइमरी सेक्शन में सिर्फ एक ही शिक्षक हैं जबकि कक्षा चार से आठवां तक एक भी शिक्षक नहीं है।




## मिशन नौनिहाल सम्मान मुहिम ने शिक्षा व नशामुक्ति का दिया मजबूत संदेश

### छोड़ो शराब,पकड़ो किताब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ**। संपतचक प्रखंड के भोगीपुर (एकतापुरम) में "छोड़ो शराब–पकड़ो किताब" अभियान के तहत विद्यार्थी चिंतन–संकल्प कार्यक्रम आयोजित हुआ। मिशन नौनिहाल सम्मान द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में बच्चों ने शराबबंदी के समर्थन में नारे लगाए और नशामुक्त समाज के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सावित्रीबाई फुले एवं बाबा साहब डॉ। भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सावित्रीबाई फुले के शिक्षा–समता के आदर्शों को याद करते हुए बच्चों को नशा छोड़कर किताब अपनाने का संदेश दिया गया। मौके पर बच्चों के बीच निःशुल्क पठन–पाठन सामग्री का वितरण किया गया। संस्थापक सुखदेव बाबू ने संबोधन में कहा "जब बच्चे किताब से जुड़ेंगे, तभी परिवार, समाज और देश स्वस्थ व सशक्त बन सकेगा।" सामाजिक कार्यकर्ता बिनेश पासवान ने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो बच्चों को जागरूक बनाकर समाज को सही दिशा देती है। कार्यक्रम की शुरुआत सावित्रीबाई फुले और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को पुष्प अर्पित कर हुई। बच्चों के बीच अध्ययन सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम में निःशुल्क कोचिंग देने वाली तृषा कुमारी पासवान, मिन्ता कुमारी पासवान, अनिषा कुमारी, तान्या कुमारी, स्वीटी कुमारी, शिल्पी कुमारी, रंजीत कुमार, राज कुमार, आकांक्षा कुमारी, रिसु कुमारी, सुन्दरी कुमारी, मोनी कुमारी सहित अनेक छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। अभिभावकों में बबीता देवी, पिंकी देवी, लालमोहन पासवान, हीरा पासवान, पेड़ा पासवान, शुशीला देवी, मनोज पासवान आदि उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षा, सामाजिक समरसता और नशा मुक्ति को प्राथमिकता बनाने का संकल्प लिया।




## विभिन्न मामलों में चार अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी**। फरार अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लहसुना पुलिस ने बीते शनिवार की देर शाम को विभिन्न इलाकों में छापेमारी करते हुए चार अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिसमें थाना क्षेत्र के निशियावां पंचायत के विलेनचक गांव से हत्या के प्रयास मामले में कर्मवीर कुमार पिता स्वर्गीय भुवनेश्वर बिंद को गिरफ्तार किया है। दरअसल बीते 14 अक्टूबर 2025 को उस्मान चक में आपसी विवाद में मारपीट की घटना हुई थी जिसमें तकरीबन 12 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले फरार कर्मवीर की गिरफ्तारी की गई है। इसके अलावा मध निषेध मामले में राहुल कुमार पिता नागेश्वर सिंह के अलावा सुनील पासवान पिता जोगेंद्र पासवान कराय गांव से और नगीना पासवान पिता देवशरण पासवान कराय गांव से गिरफ्तार किया गया है।

## रामकृष्ण नगर के आदर्श विहार में चौथी बाइक चोरी, निवासी दहशत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ**। रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के आदर्श विहार रोड नंबर-2 में बाइक चोरी की घटनाओं ने स्थानीय लोगों की नींद उड़ा दी है। शुक्रवार की रात मकान संख्या 31/B के नीचे से होंडा शाइन मोटरसाइकिल असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी कर ली गई। बाइक मालिक सुरेश प्रसाद ने बताया कि उनकी गाड़ी रात 9:10 बजे के आसपास गायब हुई। पीड़ित ने रामकृष्ण नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन मोहल्लेवासियों का आरोप है कि पुलिस कार्रवाई धीमी है और गश्ती पर्याप्त नहीं हो रही। पुलिस को चोरी का सीसीटीवी फुटेज भी सौंपा गया है, जिसमें दो युवक गली में घूमते हुए नजर आए और फिर उसी दिशा से चोरी कर मोटरसाइकिल लेकर भागते दिखाई दिए। इससे पहले भी इसी इलाके में लगातार तीन मोटरसाइकिलें चोरी हो चुकी हैं, जिससे मोहल्ले में डर और असुरक्षा का माहौल बन गया है।अगर सुरक्षा व्यवस्था सुधारी नहीं गई, तो रात के समय घरों से बाहर निकलना लोगों के लिए जोखिम भरा हो जाएगा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि देर रात संदिग्ध युवकों की आवाजाही बढ़ गई है, और लोग रात में घरों से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों को घर में ही सुरक्षित रहने को कहा जा रहा है, जिससे रोजमर्रा की गतिविधियाँ भी प्रभावित हो रही हैं। इससे पहले तार चोरी की घटना भी लगातार हो हो रही थी। इस स्थिति के मद्देनजर मोहल्ले के लोगों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि यदि थानाध्यक्ष गश्ती बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई नहीं करते हैं, तो पूरा मोहल्ला सीनियर पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर मामला उठाएगा।




## नाटक ने दिया संदेशः ठंड में लापरवाही पड़ सकती है जानलेवा

### मरीजों एवं बुजुर्गों को हार्ट अटैक और ब्रेन हेमरेज के बढ़ते खतरे से कलाकारों ने नाटक के जरिए किया बचाव के लिए जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ**। सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच के साप्ताहिक नुक्कड़ नाटक श्रृंखला के तहत महेश चौधरी द्वारा लिखित और मिथिलेश कुमार पांडे द्वारा निर्देशित नाटक "शीतलहर हावा हऊवे जानलेवा" का मंचन वाल्मी फुलवारी शरीफ में किया गया। इसमें कलाकारों ने ठंड के मौसम में लोगों को बीमारियों एवं शुगर बीपी ऊपर नीचे होने से जान जोखिम से बचाव के लिए जागरूक किया है। कार्यक्रम की शुरुआत अमन कुमार के स्वरबद्ध गीत "वहे शीत लहर हावा हऊवे जान लेवा, ये मोरा भईया हो" से हुई। नाटक के माध्यम से दर्शकों को ठंड के मौसम में बरती जाने वाली सावधानियों पर जागरूक किया गया। नाटक में बताया गया कि अत्यधिक ठंड की वजह से बीपी और शुगर से पीड़ित मरीजों एवं बुजुर्गों को हार्ट अटैक और ब्रेन हेमरेज का खतरा काफी बढ़ जाता है। ब्लड प्रेशर बढ़ने से भी हार्ट अटैक और ब्रेन हेमरेज की संभावनाएं बढ़ती हैं। साथ ही गलत तरीके से स्नान करना भी खतरनाक साबित हो सकता है — इसलिए नहाते समय सबसे पहले सिर पर पानी नहीं डालें, बल्कि पैरों से शुरुआत करें। शरीर का तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए घर से बाहर निकलते समय ऊनी और गर्म कपड़े पहनने की अपील की गई। नाटक में महेश चौधरी, अमन कुमार, करण कुमार, नमन कुमार, देव दर्शन और अंजनी कुमार वर्मा ने अभिनय किया।



## यात्रियों से भरा मालवाहक टेंपो पलटा, आधा दर्जन घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी/पटना**। धनरूआ थाना क्षेत्र के साई के पास मंगलवार की शाम एक भीड़भाड़ से भरा मालवाहक टेंपो अचानक पलट गया, जिसमें लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। हादसे में दो बच्चियां, तीन महिलाएं और अन्य यात्री चोटिल हुए हैं। टेंपो चालक नीतीश कुमार और एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, साई के पास स्थित सरकारी विद्यालय में निर्माण कार्य जारी था। उसी समय जेसीबी मशीन से बालू-गिट्टी उठाने का काम हो रहा था। इसी दौरान मसौढ़ी की ओर से आ रहा यात्रियों से भरा टेंपो जेसीबी से टकरा गया। टक्कर के बाद वाहन अनियंत्रित होकर आगे बढ़ा और डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गया। पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही धनरूआ थाना की डायल-112 गाड़ी मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को धनरूआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार, गंभीर रूप से घायल चालक नीतीश कुमार, एक बच्ची और एक महिला को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का उपचार धनरूआ अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त टेंपो को जब्त कर थाने में जमा करा दिया है। बताया जाता है कि सभी यात्री मसौढ़ी के मणीचक से शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर देवधा लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

# एचपीसीए ने मंडी की लेडी कांस्टेबल नेहा सैनी को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी



**देहरादून (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश पुलिस की महिला कांस्टेबल नेहा सैनी ने एक बार फिर खेल जगत में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। एसपी ऑफिस मंडी में तैनात नेहा सैनी को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) की महिला अंडर-19 टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। मंडी (रजनीश)ः हिमाचल प्रदेश पुलिस की महिला कांस्टेबल नेहा सैनी ने एक बार फिर खेल जगत में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। एसपी ऑफिस मंडी में तैनात नेहा सैनी को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) की महिला अंडर-19 टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। नेहा सैनी 30 नवम्बर से 22 दिसम्बर तक देहरादून और लखनऊ में आयोजित होने वाले बीसीसीआई महिला अंडर-19 नैशनल वन डे मैचों में टीम का नेतृत्व करेंगी।

सुंदरनगर की रहने वाली नेहा सैनी का क्रिकेट से नाता काफी पुराना है। उन्होंने बताया कि जब वर्ष 2006 में हिमाचल में महिला क्रिकेट की शुरूआत हुई थी, तब उन्होंने खेलना शुरू किया था। वह 2006 से 2011 तक एक सक्रिय खिलाड़ी के रूप में मैदान पर डटी रहीं। खेल के प्रति उनके समर्पण के साथ-साथ उन्होंने देश सेवा को भी चुना और 2010 में पुलिस विभाग ज्वाइन किया। हालांकि, खाकी वर्दी पहनने के बाद भी उनका क्रिकेट प्रेम कम नहीं हुआ। क्रिकेट के मैदान पर अपने अनुभव का लाभ अब वे नई पीढ़ी को दे रही हैं। नेहा 2023 से लगातार एचपीसीए की महिला अंडर-19 और अंडर-23 टीमों के साथ बतौर मैनेजर जुडी हुई हैं। वहीं अब एक बार फिर उन्हें हिमाचल महिला क्रिकेट टीम की कमान सौंपी गई है। इस दौरे का पूरा खर्च हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा उठाया जाएगा। वहीं नेहा सैनी ने एसपी मंडी साक्षी वर्मा, डीएसपी हैडक्वार्टर मंडी दिनेश कुमार, मंडी क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राणा और सचिव अभिनव गुलेरिया का आभार जताते हुए कहा कि पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों और क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन के कारण ही वह अपनी ड्यूटी के साथ-साथ खेल के प्रति अपने जुनून को जीवित रख पाई हैं। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी और टीम को बेहतरीन मार्गदर्शन देकर प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

# टी20 सीरीजः लिटन दास की कप्तानी पारी, बांग्लादेश ने आयरलैंड को 4 विकेट से हराया

**चटगांव, एजेंसी।** बांग्लादेश ने सीरीज के दूसरे टी20 मुकाबले में आयरलैंड को 4 विकेट से हरा दिया है। जीत के साथ बांग्लादेश ने सीरीज 1-1 से बराबर कर दी है। बीर श्रेष्ठो फ्लाइट लेफ्टिनेंट मतिउर रहमान क्रिकेट स्टेडियम, चटगांव में खेले गए मुकाबले में बांग्लादेश को जीत के लिए 171 रन की जरूरत थी जिसे टीम ने आखिरी ओवर की चौथी गेंद पर हासिल कर लिया। 171 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी बांग्लादेश के लिए कप्तान लिटन दास ने अर्धशतक लगाया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे दास ने 37 गेंद पर 3 छक्के और 3 चौकों की मदद से 57 रन की धमाकेदार पारी खेली। लिटन दास ने दूसरे विकेट के लिए परवेज हुसैन इमोन के साथ 60 और तीसरे विकेट के लिए सैफ हसन के साथ 52 रन की साझेदारी की। इन दोनों साझेदारियों का टीम की जीत में अहम योगदान रहा था। 138 रन के स्कोर पर बांग्लादेश का तीसरा विकेट गिराने के बाद आयरलैंड ने वापसी की कोशिश की और अगले 19 रन के अंदर 3 विकेट गिराए, लेकिन मोहम्मद सैफुद्दीन ने 7 गेंद पर 17 और मेहदी हसन ने 3 गेंद पर 6 रन बनाकर टीम को 2 गेंद पहले जीत दिला दी। बांग्लादेश ने 19.4 ओवर में 6 विकेट पर 174 रन बनाकर मैच 4 विकेट से जीता। परवेज हुसैन इमोन ने 28 गेंद पर 43 और सैफ हसन ने 22 रन बनाए। आयरलैंड के लिए मार्क अडेयर और गारेथ डेल्ने ने 2-2 विकेट लिए।

# विराट कोहली ने 52वां शतक जड़कर रचा हैरतअंगेज इतिहास


## टूट गया सचिन तेंदुलकर का महारिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली अपने करियर के उस फेज हैं, जब भी वह मैदान पर उतरते हैं तो रिकॉर्ड्स बनते और टूटते हैं। कुछ ऐसा ही रविवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में भी देखने को मिला। कोहली ने रांची के मैदान पर 102 गेंदों में 100 रन कंप्लीट किए और कीर्तिमानों की झड़ी लगा दी। यह उनके वनडे करियर का 52वां शतक था। कोहली ने हैरतअंगेज इतिहास रच डाला है। वह एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक सेंचुरी जमाने वाले वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का महारिकॉर्ड तोड़ डाला है। सचिन ने अपने करियर में टेस्ट फॉर्मेट में 51 शतक जड़े। बता दें कि कोहली 2023 में सचिन को पछाड़कर वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक मारने वाले क्रिकेटर बन थे। सचिन ने वनडे में 49 सेंचुरी लगाईं। 37 वर्षीय कोहली ने सचिन का एक और ध्वस्त किया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे मैचों में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले भारतीय प्लेयर बन गए हैं। वह अभी तक 32 मैचों में 6 शतक लगा चुके हैं। वहीं, महान बल्लेबाज सचिन ने साउथ अफ्रीका के विरुद्ध 57 वनडे मैचों में पांच शतक ठोके थे। इसके अलावा, कोहली घरेलू मैदान पर वनडे में सबसे ज्यादा पचास प्लस स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन चुके हैं। उन्होंने साथ ही घर पर 100 बार पचास प्लस स्कोर बनाने का कारनामा अंजाम दिया है।

# रोहित बने वनडे में सिक्सर किंग

## शाहिद अफरीदी के रिकॉर्ड की धज्जियां उड़ाकर बनाया विश्व कीर्तिमान



**रांची (एजेंसी)।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेला जा रहा है। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। वहीं रोहित शर्मा बने वनडे में सिक्सर किंग बन गए उन्होंने शाहिद अफरीदी के रिकॉर्ड की धज्जियां उड़ाकर विश्व कीर्तिमान अपने नाम कर लिया था। भारतीय टीम ने 32 ओवर में 4 विकेट पर 208 रन बना लिए थे। विराट कोहली ने शानदार शतक लगाया। ऋतुराज गायकवाड (8 रन) को ओटनिल बार्टमैन ने डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। रोहित शर्मा (51 बॉल पर 57 रन) को मार्को यानसन ने एलबीडब्ल्यू किया। यशस्वी जायसवाल 18 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नांद्रे बर्गर ने विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक के हाथों कैच कराया। टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। रोहित अब वनडे क्रिकेट में 352 छक्कों के साथ इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले क्रिकेटर बन गए हैं। रोहित को इस मैच से पहले ये रिकॉर्ड बनाने के लिए 3 छक्कों की जरूरत थी। रोहित ने इस मामले में पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी (351) को पीछे छोड़ दिया है जो इससे पहले वनडे इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के (351) मारने वाले खिलाड़ी थे।

● **CSK की पोस्ट पर दिया भावुक संदेश**

# फाफ डु प्लेसिस ने IPL को कहा अलविदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस ) ने इंडियन प्रीमियर लीग से अपना सफर आधिकारिक तौर पर खत्म कर दिया है। उन्होंने आईपीएल 2026 की नीलामी में पंजीकरण न कराने का फैसला किया है और अब वे पाकिस्तान सुपर लीग में नया अध्याय शुरू करने जा रहे हैं। इसी के साथ में उनके 14 साल लंबे करियर पर विराम लग गया।

डु प्लेसिस ने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए नौ मैचों में हिस्सा लिया था। इससे पहले वे चेन्नई सुपर किंग्स, राइजिंग पुणे सुपरजायंट, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान के रूप में और कई यादगार भूमिकाओं में नजर आए।

फाफ के नीलामी से हटने के बाद सीएसके ने अपने पूर्व सितारे को एक खास श्रद्धांजलि दी, जिसमें उनके चैंपियनशिप योगदान और शीर्ष क्रम पर निभाई महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया गया।

इस पोस्ट पर फाफ भावुक हो गए और कहा, 'मैंने हमेशा सोचा था कि मेरा अंत



पीले जर्सी में ही होगा।' 'व्हिसल पोड़ू' फैन्स के साथ उनका यह रिश्ता आईपीएल इतिहास की सबसे भावुक खिलाड़ी-फ्रेंचाइज़ी बॉन्डिंग में से एक रहा है। आईपीएल

रिपोर्ट्स के अनुसार, डु प्लेसिस पीएसएल को एक नया चैलेंज मानते हैं। उन्होंने आईपीएल से दूरी को 'अंतिम विदाई' नहीं बताया, बल्कि भविष्य में लौटने की संभावना को खुले रूप में छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि यह उनके करियर का बड़ा फैसला है, लेकिन आईपीएल के दरवाजे हमेशा पूरी तरह बंद नहीं हैं। 14 सीज़न में फाफ ने कई मैच विजयी पारियां खेलीं और आईपीएल को कई यादगार लम्हें दिए।

# आंद्रे रसेल ने आईपीएल से लिया संन्यास

## केकेआर के साथ नई भूमिका में आएंगे नजर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग के सबसे विस्फोटक ऑलराउंडर्स में से एक, आंद्रे रसेल ने आखिरकार आईपीएल से संन्यास की घोषणा कर दी। 12 सीज़न तक अपनी धमाकेदार हिटिंग, तेजतर्रार गेंदबाजी और मैच-बदलू प्रदर्शन से लीग में अपनी पहचान बनाने वाले रसेल अब ञ्चयञ्जक्रके सपोर्ट स्टाफ में 'पावर कोच' की नई भूमिका निभाएंगे। 37 वर्षीय कैरेबियाई स्टार ने 2014 से कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए कई यादगार जीत दिलाई और अब वे उसी फ्रेंचाइज़ी के साथ नए सफर की शुरुआत करने जा रहे हैं। यह फैसला उन्होंने मिनी ऑक्शन से ठीक पहले किया।

**रसेल ने कहा आईपीएल को अलविदा, लेकिन केकेआर को नहीं**

रसेल ने अपने आधिकारिक ङ्ग पोस्ट में भावुक संदेश साझा करते हुए बताया कि वे आईपीएल से रिटायर हो रहे हैं, लेकिन दुनिया की अन्य टी20 लीग में खेलना जारी रखेंगे। उन्होंने मजाकिया अंदाज़ में लिखा कि वे 'स्वैग से रिटायर नहीं हो रहे।'

इसके साथ ही उन्होंने यह साफ कर दिया कि वे केकेआर परिवार का हिस्सा बने रहेंगे– बस अब खिलाड़ी नहीं, बल्कि कोच के रूप में। उनके अनुसार, 'यह मेरा घर है, और मैं 2026 से केकेआर के पावर कोच के रूप में वहीं रहूंगा। नया रोल, वही ऊर्जा। '

**पोलार्ड के रास्ते पर चले रसेल—अब कोच की भूमिका**

आंद्रे रसेल के इस फैसले से वे वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड की राह पर चलते दिखाई देते हैं। पोलार्ड मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच हैं, जबकि दुनिया की अन्य टी20 लीग में सक्रिय भी हैं। रसेल ने कहा कि वे आईपीएल में अपनी चमक फीकी होने से पहले ही एक मजबूत विरासत छोड़ना चाहते थे और इसी कारण यह निर्णय सही लगा। उन्होंने कहा, 'मैं नहीं चाहता था कि लोग कहें कि मुझे यह फैसला सालों पहले कर लेना चाहिए था। रिटायरमेंट तब अच्छा लगता है जब लोग पूछें– 'क्यों? तुम अभी भी खेल सकते थे।' '

**केकेआर मैनेजमेंट से लंबी बातचीत के बाद आया फैसला**

रसेल ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने केकेआर के वेंकी मैसूर और टीम मालिक शाहरुख खान से इस नए रोल पर विस्तार से चर्चा की।

उनका कहना है कि फ्रेंचाइज़ी ने हमेशा उनका सम्मान किया और वे ऐसे वातावरण को छोड़ना नहीं चाहते थे। रसेल ने कहा, 'जब मैंने 'पावर कोच' के पद के बारे में सुना, तो लगा यह मेरे खेलने की शैली और मेरी ऊर्जा को सबसे बेहतर परिभाषित करता है।' उनका विश्वास है कि वे ञ्चयञ्जक्रके युवा खिलाड़ियों को पावर-हिटिंग और ऑलराउंड स्किल्स में काफी कुछ सिखा सकेंगे।




**अभिषेक शर्मा की तूफानी पारी**

# टी20 क्रिकेट में लगाया तीसरा सबसे तेज शतक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पंजाब के विस्फोटक ओपनर अभिषेक शर्मा ने एक बार फिर अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार नमूना पेश किया। सिर्फ 12 गेंदों पर अर्धशतक लगाने वाले अभिषेक ने 32 गेंदों में सेंचुरी जड़कर घरेलू टी20 क्रिकेट में तहलका मचा दिया। हालांकि वे पुरुषों के टी20 क्रिकेट का सबसे तेज शतक बनाने का विश्व रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए, लेकिन भारतीय क्रिकेट में यह पारी उन्हें एक नई ऊंचाई पर ले जाती है। अभिषेक ने अपनी पारी के दौरान 11 छक्के और 7 चौके लगाए जबकि पंजाब ने टूर्नामेंट इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा टीम स्कोर खड़ा किया।

**अभिषेक शर्मा का धमाका—32 गेंदों में सेंचुरीः** अभिषेक शर्मा अपनी अग्रेसिव बैटिंग स्टाइल के लिए जाने जाते हैं और इस मैच में उन्होंने इसे एक बार फिर साबित कर दिया। शुरुआती ओवर से ही उन्होंने गेंदबाजों पर हावी होकर खेलना शुरू किया और जल्दी ही पावरप्ले में मैच का रुख बदल दिया। 32 गेंदों में 11 छक्के और 7 चौकों की मदद से उन्होंने अपना शतक पूरा किया। यह पारी सिर्फ आक्रामक नहीं, बल्कि पूरी तरह नियंत्रित भी रही, जहां हर शॉट योजना के साथ खेला गया।

**विश्व रिकॉर्ड से केवल 5 गेंद दूर रहे अभिषेक :** भले ही अभिषेक की शतकीय पारी यादगार रही हो, लेकिन वे पुरुषों के टी20 इतिहास के सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड से कुछ कदम दूर रह गए।

यह रिकॉर्ड एस्टोनिया के बल्लेबाज साहिल चौहान के नाम है जिन्होंने मात्र 27 गेंदों में शतक जड़कर इतिहास बनाया था।

# ला लीगा में बार्सिलोना ने अलावेस को 3-1 से हराया

● **ओल्मो के दो और यामाल ने एक गोल किया; बार्सिलोना पॉइंट टेबल में टॉप पर**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैंप नोउ के स्टेडियम में खेले गए मैच में दानी ओल्मो ने दो गोल किए, जबकि लैमिन यामाल ने टीम के लिए एक गोल दागा। मैच की शुरुआत में अलावेस ने पहले ही मिनट में बढ़त बना ली थी। पहले हाफ में तीन गोल मुकाबले की शुरुआत बार्सिलोना के लिए हैरान करने वाली रही।

पहले ही मिनट में मार्क कासाडो की गलत क्लियरेंस का फायदा उठाकर विक्टर पराडा की पास पर पाब्लो इबानेज ने गोल कर दिया और अलावेस को 1-0 की बढ़त दिला दी।इसके बाद बार्सिलोना ने तेजी से वापसी की और




रफीन्हा के क्रॉस पर यामाल ने बराबरी का गोल किया। हाफ टाइम से पहले दानी ओल्मो ने रफीन्हा की ही सहायता पर गेंद को नेट में पहुंचाकर टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में बार्सिलोना की ओर से एक गोल दूसरे हाफ में यामाल ने एक बार फिर मौका बनाया, लेकिन उनका शॉट पोस्ट से टकरा गया।

# भारत की ओमान पर 17-0 से शानदार जीत, क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाने के करीब



**हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप**

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत ने चेन्नई के एग्मोर में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में अपने दूसरे पूल बी मैच में ओमान को 17-0 से हराकर पुरुषों के हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की। भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में चिली को 7-0 से हराया था। अर्शदीप सिंह (4', 33', 40'), मनमीत सिंह (17', 26', 36') और दिलराज सिंह (29', 32', 58') ने हैट्रिक बनाई, जबकि अजीत यादवल (34', 47'), गुरजोत सिंह (39', 45') और लुवांग थोनाओजम इंगालेम्बा (43', 50') ने दो-दो गोल किए।अ नमोल एक्का (29') और शारदा नंद तिवारी (55') ने मैच के बाकी दो गोल किए।

अर्शदीप ने चौथे मिनट में गोल किया, लेकिन यह पहले क्वार्टर का एकमात्र गोल साबित हुआ, क्योंकि ओमान ने अपनी किस्मत और आखिरी समय में कुछ अच्छे डिफेंस के दम पर स्कोर 1-0 पर बनाए रखा। लेकिन, दूसरे पीरियड में मनमीत सिंह के दो गोल से भारत ने बढ़त बना ली, जिसके बाद दिलराज सिंह और अनमोल एक्का ने हाफ-टाइम तक भारत को 5-0 से आगे कर दिया। भारत ने तीसरे क्वार्टर में जोरदार वापसी की, जिसमें मेज़बान टीम ने मेहमान टीम पर आठ गोल किए, जिसमें मनमीत और अर्शदीप ने अपनी-अपनी हैट्रिक पूरी कीं। भारत ने आखिरी क्वार्टर में भी चार और गोल करके अच्छा प्रदर्शन किया, जब दिलराज सिंह ने 58वें मिनट में अपने हैट्रिक गोल से शानदार स्कोरलाइन को खत्म किया। भारत के पांच गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए, जबकि शारदा नंद तिवारी ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराया। बाकी 11 गोल ओपन प्ले से आए। इस जीत की वजह से, भारत अभी चल रहे जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के ग्रुप बी में बेहतर गोल डिफरेंस के आधार पर टॉप पर है। इस नतीजे का यह भी मतलब है कि अगर भारत मंगलवार को अपने आखिरी ग्रुप बी मैच में स्विट्जरलैंड से हार से बचता है, तो वह पूल विनर के तौर पर सीधे मेन्स हॉकी जूनियर वल्र्ड कप 2025 के क्वार्टर-फाइनल में पहुंच जाएगा। अगर भारत स्विट्जरलैंड से हार जाता है जिसने भी दो मैचों में दो जीत हासिल की हैं, तो उसे क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए छह रनर-अप टीमों में टॉप दो टीमों में शामिल होना होगा।

